PRESS
राष्ट्रीय मुख्यधारा
PRINT | WEB | VIDEO
बोकारो, सोमवार
17.02.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 17

mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

भगदड़ में 18 लोगों की मौत

आर्थिक मदद की घोषणा, राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री सहित सभी प्रमुख हस्तियों ने जताया दुख

एजेंसी। नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में भीड़ के कारण शनिवार रात अचानक भगदड़ मच गई। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं 12 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। भारतीय रेलवे की तरफ से मृतक परिजनों की आर्थिक मदद की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित सभी प्रमुख हस्तियों ने मरने वालों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। शनिवार रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 12, 13, 14, 15 और 16 पर भारी भीड़ के कारण यह हादसा हुआ। दिल्ली पुलिस ने 18 लोगों की मौत की पुष्टि की है जिनमें 14 महिलाएं हैं। एलएनजेपी अस्पताल में 15 और लेडी हार्डिंग अस्पताल में 3 लोगों को मृत घोषित किया गया।आर्थिक मदद की घोषणाभारतीय रेलवे ने मृतक परिजनों के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की है। प्रत्येक मृतक परिजन को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख और मामूली रूप से जख्मी लोगों को एक-एक लाख की आर्थिक सहायता दी

जाएगी। राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने जताया शोकराष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मृतकों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए कहा- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में लोगों की मौत के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर पोस्ट में लिखा- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल शीघ्र स्वस्थ हों। अधिकारी उन सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं जो इस भगदड़ से प्रभावित हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा- दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों को हर संभव इलाज दिया जा रहा है। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए लिखा- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से विनाशकारी खबर। रेलवे प्लेटफॉर्म पर भगदड़ के कारण लोगों की मौत से मैं बेहद दुखी हूं।

मृतकों की पहचान हुई

बक्सर बिहार निवासी आहा देवी (79) , संगम विहार दिल्ली निवासी पिंकी देवी (41), सरिता विहार निवासी शीला देवी (50), बवाना दिल्ली निवासी व्योम (25), बिहार निवासी पूनम (40), बिहार निवासी ललिता देवी (35), मुजफ्फरपुर बिहार निवासी सुरुचि (11), समस्तीपुर बिहार निवासी कृष्णा देवी (40) समस्तीपुर बिहार निवासी विजय साह (15), वैशाली बिहार निवासी नीरज (12), नवादा बिहार निवासी शांति देवी (40), नवादा बिहार निवासी पूजा (8), भिवानी हरियाणा निवासी संगीता मलिक (34), महावीर एन्क्लेव निवासी पूनम (34), नांगलोई दिल्ली निवासी ममता झा (40), सागरपुर दिल्ली निवासी रिया सिंह (7), बिजवासन दिल्ली निवासी बेबी (24) और नांगलोई दिल्ली निवासी मनोज (47) के रूप में हुई है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे पर जताया दुख

नई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना से पूरे देश में मातम को माहौल है। इस दुखद हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति धनखड़ समेत तमाम नेताओं ने गहरा दुख जाहिर किया है। वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने घटना पर दुःख जताते हुए केंद्र सरकार को निशाने पर लिया और असंवेदनशील होने का आरोप लगाया है। शनिवार रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी के बीच हुई भगदड़ में करीब 18 लोगों की मौत हो गई है। कई गंभीर रुप से घायल लोग अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किए गए हैं। इस हादसे के बाद जहां रेलवे विभाग ऐक्शन मोड में हैं, तो वहीं इस हादसे को लेकर देशभर में मातम का माहौल है।

हादसे पर पीएम मोदी ने दुख व्यक्त किया, रेलमंत्री ने भी शोक जताया

नई दिल्ली। बीती रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में करीब 18 लोगों की जान चली गई। इस हादसे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित कई दिग्गजों दुख व्यक्त किया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की और कहा कि अधिकारी इससे प्रभावित सभी लोगों की सहायता में जुटे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ (जैसी स्थिति) से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्दी ठीक हो जाएं।

महाकुंभ- छुट्टी पर जबरदस्त भीड़ आज 60 लाख ने डुबकी लगाई

महाकुंभ- छुट्टी पर जबरदस्त भीड़ आज 60 लाख ने डुबकी लगाई

प्रयागराज। महाकुंभ में आज रविवार की छुट्टी होने के चलते जबरदस्त भीड़ है। मेले के अब 10 दिन बचे हैं। ऐसे में परिवार के साथ बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। शहर में कई जगह जाम लगा है। श्रद्धालुओं के वाहन भी संगम से 10-12 किमी पहले बनाई गई पार्किंग में रोके जा रहे हैं। पार्किंग और स्टेशन से 8 से 10 किमी तक पैदल ही संगम तक जाना पड़ रहा है। प्रशासन ने मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री रोक दी। सभी तरह के पास भी रद्द कर दिए हैं। बावजूद इसके मेले में वीआईपी कल्चर नजर आ रहा है। लोग गाड़ियां से एंट्री कर रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को दिक्कत हो रही है। सीएम योगी भी महाकुंभ पहुंच गए हैं। वह 'जलवायु सम्मेलन' से जुड़े कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट (सदाफल आश्रम) जाएंगे। सेक्टर- 21 स्थित प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल होंगे। इसके अलावा, यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी आज महाकुंभ आएंगे। रविवार को सुबह 10 बजे तक करीब 60 लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। आज महाकुंभ का 35वां दिन है। 13 जनवरी से अब तक 51.47 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। इतिहास में यह सबसे बड़ा आयोजन रिकॉर्ड किया गया। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के साथ महाकुंभ का समापन होगा।

संक्षिप्त समाचार

पाक से कैलिफोर्निया तक कांपी धरती, पीओके में भी आए झटके

इस्लामाबाद। बीते रोज पाकिस्तान में देर रात धरती कांपने लगी। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। कई लोग नींद थे उन्हे जगाया गया और बाहर निकलने को कहा गया। हालांकि कोई क्षति नहीं हुई है। वहीं अमेरिका के कैलिफोर्निया में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। पाकिस्तान के रावलपिंडी और इस्लामाबाद में शनिवार देर रात जब लोग सो रहे थे, तभी भूकंप के कारण धरती हिल गई। पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, भूकंप का केंद्र रावलपिंडी से आठ किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में था। इसकी गहराई 17 किलोमीटर थी। भूकंप का झटका रात 10:48 बजे दर्ज किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक झटके मुरी और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भी महसूस किए गए। झटके के कारण अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक भूकंप के झटकों ने दोनों शहरों में दहशत फैला दी, जिसके बाद लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। इससे पहले नवंबर में भी अफगानिस्तान के दख्शां क्षेत्र में आए भूकंप के झटके खैबर पख्तूनख्वा और इस्लामाबाद के विभिन्न शहरों में महसूस किए गए। कैलिफोर्निया में शुक्रवार शाम 3.7 तीव्रता का भूकंप आया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप रात 11:44 बजे आया।

अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लेने इंडोनेशिया पहुंचे भारतीय नौसेना के जहाज और विमान

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस शार्दुल और लंबी दूरी की समुद्री निगरानी पी-8आई विमान इस समय अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू (आईएफआर) में हिस्सा लेने के लिए इंडोनेशिया के बाली पहुंच गए हैं। प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय नौसैनिक कार्यक्रम की समीक्षा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति करेंगे और इसमें विभिन्न देशों के नौसेना बल भाग लेंगे। इंडोनेशियाई नौसेना का अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू 22 फरवरी तक चलेगा। भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा संगोष्ठी और सामरिक फ़्लोर गेम्स सहित विभिन्न उच्च-स्तरीय कार्यक्रमों में भी भाग लेगी। इसके अतिरिक्त चालक दल बहुराष्ट्रीय गतिविधियों जैसे- शहर परेड, मूंगा और मैंग्रोव पौधरोपण, समुद्र तट की सफाई में भी शामिल होगा, जो पर्यावरण संरक्षण और समुद्री सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। आईएफआर के बाद आईएनएस शार्दुल और पी-8आई अभ्यास कोमोडो में भाग लेंगे। यह बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है, जिसका उद्देश्य समुद्री अंतर-संचालन और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ाना है। भारत और इंडोनेशियाई नौसेना के मजबूत संबंध हैं, क्योंकि पिछले माह जनवरी में इंडोनेशिया में हुए अभ्यास 'ला पेरोस' में आईएनएस मुंबई और पी-8आई विमान ने भागीदारी की थी। इस बार गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो के साथ उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आया था।

स्पीड में चीन के बाहुबली फाइटर जेट का मुकाबला नहीं कर सकता अमेरिका का एफ 35

एजेंसी। नई दिल्ली

चीन ने भी 5वीं जेनरेशन का एयरक्राफ्ट डेवलप किया है। यह एयरक्राफ्ट अमेरिका के एफ 35 से कई गुना ज्यादा गति वाला है। चीन ने हाल में ही 5वीं जेनरेशन फाइटर जेट जे-35ए को दुनिया के सामने पेश किया था। बताया जाता है कि बीजिंग ने एफ-35 से प्रेरित होकर जे-35ए फाइटर जेट बनाया है। हालांकि, चीनी लड़ाकू विमान स्पीड और टेक्नोलॉजी के मामले में अमेरिका के एफ-35 एयरक्राफ्ट से अपग्रेड है। बता दें कि चीन पिछले कुछ साल में अपने डिफेंस पर खर्च में बेतहाशा वृद्धि की है। खासकर एयरफोर्स और नेवी को अपग्रेड किया है। यह प्रक्रिया अभी भी जारी है। इसे देखेते हुए भारत को भी इस दिशा में कदम उठाना पड़ रहा है। भारत भी एयरफोर्स को अपग्रेड कर रहा है। राफेल के बाद अब अमेरिका से एफ-35 एयरक्राफ्ट को खरीदने

का फैसला किया गया है। दूसरी तरफ नेवी को भी मॉडर्न बनाया जा रहा है। राफेल-एम की खरीद उसी प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके अलावा मिसाइल और अन्य आधुनिक वेपन को डेवलप किया जा रहा है। सबसे पहले चीन की पांचवीं पीढ़ी के विमान जे-35ए की बात करते हैं। बीजिंग ने बदलते सामरिक माहौल के बीच पांचवीं पीढ़ी के विमान का निर्माण शुरू किया है। इसी क्रम में डेवलप किया गया है। यह फाइटर जेट स्टील्थ होने के कारण रडार की पकड़ से बाहर है।

राजपूत पर 1250 करोड़ की काली कमाई!

एजेंसी। भोपाल

आरटीओ के करोड़पति पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सरकार पर सौरभ को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सौरभ के घर मिले दस्तावेजों की जांच होनी चाहिए। 40 दिन फरारी के दौरान वह कहां रहा? किसने मदद की? इसकी कोई जानकारी नहीं है। यह सच सामने आना चाहिए। सौरभ शर्मा की कॉल डिटेल अब तक सार्वजनिक नहीं हुई है। कॉल डिटेल सामने आने के बाद कई अधिकारी और नेता बेनकाब होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवहन विभाग से एक केंद्रीय मंत्री को हर महीने 2 करोड़ रुपए जाते थे।

सिंघार ने कहा है कि जो जानकारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को लेकर सामने लाई गई है, उसमें करीब 1250 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति का ब्योरा है। इसके रिकॉर्ड उनके पास हैं। सरकार को इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। गोविंद सिंह राजपूत अभी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के मंत्री हैं। वे पूर्व में परिवहन मंत्री भी रह चुके हैं। सिंघार ने उनके परिवहन मंत्री कार्यकाल को लेकर आरोप लगाए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि मंत्री गोविंद राजपूत ने पूरे रैकेट को संभाला। दशरथ पटेल और अलीम खान रिटायर होने के बावजूद भ्रष्टाचार करते रहे। उनके अलावा संजय ढांडे, संजय श्रीवास्तव ने गोविंद राजपूत के साथ मिलकर घोटाला किया। सिंघार ने कहा कि एक साल में करीब डेढ़ हजार करोड़ की कमाई होती थी। हर महीने डेढ़ सौ करोड़ की कमाई की जाती थी। इसी से मंत्री गोविंद राजपूत ने साल 2019 से 2024 के बीच कई जमीनें खरीदीं। पत्नी और बच्चों के नाम 400 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी खरीदी।

समिति के नाम जमीन दान कराई : उमंग सिंघार ने कहा कि मंत्री राजपूत ज्ञान वीर समिति के नाम पर जमीनें दान करा रहे हैं। इसके लिए एक समिति बनाई गई, जिसमें गोविंद सिंह ने पत्नी और बेटे को रखा। समिति को जमीन दान कराई गईं। जो जमीन दान की गई वो भी गोविंद सिंह राजपूत के रिश्तेदारों की हैं।

अगर कोई बैंक बैन या बंद हो जाए तो क्या होगा, आपको कितना पैसा मिलेगा

नई दिल्ली। हाल ही में मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। इस प्रतिबंध के तहत बैंक के ग्राहक अगले छह महीनों तक अपनी जमा राशि नहीं निकाल सकेंगे और न ही कोई अन्य लेन-देन कर पाएंगे। यह फैसला बैंक में वित्तीय अनियमितताओं और खराब प्रबंधन को देखते हुए लिया गया है। इस घोषणा के बाद बैंक की शाखाओं के बाहर परेशान ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी, जो अपनी मेहनत की कमाई को लेकर चिंतित हैं। आरबीआई की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि बैंक की वित्तीय स्थिति में सुधार होने के बाद ही प्रतिबंध हटाए जाएंगे। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब किसी बैंक पर इस तरह की पाबंदी लगी हो। इससे पहले पीएमसी बैंक, यस बैंक और शिरपुर मर्चेंट्स कोऑपरेटिव बैंक पर भी इसी तरह के प्रतिबंध लगाए गए थे। बैंक में अपना पैसा जमा करने वाले ग्राहकों के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर बैंक दिवालिया हो जाता है तो उनकी जमा राशि का क्या होगा।

इजराइल ने रिहा किए 369 फिलिस्तीनी कैदियों की टी-शर्ट पर लिखा हम न भूलेंगे और न माफ करेंगे

तेलअवीव। हमास की कैद से इजराइली बंधकों की रिहाई के बाद इजराइल ने भी 369 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इन कैदियों को एक खास तरह की टी-शर्ट पहनाकर रिहा किया गया है। इन सभी टी-शर्ट पर हम न भूलेंगे और न माफ करेंगे लिखा हुआ है। दरअसल, हमास हर बार इजराइली बंधकों की रिहाई से पहले एक इवेंट करता है। इसमें सभी बंधकों को लाकर उनसे हमास की तारीफ करवाई जाती है। इस इवेंट में हजारों फिलिस्तीनी जुटते हैं। इजराइल इसी बात से नाराज है। शनिवार को भी हमास ने 3 इजराइली बंधकों को रिहा कर इवेंट का आयोजन किया। सीजफायर डील

के तहत इन तीनों बंधकों को गाजा के खान यूनिस इलाके में सुबह 10 बजे (इजराइली समय के मुताबिक) रेड क्रॉस के हवाले किया गया। इसके बाद इन्हें इजराइली सेना को सौंपा गया। रिहा होने वाले तीनों पुरुष बंधकों के नाम सागुई डेकेल-चेन, साशा ट्रोफानोव और इएयर हॉर्न हैं। 498 दिन बाद इजराइल लौटे तीनों बंधक पिछले माह लागू हुए सीजफायर डील के तहत बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की यह छठी अदला-बदली थी।

कुंभ...कुंभ...कुंभ कोई मतलब नहीं है, सब फालतू चीज हैः लालू यादव

एजेंसी। पटना

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में मरने वालों के प्रति पूर्व रेल मंत्री लालू यादव ने संवेदनाएं व्यक्त की हैं।उन्होंने कहा कि घटना पर उन्हें बेहद दुख है, लेकिन इसकी जिम्मेवारी रेल मंत्री को लेनी चाहिए। इसी बीच लालू प्रसाद यादव से कुंभ को लेकर पूछे गए सवाल पर ऐसा जवाब दे दिया है जिस पर सियासी बवाल मच सकता है। पत्रकार ने जब उनसे पूछा कि कुंभ को लेकर यह घटना घटी है, तो उन्होंने कहा कि कुंभ का कोई मतलब है, कुंभ... कुंभ...कुंभ कोई मतलब नहीं है। सब फालतू चीज है। कुंभ पर लालू यादव के बयान पर जेडीयू ने उन्हें सियासत

नहीं करने की नसीहत दी है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि सियासत के बजाय कैसे घायलों को और मृतकों के परिवार की मदद कर सकते हैं, इस पर बात करनी चाहिए न कि सियासत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता दल यूनाइटेड उन परिवारों के साथ खड़ा है जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है। जेडीयू प्रवक्ता ने कहा कि रेल मंत्रालय और भारत सरकार पीड़ितों की हर संभव सहायता के लिए तत्पर है। बता दें कि प्रयागराज त्रिवेणी में अब तक 50 करोड़ से अधिक लोगों ने पवित्र कुंभ स्नान कर लिया है। अभी भी लाखों श्रद्धालु हर दिन कुंभ स्नान कर रहे हैं। देश के आम से लेकर विशेष व्यक्ति तक कुंभ स्नान के लिए जाने के लिए आतुर हैं। लेकिन, लालू परिवार के कुंभ स्नान के लिए नहीं जाने को लेकर विपक्ष लगातार सवाल पूछ रहा है। वहीं, अब लालू यादव के कुंभ स्नान को लेकर दिये गए बयान के बाद सियासी बखेड़ा खड़ा हो सकता है। बता दें कि लालू परिवार भी बेहद धार्मिक कहा जाता है, लेकिन कुंभ स्नान को लेकर उनका यह बयान नये विवाद को जन्म दे सकता है।

काशी में भक्तों का सैलाबः लंबा इंतजार, दर्शन के लिए 5 किमी लंबी लाइन

वाराणसी। काशी और अयोध्या में वीकेंड पर श्रद्धालुओं का जबरदस्त सैलाब उमड़ा है। वाराणसी में करीब 20 लाख लोग पहुंचे, जिससे मंदिर और रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेडिंग की है, वहीं गंगा आरती को 26 फरवरी तक रोक दिया गया है। इसके अलावा, शाम 6 बजे के बाद गंगा में नाव संचालन पर भी रोक लगा दी गई है। रविवार तड़के 2:45 बजे बाबा विश्वनाथ मंदिर के कपाट खोले गए, जिसके बाद श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर के बाहर 5 किलोमीटर तक लंबी कतारें लगी रहीं, और भक्तों को दर्शन करने में 5-6 घंटे का समय लगा है। भीड़ के चलते रेलवे स्टेशन पर भी

हालात खराब रहे हैं। ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे यात्री स्टेशन पर ही फंसे हुए हैं। कुछ यात्रियों ने दावा किया कि वो 24 घंटे से ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ट्रेन उनके गंतव्य को जाने वाली नहीं आई।

अयोध्या में भी श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा : अयोध्या में भी 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं। हनुमान गढ़ी में इतनी भीड़ है कि पैर रखने की जगह तक नहीं बची। रामलला के दर्शन के लिए 2 किलोमीटर लंबी लाइन लगी। पुलिस द्वारा गाड़ियों को सीमा पर ही रोक दिया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को 10 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ रहा है।

प्रशासन ने श्रद्धालुओं से धैर्य से काम लेने की अपील : काशी और अयोध्या में भीड़ को संभालने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी रखे हुए है। इसके साथ ही किसी अनहोनी से बचने प्रशासन ने श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि सभी सुरक्षित और सुगमता से दर्शन कर सकें।

तेलंगाना सीएम का आरोप, मोदी जब सीएम थे तब उनकी जाति सवर्ण थी

नई दिल्ली। तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने पीएम मोदी को लेकर विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का जन्म से पिछड़ा वर्ग से कोई संबंध नहीं था। उनके इस बयान के बाद विवाद खड़ा हो गया है। बीजेपी ने सीएम रेड्डी के बयान को असामाजिक और गैर जिम्मेदाराना बताया है। रेवंत रेड्डी का यह बयान बीजेपी द्वारा तेलंगाना में जाति सर्वे को लेकर उठाए गए आरोपों के जवाब में आया है। सीएम रेवंत रेड्डी ने पीएम मोदी पर आरोप लगाया है कि उनकी मानसिकता पिछड़े वर्ग के खिलाफ है और उन्होंने दावा किया कि गुजरात के सीएम बनने से पहले मोदी जाति से सवर्ण थे। उन्होंने यह बयान सरकार के जाति सर्वे पर एक रिपोर्ट के बाद दिया है। रेड्डी के बयान के बाद बीजेपी नेताओं ने कई पोस्ट किए। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने सीएम रेवंत रेड्डी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रेड्डी को तथ्यों के आधार पर बयान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी इतनी गैर जिम्मेदार तरीके से कैसे बोल सकते हैं? अगर आप कोई बयान देते हैं, तो वह तथ्यों के आधार पर होना चाहिए।

जनजातीय विरासत को प्रस्तुत और प्रोत्साहित करने में प्रमुख है आदि महोत्सव का आयोजनः राष्ट्रपति

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को कहा कि आदि महोत्सव जनजातीय विरासत को प्रस्तुत करने और उसे प्रोत्साहित करने का एक प्रमुख आयोजन है। ऐसे उत्सव, जनजातीय समाज के उद्यमियों, शिल्पकारों और कलाकारों को बाजार से जुड़ने का बहुत अच्छा अवसर प्रदान करते हैं। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) 16-24 फरवरी तक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम नई दिल्ली में प्रतिष्ठित आदि महोत्सव 2025 का शुभारंभ हो गया। राष्ट्रपति मुर्मु आज मुख्य अतिथि के रूप में इस महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम भी मौजूद रहे। इस महोत्सव में 600 से अधिक आदिवासी कारीगर, 500 प्रदर्शनकारी कलाकार भाग ले रहे है। इस मौके पर 25 आदिवासी खाद्य स्टॉल भी लगाए गए हैं। यहां 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विविध परंपराओं का प्रतिनिधित्व भी है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

संक्षिप्त समाचार

तेज रफ्तार वैगनआर गैस टैंकर से टकराई, दो की मौत, एक घायल

एजेंसीः लोहरदगा। गिरिडीह के निमियाघाट थाना क्षेत्र के प्रतापपुर के समीप जीटी रोड पर रविवार को एक तेज रफ्तार वैगनआर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार के गैस टैंकर से पीछे से टकराने के कारण उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वैगन कार से पश्चिम बंगाल के लालपुर निवासी मनावेन्द्र सरदार, नारू दास और सुब्रतो हलदा किसी मामले को लेकर गोरहर थाना जा रहे थे। इसी दौरान प्रतापपुर के समीप कार पहले से खड़ी गैस टैंकर से पीछे से टकरा गई। इस दुर्घटना में मनावेन्द्र सरदार (42) और कार चालक नारू दास (50) की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं सुब्रतो हल्दा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को डुमरी रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद धनबाद रेफर कर दिया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिये डुमरी रेफरल अस्पताल पहुंचाया और दोनों शव को थाना ले गयी। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है।

धूप छांव से तापमान में होगा उतार चढ़ाव

एजेंसीः रांची। राजधानी रांची सहित राज्य में 19 फरवरी तक धूप-छांव से तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। वहीं रविवार को सुबह में रांची और आसपास के इलाकों में आसमान साफ रहा, जबकि बाद में आंशिक रूप से बादल छाया रहा। मौसम विभाग ने 20 फरवरी से राज्य के कई जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। बारिश होने से तापमान में कमी होने की संभावना है। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री, जमशेदपुर में 32.2और 13 डिग्री, डालटेनगंज में 32.9 और 12.0 डिग्री, बोकारो 32.1 और 11.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

सिविल कोर्ट रांची में विशेष लोक अदालत 22 को

एजेंसीः रांची। विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन रांची के सिविल कोर्ट में 22 फरवरी को किया जाएगा। झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर विवाह एवं चेक अनादरण को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। 17 फरवरी से 21 फरवरी तक विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित मामलों पर बातचीत के लिए प्री-लोक अदालत की बैठकें आयोजित की जायेंगी। वहीं पारिवारिक न्यायालयों एवं एनआई एक्ट न्यायालय से वादकारियों को अधिक से अधिक नोटिस भेजा जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण किया जा सके। विशेष लोक अदालत की सफलता को लेकर 5 फरवरी को भी एडिशनल फैमिली कोर्ट के जज, राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में डालसा सचिव ने रांची के सभी थाना प्रभारियों के साथ डालसा हॉल में बैठक की थी और उन्हें कई निर्देश भी दिया था। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक नोटिस का तामिला लोगों को कराने कहा है ताकि आगामी विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण किया जा सके।

सांसद कालीचरण सिंह ने टंडवा में किया महादेव डिग्री कॉलेज का उद्घाटन

एजेंसीः चतरा। चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने रविवार को टंडवा प्रखंड मुख्यालय के शहीद चौक स्थित झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त महादेव डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर इस शैक्षणिक संस्थान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कॉलेज के संचालक को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय छात्रों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि यह कॉलेज झारखंड के शिक्षा स्तर को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस संस्थान से निकले विद्यार्थी बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर होंगे और समाज व राष्ट्र के निर्माण में योगदान देंगे। उद्घाटन समारोह में अनेक गणमान व्यक्ति उपस्थित थे।

संत रविदास ने इंसानियत के जरिए देश को आगे बढ़ाया : संजय सेठ

एजेंसीः रांची। भारत महर्षि और संतों का देश रहा है और यह हमारा सौभाग्य है कि संत शिरोमणि रविदास की प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के साथ भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए अग्रसर हैं। संत शिरोमणि रविदास महाराज ने जात पात, छुआछूत, ऊंच नीच को भुलाकर इंसानियत के साथ समाज और देश को आगे बढ़ाया। उक्त बातें केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संत रविदास की 648 वीं जयंती के मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास की प्रेरणा से समाज के अंतिम व्यक्ति जिन्हें भाजपा प्रथम व्यक्ति मानती है उन तक विकास कार्य पहुंच रही है। वहीं अंग्रेज और मुगल और कुछ राजनीतिक दलों ने समाज को बांट कर देश को विखंडित करने का काम किया। लेकिन भाजपा हमेशा से सभी को एकजुट कर देश को विकास की गति पर आगे बढ़ने का काम कर रही है। भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय ने कहा कि भाजपा परिवार अनुसूचित जाति समाज के बीच संगठन को मजबूत करने के लिए मोर्चा के इस कार्यक्रम को आयोजित किया है। यह कार्यक्रम समाजिक जीवन को प्रभावित करने का काम करेगा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह देश सनातन संस्कृति का है। इस वर्ष महाकुंभ में पूरी दुनिया को चकित कर दिया है। हमारी संस्कृति हमारा धर्म हमें कभी भी जात-पात और ऊंच नीच में विश्वास नहीं करता। कांके के पूर्व विधायक जीतू चरण राम, देवघर के पूर्व विधायक नारायण दास, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के मुखपत्र अंत्योदय संकल्प का पुनर्विमोचन किया गया। इस मौके पर विमल बैठा समेत दर्जनों कार्यकर्ता पुनः पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर शिवधारी राम,रंजन पासवान,प्रभात भुईया, कमलेश राम,विमल बैठा,जोगेंद्र लाल, ख़ुदा राम,सूरज दास,राजीव राज लाल समेत अन्य मौजूद थे।

सड़क किनारे पेशाब कर रहे व्यक्ति को कार ने रौंदा, हुई मौत

एजेंसीः रामगढ़। रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा बेंगामोड़ पर सड़क किनारे पेशाब कर रहे व्यक्ति को एक कार ने रौंद दिया। इस हादसे में हुई व्यक्ति की मौत के बाद ग्रामीणों ने रविवार को रामगढ़ थाने का घेराव किया। मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग रखी, जिस पर पुलिस ने पहल करने का आश्वासन दिया। थाने का घेराव करने पहुंची मृतक जयराम मुंडा की पत्नी फूलों देवी के बयान पर रामगढ़ पुलिस ने प्राथमिकी भी दर्ज की है। फूलों देवी ने पुलिस को बताया कि उसका पति जयराम मुंडा 9 फरवरी को गांव के ही एक व्यक्ति शिवा मुंडा और साढु भाई के साथ लड़की देखने कुजू ओपी क्षेत्र के हेसागढ़ा गया हुआ था। वहां से लौटने के दौरान बेंगामोड़ पर वह अपनी मोटरसाइकिल किनारे कर पेशाब कर रहा था। इसी दौरान गिद्दी की तरफ से रामगढ़ आ रहे स्विफ्ट कार जेएच 01 ईवी 3472 ने उसे धक्का मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह कार बेहद तेज गति से चल रही थी और अनियंत्रित थी। हादसे के बाद कार वहां पलट गई। आनन-फानन में जयराम मुंडा को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में इलाज के दौरान ही रविवार को जयराम मुंडा की मौत हो गई। मृतक के शव को लेकर परिजन सीधे रामगढ़ थाने पहुंचे और मुआवजे की मांग रखी। प्राथमिकी के आधार पर पुलिस अब आगे की कार्रवाई कर रही है।

कोडरमा में तीन सड़क हादसों में पांच लोग घायल

एजेंसीः कोडरमा



जिले के तीन अलग जगहों पर रविवार को हुए सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। पहली घटना में नवलशाही थाना क्षेत्र के गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित पुरनाडीह पुल के समीप एक स्कॉर्पियो वाहन(बीआर 01 जेई 1931)पुल में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।इसमें तीन युवक घायल हो गये है। घायलों की पहचान बिहार के समस्तीपुर निवासी सौरव चौधरी (28), बिहार के पटना निवासी माही पाण्डेय (28), बिहार के सिवान निवासी निहाल गुप्ता (29) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार तीनों घायल बिहार के नालंदा से कोडरमा आये थे जो शराब के नशे मे धुत थे। ग्रामीण की मदद से घायलों को सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। वहीं दूसरी घटना नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा - गिरिडीह मुख्यमार्ग स्थित पुरनाडीह पुल के नीचे एक हाईवा गिर गया। उक्त हाईवा डोमचांच से पुरनाडीह की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुरनाडीह नदी के नीचे पुल का रेलिंग तोड़कर गिर गया। हाईवा चालक बच गया और घटना स्थल से फरार हो गया। उक्त वाहन संख्या (जे एच 12 क्यू 6846) है। वाहन चालक की पहचान सोनू तुरी मरकच्चो थाना क्षेत्र के बरियारडीह निवासी के रूप मे हुई है। इसी प्रकार तीसरी घटना कोडरमा घाटी में घटी, जहां खड़ी बस के पीछे से टेलर ने टक्कर मार दी, जिससे दो यात्री घायल हो गए। कोडरमा घाटी नौंवा माइल घाटी में रविवार की सुबह सड़क किनारे खड़ी एक बस को पीछे से एक वाहन ने जोरदार टक्टर मार दिया और बस पलट गई। जानकारी के अनुसार बस धनबाद से बिहार शरीफ जा रही। इस घटना में बस के ऊपर लोड सामान क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं बस को भी काफी नुकसान पहुंचा है। दुर्घटना में बस पर सवार बिहार के वैशाली शिवनगर निवासी रेशमा देवी (45) और राजा कुमार (13) घायल हो गए। दोनों को पुलिस की मदद से सदर अस्पताल लाया गया।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संदीप मेहता ने बासुकीनाथ में किया पूजा-अर्चना

एजेंसीः दुमका

विश्वप्रसिद्ध तीर्थस्थल बासुकीनाथ धाम में फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि, रविवार को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप मेहता ने सपत्नीक पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर जस्टिस मेहता को पत्नी सुमन मेहता संग पंडित कुंदन पत्रलेख ने विद्वान पंडितों की सान्निध्य में वैदिक मंत्रोचार के बीच बाबा फौजदारी नाथ का जलाभिषेक कराया। पूरे विधि विधान के साथ बासुकीनाथ की पूजा के बाद माता पार्वती सहित समस्त देवी देवताओं की आराधना किया। इसके उपरांत मंदिर प्रांगण में पूरे भक्ति भाव से शिव-पार्वती एवं अन्य देवी देवताओं की आरती उतारी गई। उधर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के आगमन को देखते हुए तीर्थ नगरी की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था नजर आई। जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ न्यायिक सेवा के अधिकारी मंदिर में मौजूद थे। इस दौरान एडीजे-1 रमेश चंद्र, देवघर जिला सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार, एसडीजेएम मोहित चौधरी, रजिस्टार प्रतीक कुमार, एसपी पीतांबर सिंह खेरवार, एसडीएम कौशल कुमार एसडीपीओ जरमुंडी अमित कच्छप, डीएसपी देवघर अशोक कुमार, नाजीर पेशकार बालेंदु झा, शैलेंद्र सिंह, राजेश रावत सहित पंडा पुरोहित समाज के प्रतिनिधि व पुलिस बल मौजूद थे।

नो एंट्री में घुसे तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंदा, बेटी गंभीर घायल

एजेंसीः धनबाद

धनबाद के रांगाटांड़ स्थित श्रमिक चौक पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। नो एंट्री में घुसे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रही महिला और उसकी बेटी को कुचल दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी 15 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आज सुबह करीब 7 बजे लगभग 40 वर्षीय महिला अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ धनबाद रेलवे स्टेशन की तरफ जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। तभी पूजा टॉकीज की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने महिला और उसकी बच्ची को रौंद दिया। जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसकी बेटी बुरी तरह से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने घायल बच्ची को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ले गई। बताया जा रहा है कि ट्रक पर डीएवी पुराना बाजार स्थित माँ तारा ट्रांसपोर्ट का माल लदा था और ट्रक वहीं जा रहा था। घटना के बाद से ट्रक का ड्राइवर फरार बताया जा रहा है। वहीं मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने बताया कि यह घटना पुलिस की लापरवाही की वजह से घटी है। वरना शहर में जब नो एंट्री है तो यह तेज रफ्तार ट्रक रांगाटांड़ जैसे भीड़भाड़ वाले जगह पर कैसे घुसा। उन्होंने बताया कि ट्रक का ड्राइवर लगातार अपना संतुलन खो रहा था। जिस वजह से ट्रक लगातार जहां तहां टकराता हुआ आगे बढ़ता जा रहा था और अंततः ट्रक ने महिला और उसकी बच्चे को कुचल डाला।

अमन श्रीवास्तव गिरोह के लिए मीटिंग कराता था अशरफ, हुआ गिरफ्तार

एजेंसीः रामगढ़

रामगढ़ जिले के पतरातू क्षेत्र के में अमन श्रीवास्तव गिरोह को सपोर्ट करने वाला अशरफ अंसारी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। वह गैंग के लिए मीटिंग अरेंज करता था और ठेकेदारों को बैठाकर रकम तय करता था। रविवार को उसकी गिरफ्तारी की सूचना पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि अशरफ अंसारी बाहर से गैंग को पूरा सपोर्ट देता था। किस तरह से मीटिंग अरेंज करनी है, कहां अरेंज करनी है, ठेकेदारों को गाड़ी से कैसे पहुंचाना है, यह सारी जिम्मेदारी गैंग की तरफ से उसे ही सौंपी गई थी। पतरातू थाना क्षेत्र के रोचाप निवासी अशरफ अंसारी उसदिन भागने में सफल रहा था, जब एलेक्सा रिसोर्ट में अपराधियों की बैठक हो रही थी। एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि पतरातु थाना क्षेत्र अतर्गत पतरातु रेलवे फाटक के पास फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने वाली कम्पनी एमजीसीपीएल के साईट पर 10 दिसंबर 2024 को अमन श्रीवास्तव गिरोह के द्वारा फायरिंग कराया गया था। उसके बाद उक्त कम्पनी के मैनेजर से लेवी लेने के लिए अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य लगातार फोन पर धमकी दे रहे थे। सीडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि रंगदारी की रकम तय करने के लिए एमजीसीपीएल कंपनी के मैनेजर को पांच जनवरी को एलेक्सा रिसोर्ट में बुलाया गया था। वहां अमन श्रीवास्तव गिरोह के लोग भी आए थे। पुलिस को जब सूचना मिली तो वहां छापेमारी की। उस दौरान दीपक कुमार, शहादत अंसारी, एहसान अंसारी को गिरफ्तार जेल भेजा गया था। वहां एक नाबालिक युवक गुलफान अंसारी को कोर्ट के आदेश पर बाल सुधार गृह भेजा गया था। गुलफान को गैंग के लोगों ने रिसोर्ट के बाहर नजर रखने के लिए तैनात किया था। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी दीपक और शहादत के निशानदेही पर सुजुकी फ्रोनेक्स गाडी पंजीयन (जेएच 01 एफएच-8859) से एक देशी पिस्टल बरामद किया गया था। इस संबंध में पतरातु थाना में मामला दर्ज हैं। इस मामले के फरार आरोपित रोचाप निवासी असरफ अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत, उद्घाटन मैच में दिल्ली ने नेपाल को 2-0 से हराया

एजेंसीः मेदिनीनगर

जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में पलामू पुलिस और पलामू फुटबॉल आयोजन समिति के तत्वावधान में शहीदों की स्मृति में रविवार शाम 4 बजे से अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत हो गई। उद्घाटन मुकाबला दिल्ली और नेपाल के बीच खेला गया। दिल्ली की टीम 2-0 से नेपाल को हराया। मध्यांतर के पहले और इसके बाद एक-एक गोल कर बढ़त बनाई और अंत तक इस सिलसिले को बरकरार रखा। टूर्नामेंट 23 फरवरी तक चलेगा। इसमें आधा दर्जन से अधिक चोटी की टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन आयोजन समिति की अध्यक्ष सह पलामू की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने गुब्बारा एवं कबूतर उड़ाकर किया। खेल शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि एवं अन्य के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। बाद में फुटबॉल पर किक मारकर मैच की औपचारिक शुरुआत की। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पलामू के लोग 23 फरवरी तक अपनी शाम शहीदों के नाम करके पुलिस लाइन स्टेडियम के ग्राउंड पर पहुंचे। बढ़-चढ़कर भाग ले। शहीदों को स्मरण करें। तभी यह आयोजन पूरी तरह सफल हो पाएगा। इससे पहले पुलिस अधीक्षक एवं आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारी के द्वारा पलामू के 19 शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। बता दें कि कुल 31 शहीदों के परिजनों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। उद्घाटन के अवसर पर 19 लोगों की उपस्थित रहने के कारण इन्हें सम्मानित किया गया। अन्य शहीदों के परिजनों को टूर्नामेंट के समापन पर सम्मानित किया जाएगा। फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले दिन मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे।

पलामू टाइगर रिजर्व में हाथी की मौत

एजेंसीः लातेहार

पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत गारू पश्चिमी वन क्षेत्र में एक जंगली हाथी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद रविवार को वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि हाथी के पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत का कारण पता चल पाएगा। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को वन विभाग को सूचना मिली कि वन क्षेत्र के बीसी 10 में एक हाथी की मौत हो गई है। सूचना के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। बाद में डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष के निर्देश पर मृतक हाथी के पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सकों की टीम के साथ वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जाता है कि हाथी की मौत बीती रात ही हो गई है। घटनास्थल पर कुछ खून के छीटें भी मिले हैं। इधर इस संबंध में डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष ने बताया कि संभावना जताई जा रही है कि हाथियों के आपसी संघर्ष में यह घटना हुई होगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल वन विभाग पूरे मामले की छानबीन कर रही है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

शहीद अजय कुजूर की पत्नी को जगुआर बटालियन ने किया सम्मानित

एजेंसीः लोहरदगा

जगुआर बटालियन ने रविवार को सेन्हा थाना परिसर में शहीद आरक्षी अजय कुजूर की धर्मपत्नी सरिता कुजूर को सम्मानित किया। इस अवसर पर जगुआर बटालियन के शशिकांत सिंह और सेन्हा थाना के एएसआई गोवर्धन तुरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।शशिकांत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जून 2018 को लातेहार जिले के बूढ़ा पहाड़ में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान अजय कुजूर शहीद हो गए थे। उनकी वीरता को याद करते हुए शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जा रहा है।विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के वीर शपुत शहीद अजय कुजूर की पत्नी सरिता कुजूर को ऑडी पदाधिकारी की मौजूदगी में जगुआर बटालियन की ओर से पुष्पगुच्छ देकर,शॉल ओढा कर तथा डिनर सेट देकर सम्मानित किया गया। जगुआर बटालियन के कमांडेंट ने कहा कि देश समाज के लिए शहीद होने का सौभाग्य सभी को नही मिलता है। आज हम सभी को गर्व है कि अजय कुजूर राज्य और देश के लिए अपने जीवन का बलिदान दे कर इस क्षेत्र के गांव, घर और परिवार समाज के लिए मिशाल कायम किया है। आज हर युवाओं को देश समाज की सेवा में अजय कुजूर से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। साथ ही शाहिद आरक्षी के धर्मपत्नी सरिता कुजूर से बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं अन्य बिंदुओं के बारे में भी जायजा लिया गया और समस्या का निदान करवाने की दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया गया। मौके पर जगुआर बटालियन के शशिकांत सिंह, एएसआई गोवर्धन तुरी, शहीद अजय कुजूर की धर्मपत्नी सरिता कुजूर समेत अन्य मौजूद थे।

गैंग से हैं परेशान, तो पुलिस करेगी आपका समाधान : पवन

पुलिस ने आपराधिक गिरोह के सदस्यों की गुप्त सूचना देने की जारी की अपील

एजेंसीः रामगढ़

रामगढ़ जिले में पांडे गिरोह, श्रीवास्तव गैंग, अमन साहू गिरोह, अमन श्रीवास्तव गिरोह के अलावा कई अन्य अपराधी भी सक्रिय हैं। कुछ तथाकथित नक्सली संगठन के नाम पर भी लेवी वसूल रहे हैं। पुलिस ऐसे गिरोह पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्तर से करवाई तो कर रही है। लेकिन आम नागरिकों के सहयोग के बिना इन्हें जड़ से समाप्त करना असंभव है। पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने रविवार से एक नई मुहिम आपराधिक गैंग के खिलाफ शुरू की है। उन्होंने कहा है कि कोई भी व्यक्ति गैंग से परेशान है तो पुलिस उसका समाधान करेगी। उन्होंने एक अपील जारी करते हुए कहा कि गैंग के सक्रिय सदस्यों के बारे में कोई भी गुप्त सूचना दे सकता है। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पुलिस के समक्ष नहीं आना चाहता है तो वह थाने के बाहर लगे शिकायत पेटी में भी पर्ची डाल सकता है। हर पर्ची पर पुलिस की कार्रवाई अवश्य होगी। पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि जिले में काम करने वाले ठेकेदार और व्यापारी निर्भीक होकर पुलिस से सहयोग लें। उन्होंने कहा कि गिरोह के लोग सबसे पहले उन्हें ही शिकार बनाते हैं। पुलिस की अपील है कि जैसे ही धमकी भरा फोन आता है, वे तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दें। पुलिस के सहयोग से ही उनकी गाढ़ी कमाई को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधियों को कैसे हैंडल करेगी, उसके लिए पूरी योजना तैयार है। ठेकेदारों और व्यापारियों को पूरी सुरक्षा देना पुलिस की जिम्मेदारी है। यह जिम्मेदारी तभी पूरी होगी जब आम नागरिक भी पुलिस पर भरोसा करेंगे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

संक्षिप्त समाचार

अम्बिका पब्लिक स्कूल में विज्ञान, कला व साहित्य प्रदर्शनी आयोजित

राष्ट्रीय मुख्यधारा : बोकारो : अम्बिका पब्लिक स्कूल जैनामोड़ में आयोजित विज्ञान, कला और साहित्य प्रदर्शनी का उद्घाटन जीजीपीएस के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती और स्कूल के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि चक्रवर्ती ने प्रदर्शनियों का अवलोकन करने के बाद विद्यार्थियों की मेहनत और रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसी प्रकार नवीन विचारों और नवाचार में प्रयास करते रहना चाहिए। स्कूल के प्राचार्य विजय सौरभ ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि प्रदर्शनी छात्रों को प्रतिभा दिखाने का मौका है। कार्यक्रम का संचालन प्रियांशी सिंह और योगदान अंजू कुमारी, हर्षा चौबे, संजय सिंह, मीना तिर्की, पूजा गोस्वामी, इस्मिता तिर्की, सुनीता, प्रीति, दिनेश शर्मा, संजय रवानी, कंचन शर्मा, जसवंती तिग्गा, आभा टोप्पो, सुनील वर्णवाल, शालिनी सिंह तथा सुमन कुमारी ने किया।

युवती से दुष्कर्म का तीसरा आरोपी सरफुद्दीन अंसारी गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधाराः गोमिया : तेनुघाट डैम घूमने आई 22 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी सरफुद्दीन अंसारी उर्फ धुज्जा (37) वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह जघन्य अपराध 5 फरवरी को हुआ, जब झिरकी निवासी 42 वर्ष इमरान अंसारी और उसके दो साथियों ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों ने तेनुघाट ओपी में एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी इमरान अंसारी को उसके घर से गिरफ्तार किया था। दूसरा आरोपी लाल मोहम्मद (43) वर्ष पिता रबुल अंसारी, झिरकी, थाना गोमिया (कथारा ओपी) को 14 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला छेड़छाड़ का लगा, लेकिन बाद में गंभीर अपराध की पुष्टि हुई। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी, जिसके बाद तीसरे आरोपी सरफुद्दीन अंसारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के बाद से इलाके में रोष था, लेकिन पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने में तत्परता दिखाई। पुलिस की तत्परता से लोगों में न्याय की उम्मीद जगी है।

पुलवामा की शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो : कश्मीर के पुलवामा में शहीद हुए भारत के वीर जवानों को राष्ट्रीय बजरंग दल ने श्रद्धांजलि अर्पित की। जैनामोड़ चौक पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दीप जलाकर भारत माता की जय और जय श्री राम के नारों के साथ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बोकारो जिला अध्यक्ष विजय सिंह, जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, सह- मंत्री राजकुमार तथा सक्रिय सदस्य सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वक्ताओं ने पुलवामा हमले में शहीद जवानों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा।

एचईसी मजदूर संघ की बैठक संपन्न, वेतन बकाया और स्कूल फीस माफी पर हुई चर्चा

राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांची, रविवारः एचईसी मजदूर संघ की बैठक रविवार को सीडी 241/3 में संघ अध्यक्ष सुनील कुमार पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एचईसी कर्मचारियों की लंबित वेतन समस्या और स्कूल फीस माफी समेत कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

25 माह का बकाया वेतन, कर्मचारी परेशान- बैठक में महामंत्री रमा शंकर प्रसाद ने कहा कि एचईसी प्रबंधन लगातार कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी कर रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बदतर हो गई है। वर्तमान में 25 माह का वेतन बकाया होने के कारण कर्मचारी अपने बच्चों की स्कूल फीस जमा करने में असमर्थ हैं। स्कूलों से लगातार नोटिस मिलने से कर्मचारियों और उनके परिवारों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है।

स्कूल फीस माफी की मांग- बैठक में मौजूद सभी कर्मचारियों ने एचईसी प्रबंधन से मांग की कि वह परिसर स्थित स्कूलों के प्रबंधन से वार्ता कर फीस माफी की व्यवस्था करे। अन्य पीएसयू की तरह एचईसी के कर्मचारियों को भी उनके बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता दी जाए, जैसे मेकॉन अपने कर्मचारियों को निःशुल्क शिक्षा सुविधा प्रदान करता है।

उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर जोर- एचईसी मजदूर संघ के सदस्यों ने कारखानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर भी चर्चा की। सभी ने सहमति जताई कि निदेशक (उत्पादन) से वार्ता कर मशीनों को पूरी क्षमता से कार्यरत करने और अधिक वर्क ऑर्डर प्राप्त करने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत हो और कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल सके।

बैठक में कई प्रमुख सदस्य रहे मौजूद- बैठक में संघ के वरिष्ठ सदस्य रमा शंकर प्रसाद, जीतू लोहरा, सुनील कुमार, सरोज कुमार, राजेश सोनी, संजय कुमार, मनोज कुमार, उदय शंकर, घनश्याम ठाकुर, अनिल तिवारी, सुधीर कुमार चौधरी, सुमन कुमार, जय नारायण सिंह, जितेंद्र कुमार, मोहम्मद असलम, एन. मलिक, जॉन तिग्गा सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

इस आशय की जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी सुनील कुमार ने दी।

संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो का होली मिलन सह स्थापना दिवस समारोह 9 मार्च को

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला द्वारा स्थानीय पुस्तकालय मैदान, जनवृत 5 में समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिवाकर दुबे की अध्यक्षता में आगामी 9 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले विप्र होली मिलन समारोह सह स्थापना दिवस के लिए 11 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया, जिसका नेतृत्व ज्योति प्रकाश द्विवेदी करेंगे। संचालन समिति के अन्य सदस्यों में अर्चना चौबे, मिली चौबे, दिवाकर दुबे, श्रवण कुमार झा, वीरेंद्र कुमार चौबे, बबलू पांडेय, मृणाल मनीष पांडेय, संजय पांडेय, विजय त्रिपाठी एवं मनोज पांडेय शामिल हैं।

संचालन समिति के कार्यों को गति देने के लिए पांच सदस्यीय मार्गदर्शक समिति का भी गठन किया गया, जिसमें विमलेश पांडेय, सोमनाथ पांडेय, शैलेंद्र तिवारी, अखिलेश ओझा एवं अक्षय दुबे शामिल हैं। महासचिव श्रवण कुमार झा एवं सचिव वीरेंद्र चौबे ने बताया कि बोकारो में विप्र होली मिलन समारोह दो दशकों से भी अधिक समय से लगातार आयोजित किया जा रहा हैय जिसमें पूरे प्रदेश से अनेकों विप्र श्रेष्ठ उपस्थित होते हैं। इस समारोह का शुभारंभ आराध्यदेव भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना एवं वेद मंत्रों से की जाएगी तथा पूरे विश्व के कल्याण एवं शांति हेतु प्रार्थना की जाएगी। मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, होली गायन तथा समाज की भावी योजनाओं पर चिंतन के साथ ही इस समारोह का मुख्य आकर्षण फूलों से खेली जाने वाली होली होगी।

आज की बैठक में मुख्य रूप से संपूर्ण विप्र समाज के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल एवं प्रदेश महासचिव (संगठन) मृणाल कांत चौबे सहित दिवाकर दुबे, श्रवण कुमार झा, वीरेंद्र कुमार चौबे, ज्योति प्रकाश द्विवेदी, अर्चना चौबे, मिली चौबे, विजय कुमार त्रिपाठी, अखिलेश ओझा, अक्षय कुमार दुबे, अशोक कुमार पांडेय, कुंदन उपाध्याय, राममूर्ति पाठक, सरोज तिवारी, उमेश चंद्र दुबे, वीरेंद्र नाथ तिवारी एवं अर्जुन पांडेय उपस्थित रहे।

लॉन बॉल प्रतिस्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता रेशमा को मंत्री ने दी बधाई

राष्ट्रीय मुख्यधारा

गोमिया : रविवार को राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो से 38वें राष्ट्रीय खेल में लॉन बॉल प्रतिस्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर निवासी रेशमा कुमारी ने उनके मुरुबंदा स्थित आवास में मुलाकात की। इस दौरान मंत्री श्री महतो ने उन्हें स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने कहा कि रेशमा ने अपने हुनर और अद्भुत खेल प्रतिभा के बल पर क्षेत्र समेत पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि युवाओं को खेल के क्षेत्र से जुड़ने और बेहतर करने को प्रेरित करेगा। आने वाले सभी प्रतियोगिताओं में भी वे बेहतर प्रदर्शन जारी रखें और देश का नाम रोशन करें, ऐसी कामना है। इस मौके पर झामुमो के उपाध्यक्ष अमित पासवान, रोहित, राजू शाह सहित होसिर गांव के अन्य लोगो ने भी बधाई दी।

चिन्मय विद्यालय में लगा रक्तदान शिविर, रक्तवीर हुए सम्मानित

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : चिन्मय विद्यालय बोकारो में रक्तदान शिविर लगाया गया चिन्मय विद्यालय बोकारो के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों की संस्था चिन्मय विद्यालय एलुमिनी एसोसिएशन एवं रेडक्रॉस ब्लड बैंक सोसाइटी के सहयोग से 10वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों एवं शहर के निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में लगभग 60 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया। चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद, विद्यालय के अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार के साथ एलुमिनी एसोसिएशन के रणजीत कुमार, शशिकांत, डॉ पल्लव, संजीव मिश्रा, चंदन भाटिया, अंकित जैन, अभिषेक सिंह, विनय सिंह, शैवाल गुप्ता, नम्रता, सोनाली गुप्ता एवं अन्य सदस्यों ने शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद कर उसके जीवन की रक्षा की जा सकती है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

सभी रक्तदाता को रक्तवीर कहकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस ब्लड बैंक सोसाइटी बोकारो के वासुदेव मिश्रा, ज्योति प्रकाश द्विवेदी, राजकुमार, रंजन कुमार, ब्रह्मदेव प्रसाद, इशिका, राहुल कुमार एवं पप्पू भी उपस्थित रहे।

कसमार : नेतृत्व क्षमता विकसित करने को लेकर हुआ एक्सपोजर विजिट

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सहयोगिनी बोकारो द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को धनबाद के बाघमारा प्रखंड के महुदा पहुंचीं। इस दौरान एक्सपोज़र विजिट के तहत जेजीवीटी संस्था के किशोरियों से बाल विवाह रोकने से जुड़ी पहल और प्रयासों की जानकारी प्राप्त की। महुदा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किशोरियों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों और इसके सामाजिक असर से अवगत कराया गया। इस दौरान हल्ला बोल आवाज दो कार्यक्रम के तहत बाल विवाह से उत्पन्न समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की गई। धनबाद और बोकारो की किशोरियों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए इस प्रथा के खिलाफ आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया। इस संबंध में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि अब क्षेत्र की किशोरियां बाल विवाह के खिलाफ खुलकर विरोध करने लगी हैं। उन्होंने कहा कि धनबाद और बोकारो की किशोरियां जागरूक हैं और वे इस सामाजिक कुरीति को रोकने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। प्रो शंकर रवानी ने कहा कि नेतृत्व क्षमता विकास होने से किशोरियां सशक्त होंगी। इस अवसर पर सहयोगिनी की कुमारी किरण, सूरजमणि देवी, सोनी कुमारी, हलीमा एजाज, अमरजीत कुमार, पायल कुमारी, स्वाती कुमारी, अंजली कुमारी, नीलू कुमारी, सोनी देवी, अमरजीत, शीतल कुमारी, रूमा कुमारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

संथाल समाज की एकजुटता को लेकर चलेगा जन जागरूकता अभियान : दिलीप

अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के कसमार प्रखंड कमिटी का हुआ विस्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : कसमार प्रखंड के पोंडा सचिवालय के सभागार में रविवार को अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के प्रखंड स्तरीय कमिटी विस्तार को लेकर बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता बोकारो जिलाध्यक्ष जगदीश मरांडी ने की। जबकि संचालन केंद्रीय सदस्य राजेश मुर्मू ने की। इस अवसर पर कसमार प्रखंड बीस सूत्री कमिटी के अध्यक्ष एवं संगठन के केंद्रीय सदस्य दिलीप हेम्ब्रम मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान संगठन के केंद्रीय सदस्य दिलीप हेंब्रम ने कहा कि संथाल समाज के हक अधिकार एवं सामाजिक विकास को लेकर उक्त संगठन का निर्माण किया गया है। इस संगठन के माध्यम से समाज की आवाज को मुखर बनाकर संथाल समाज की मजबूती को लेकर लगातार कार्य किये जायेंगे। साथ हीं हमारी पुरानी संस्कृति व सभ्यता को बचाये रखने के लिए सामाजिक जागरूकता भी किया जाएगा। बैठक में कसमार प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें जगेश्वर मुर्मू को प्रखंड अध्यक्ष, दशरथ टुडू एवं विश्वनाथ मरांडी को उपाध्यक्ष, जितेंद्र टुडू को सचिव, जवाहर लाल किस्कू को उप सचिव, रामदास टुडू को कोषाध्यक्ष, शिबुदेव सोरेन एवं भारतेंदु प्रसाद हांसदा को संगठन सचिव, राजेश टुडू को मीडिया प्रभारी एवं अशोक कुमार हांसदा, फुलेश्वर मुर्मू, कैलाश टुडू, रामकुमार मुर्मू एवं संजय टुडू को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। मौके पर दिलीप हेम्ब्रम, रामसाय हांसदा, राजेश मुर्मू, शास्त्री मुर्मू, लगनु किस्कू, रामधन मुर्मू, महावीर मरांडी, सुभाष हांसदा, विनय कुमार मुर्मू व अन्य लोग मौजूद थे।

बोकारो से कुंभ स्नान के लिए रवाना हुए स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : स्वदेशी जागरण मंच के 40 कार्यकर्ताओं का एक समूह महाकुंभ स्नान के लिए रविवार को बोकारो से प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। इस समूह का नेतृत्व स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सम्पर्क प्रमुख अजय कुमार चौधरी एवं जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा कर रहे हैं। मंच के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि मंच के कार्यकर्ता हर घर स्वदेशी, युवाओं को गुणवत्तापूर्ण रोजगार एवं उद्यमिता आयोग बनाने के उद्देश्य के प्रचार प्रसार हेतु अपने साथ कर पत्रक ले जा रहे हैं, जिसे वह पूरे रास्ते वितरण करते हुए जाएंगे। सिंह ने बताया कि प्रयागराज जा रहे मंच के कार्यकर्ता स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संचालित कैंप में ठहरेंगे, जो महाकुंभ मेला परिसर में ही लगभग 8 हजार स्क्वायर फीट में बना है और पिछले एक महीने से सभी सनातनियों को भोजन पानी एवं रहने की सारी व्यवस्था के साथ महाकुंभ के सेक्टर वन में अपनी सेवा दे रहे हैं। सभी कार्यकर्ता रात्रि विश्राम इस कैंप में करेंगे और सुबह कुंभ स्नान के बाद वापस बोकारो के लिए प्रस्थान करेंगे।

केदला ग्राम वन प्रबंधन सह संरक्षण समिति का हुआ गठन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : ग्राम वन प्रबंधन सह संरक्षण समिति केदला की बैठक रविवार को कमलनाथ सोरेन की अध्यक्षता में की गई। जिसमें केदला समिति का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से काशीनाथ सोरेन को अध्यक्ष एवं लालदेव हेंब्रम को उपाध्यक्ष, छत्रु माझी को सह सचिव सहित 15 कार्यकारिणी समिति के सदस्य चुने गए। बैठक में मुख्य रूप से वन पर्यावरण सुरक्षा समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो, केंद्रीय सदस्य आनंद महतो, गुमनजारा अध्यक्ष शंकर टुडू मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए आनंद महतो ने कहा जंगल की सुरक्षा करने से गांव वालों को काफी लाभ होता है। इसलिए जंगल की सुरक्षा हम सब को करना चाहिए। केंद्रीय उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो ने कहा कि वन है तो हम हैं। इसलिए हमारा वजूद जिंदा रखने के लिए जंगल की सुरक्षा सबसे पहले करनी होगी। बैठक में कालेश्वर मांझी, लखिंदर हेंब्रम, शंकर टुडू, काशीनाथ सोरेन, कुलसी देवी, चंपा देवी, सुकुरमनी देवी, विनोती देवी, अंजली देवी, बसंती देवी, कविता कुमारी, राजेश कुमार मुर्मू, ब्रजेश कुमार मुर्मू, छत्रु मांझी, उर्मिला देवी, लालदेव मुर्मू, बेलमनी देवी, सांवती देवी, कार्तिक मांझी, शुरूवाला देवी व अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रशासन की कार्रवाई से अवैध भट्ठा संचालकों में हड़कंप

राष्ट्रीय मुख्यधारा

गोमिया : उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देशानुसार जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह के मार्गदर्शन में खनन विभाग की टीम ने बेरमो अनुमंडल के जागेश्वर विहार और रहावन ओपी क्षेत्र में चल रहे अवैध चिमनी ईट भट्टों का निरीक्षण किया। खनन विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में अवैध रूप से ईट निर्माण के लिए बनाई गई कई चिमनियों को पता लगाया। इन चिमनियों के संचालन में अनियमितता की जानकारी मिली है। चिमनी भट्ठा के संचालन से न केवल सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। खनन विभाग की टीम ने इन अवैध ईंट भट्ठों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मौके पर खान निरीक्षण सीताराम टुडू और स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहे। जिला खनन पदाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन और कोयले के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई का समर्थन किया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, सोमवार, 17 फरवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

मेगा ट्रेड फेयर में उमड़ी खरीदारों की भीड़, समापन 17 को

एजेंसीः रांचीः रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का समापन 17 फरवरी को होगा। फेयर के अंतिम दिन स्टॉलधारियों की ओर से आकर्षक ऑफरों की बरसात होगी। कई उत्पादों पर भारी छूट मिलेगी। रांचीवासी इन आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स का संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस फेयर में रविवार को लोगों की भारी भीड़ जुटी। फेयर में लगे सभी हैंगरों में लगे स्टॉलों पर लोग खरीदारी करते दिखे। लोगों की भीड़ और खरीदारी होता देख स्टॉलधारी भी खुश नजर आये। वहीं, ट्रेड फेयर में प्रवेश के लिए लंबी लाइन लगी हुई थी। टिकट कांउटर पर टिकट लेने के लिए लंबी लाइन दिखी। ट्रेड फेयर में आठ देशों और 15 राज्यों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी है। फेयर में हैंडीक्राफ्ट आईटम, वुडन फर्नीचर, हैंडलूम, इलेक्ट्रिक आईटम, रोटी बनाने, आटा गूंथने की मशीन, क्रॉकरी आईटम, कटलरी, किचन, वेयर, खादी के कपडे, गिफ्ट आईटम की जमकर खरीदारी हो रही है।

दो महिला मंत्री पहुंचीं- ट्रेड फेयर में झारखंड चैंबर की ओर से महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्य की दो महिला मंत्री ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं। इसके अलावा राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी भी मौजूद होकर उपस्थित महिलाओं को प्रोत्साहित किया। कृषि मंत्री ने झारखंड चैंबर से राज्य सरकार के सहयोग से कॉन्क्लेव करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि झारखंड चैंबर हमेशा राज्य सरकार को उद्योग और व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नये नये आइडिया देते आ रहा है। राज्य के कई लोग स्किल और रोजगार से नहीं जुड़े हैं। इसमें एक बड़ा गैप है। राज्य सरकार और झारखंड चैंबर मिलकर इस गैप को भर सकते हैं। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, राहुल साबू, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, विकास विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

आरपीएफ ने अवैध हथियारों के साथ युवक को किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। साहिबगंजः रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने 13409 अप मालदा-किऊल इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में छापेमारी कर पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के युवक को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी समीउल आलम (पिता-नजरुल शेख) के पास से 2 देशी पिस्तौल और 4 खाली मैगजीन बरामद की गई हैं।

गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई- रविवार दोपहर 1 बजे आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफर किस्कू ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि फरक्का से बरियापुर अवैध हथियार की डिलीवरी के लिए एक युवक ट्रेन में सफर कर रहा है। सूचना के आधार पर आरपीएफ की एस्कॉर्ट टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे रंगे हाथ पकड़ लिया और साहिबगंज आरपीएफ पोस्ट के हवाले कर दिया।

संयुक्त टीम ने की गिरफ्तारी- इस कार्रवाई में ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी के एएसआई मोहम्मद इंतखाबुल आलम, सीआईबी मालदा के एसआई मुन्ना पर्वत, एसआई पार्थो मिश्रा और सबल किशोर की अहम भूमिका रही। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जीआरपी को सौंप दिया गया, जो उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेजने की तैयारी में जुटी हुई है।

आरपीएफ की इस कार्रवाई से अवैध हथियार तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि युवक इन हथियारों की सप्लाई कहां और किसके लिए कर रहा था।

कर्मियों के बच्चों की स्कूल फीस माफ कराए प्रबंधन : संघ

एजेंसीः रांची

एचईसी मजदूर संघ की बैठक रविवार को रांची के धुर्वा स्थित क्वार्टर नंबर सीडी 241/3 में सुनील कुमार पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित एचईसी के कर्मचारी और संघ के सदस्यों ने एचईसी की समस्याओं को लेकर गहन विचार विमर्श किया। बैठक में संघ के महामंत्री रमा शंकर प्रसाद ने कहा कि एचईसी समय पर वेतन नहीं दे रहा है। इससे कर्मियों की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। प्रबंधन पर कर्मियों के 25 माह का वेतन बकाया है। उन्होंने कहा कि कर्मी अपने बच्चों की स्कूल फीस भी नहीं दे पा रहे हैं। इसके चलते स्कूल से उन्हें बार-बार नोटिस दिया जा रहा है। मौके पर संघ के अन्य सदस्यों ने कहा कि एचईसी परिसर में जितने भी स्कूल हैं, उनसे प्रबंधन बात कर 100 प्रतिशत फीस माफ कराए। राज्य के अन्य पीएसयू भी अपने कर्मचारियों को इस तरह की सुविधाएं देते हैं। साथ ही कहा गया कि कारखाने की सभी मशीनों का अधिक से अधिक उपयोग हो। इस पर निदेशक, उत्पादन से बात करने की जरूरत है। ताकि, ज्यादा से ज्यादा वर्क ऑर्डर आए। बैठक में रमाशंकर प्रसाद, जीतू लोहरा, सुनील कुमार पांडे, सुनील कुमार, सरोज कुमार, राजेश सोनी, संजय कुमार, मनोज कुमार, उदय शंकर, घनश्याम ठाकुर, अनिल तिवारी, सुधीर कुमार चौधरी और मनोज कुमार समेत संघ के अन्य सदस्य मौजदू थे।

मार्क्सवाद में सभी का विकास संभव : केसरी

एजेंसीः रांची

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय रांची में रविवार को पार्टी प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रशिक्षण देने पहुंचे पार्टी के विजेंद्र केसरी ने कहा कि मार्क्सवाद के सिद्धांत बिल्कुल सही है। उन्होंने कहा कि मार्क्सवाद में सभी का विकास संभव है। केसरी ने मार्क्सवाद के मूलभूत सिद्धांत भौतिक द्वंदवाद को रखते हुए कहा कि मार्क्स ने आदर्शवादी दार्शनिकों को खारिज करते हुए भौतिकवादी वैज्ञानिक चेतना को दुनिया के सामने लाया। उन्होंने कहा कि पदार्थ का रूप परिवर्तन होता है, कोयला जलाने पर ऊर्जा में कोयला का मूल तत्व रह जाता है। केसरी ने कहा कि दुनिया में परिवर्तन से राजा रानी हैं, किसी सत्ता से नहीं। समाज में परिवर्तन उत्पादन के साधनों के परिवर्तन से होता है। केसरी ने प्रशिक्षण लेने पहुंचे युवा कार्यकर्ताओंसे कहा कि मार्क्सवाद ही असली दर्शन है। प्रशिक्षण शिविर में भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, केडी सिंह, एटक के राज्य सचिव अशोक यादव, राजेंद्र यादव, जैनेंद्र कुमार भंते, अजय कुमार सिंह, सुजीत घोष और नेमन यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

अपहृत नाबालिग लड़की को तालझारी पुलिस ने कराया मेडिकल जांच



राष्ट्रीय मुख्यधारा

साहिबगंजः तालझारी थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग लड़की का बीते दिनों शादी की नियत से एक शख्स ने अपहरण कर लिया था जहां इस मामले को लेकर नाबालिग लड़की के परिजनों ने केस दर्ज कराया था। उधर तालझारी पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाते हुए अपहृत नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया एवं अपहरण करने वाले आरोपी युवक को भी गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में राजमहल जेल भेज दिया। उधर रविवार को नाबालिग लड़की का मेडिकल जांच करवाने के लिए तालझारी पुलिस सदर अस्पताल पहुंची हुई थी जहां कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसका मेडिकल जांच कराया गया। वही मामले को लेकर एसआई अनिल कुमार यादव ने बताया कि मामला अपहरण से जुड़ा हुआ है जिसको लेकर तालझारी थाना में केस भी दर्ज कराई गई थी।

कांग्रेस ही कर सकती है झारखंड की भलाई : केशव महतो कमलेश

एजेंसीः रामगढ़

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रविवार को रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ता मिलन समारोह में शिरकत किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के पुराने नेता रणधीर गुप्ता और उनके समर्थकों को दोबारा कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड की भलाई सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है। यहां की जनता के सुख दुख में कांग्रेस ने ही साथ दिया है। इसलिए यहां की नस-नस में कांग्रेस बसी हुई है। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में कांग्रेस को छोड़कर दूसरे दलों में हुए नेता और कार्यकर्ता वापस वापस लौट रहे है। आज रामगढ़ का होनहार और ऊर्जावान साथी रणधीर गुप्ता अपने साथियों के साथ घर वापसी कर रहे है। रंधीर गुप्ता ने पार्टी में रहकर मजदूर और विस्थापितों के लिए लंबा संघर्ष किया है। जिसका उदाहरण अरगड्डा कोलियरी है। मंत्रियों और विधायकों के कार्यकाल की होगी समीक्षा रामगढ़ पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने मंत्रियों और विधायकों के कार्यों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हर किसी के कार्यकाल की समीक्षा होगी। हालांकि अभी सरकार के गठन हुए कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन फिर भी यह जरूरी है।

मैं अगल होकर भी, कांग्रेस पार्टी से अलग नहीं हो पाया : रणधीर-रणधीर गुप्ता पहले कांग्रेस पार्टी में ही थे। 2019 में उन्होंने इस्तीफा देकर आजसू पार्टी का दामन थामा था। रविवार को घर वापसी के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़ने के बावजूद वे कांग्रेस से अलग नहीं हो पाए। अब मैं दुगनी ताकत के साथ कांग्रेस पार्टी को मजबूत करूंगा और कोलियरी के मजदूरों के लिए लड़ाई लड़ूंगा। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मंत्री प्रदीप बालमुचू, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, गो रक्षा समिति के चेयरमैन राजीव रंजन, प्रदेश प्रवक्ता रियाज अहमद, डॉ. राकेश किरण, बलजीत सिंह बेदी, बजरंग महतो, शांतनु मिश्रा आदि मौजूद थे। इन लोगों ने कांग्रेस का दामन इस मौके पर हसीबुल अंसारी, अशोक कुमार, सदानंद सिंह, सुरेंद्र मुंडा, गोरी मुंडा, हुसैन खान, फिरोज खान, राहुल प्रसाद, सलीम अंसारी, पिंकी देवी, रजनी देवी, शांति देवी, शीला देवी, रीना देवी, ममता देवी, कलीम अंसारी, विकास प्रजापति, कृष्ण नायक, आकाश प्रजापति, पिंटू भइया, रिंकू भइया, अंजना देवी, पूजा देवी, हिना खान, आरती देवी, मीनू खातून, गुड़िया देवी, झरिया खातून, सविता देवी, मोना देवी सहित सैकड़ो लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली।

पलामू में प्रेमी प्रेमिका ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

एजेंसीः रांची

नाबालिग प्रेमिका ने शादी से इनकार किया तो प्रेमी ने घर से दस किलोमीटर दूर स्थित जंगल में फांसी लगाकर जान दे दिया। इधर सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाई प्रेमिका ने भी घर से कुछ दूरी जंगल में फांसी लगाकर जान दे दी। प्रेमिका की शादी ठीक हो जाने से प्रेमी लड़का काफी नाराज चल रहा था। लड़की पर शादी का दबाव बना रहा था, लेकिन लड़की एक ही गांव के होने के कारण शादी करने से इन्कार कर गई थी, तो नाराज प्रेमी ने जान दे दी। मामला पलामू जिले के पाटन थाना अंतर्गत किसैनी के गोबरमारा टोला का है। जहां दो साल का प्रेम चढ़ा परवान ने दोनों की जान ले ली। पाटन पुलिस दो दिन पूर्व 14 फरवरी को नाबालिग प्रेमिका नीलम कुमारी 17 वर्ष पिता राजा सिंह का शव पेड़ से लटकते फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया था, वहीं प्रेमी जीतेंद्र सिंह 18 वर्ष पिता श्याम बिहारी सिंह बीते 13 फरवरी से बकरी चराने के बहाने घर से फरार था। पाटन पुलिस द्वारा काफी खोजबीन के बाद रविवार को घर से दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित जंगल में शव पेड़ से लटका पाया गया। पाटन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। ऐसे मृतक जीतेंद्र के परिजन 14 फरवरी को पाटन थाना में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया था। जानकारी मिली कि कुछ दिनों पूर्व मृतक जीतेंद्र सिंह अपनी प्रेमिका को गांव के मंदिर में रात को बुलाकर शादी करने के लिए कसम खिला रहा था, जो लड़की शादी के लिए राजी नहीं हुई तो प्रेमी जीतेंद्र ने लड़की को उसी समय धमकी दी कि शादी नहीं करोगी तो हम फांसी लगाकर जान दे देंगे। लड़का 13 फरवरी की शाम को लड़की के पास फोन कर फांसी लगाने की बात बताई। इधर लड़की किसी को कुछ नहीं बताई और सदमें में घर से कुछ दूरी पर जाकर सखुआ पेड़ के फंदे से झुलकर जान दे दी। घटना की जानकारी के बाद मृतकों के घर पहुंचे जिप सदस्य संग्राम सिंह ने शोक-संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। संग्राम सिंह ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त किया। कहा कि आजकल इस तरह की घटना समाज को धूमिल कर रही है। अभिभावकों को सतर्क रहने की जरूरत है, ताकि बच्चें नादानी में कोई गलत कदम ना उठा लें, जिससे समाज-परिवार की छवि धूमिल हो। थाना प्रभारी लालजी ने पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

राष्ट्रीय मुख्यधारा

साहिबगंजः जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी पारण कुमार मंडल उम्र 30 वर्ष पिता रामेश्वर मंडल उर्फ रामईश्वर मंडल को शांति नगर घोघी से गिरफ्तार करने के बाद मेडिकल जांच करवाने के लिए रविवार की शाम 4 बजे सदर अस्पताल लेकर आई। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. केशव कृष्णा ने फौरन मेडिकल जांच किया जिसके बाद आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इसको लेकर एएसआई बमबम यादव ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ जीआर केस नंबर 310/22 में कोर्ट से इश्तेहार जारी किया गया था जहां आरोपी के घर पर इश्तेहार तमिला करने के दौरान उसे मौके वारदात पर मौजूद देखकर गिरफ्तार कर लिया गया जिसे मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया है।

राज्य में सशक्त वैचारिक माहौल बनाना लक्ष्य : सुदेश

एजेंसीः रांची

आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सुदेश ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य राज्य में एक सशक्त वैचारिक एवं राजनीतिक माहौल तैयार करना है, जिससे संगठन की विचारधारा को अधिक प्रभावी ढंग से जन जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनावी सीमाओं से परे, समाज के हर वर्ग के लोगों का पार्टी में जुड़ना इस नए नेतृत्व की स्वीकार्यता को दर्शाता है। मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव बुद्धिजीवी मंच के डॉ मुकुंद मेहता, संजय मेहता अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष डॉ पार्थ परितोष, जिला सचिव दयाशंकर और परवाज़ ख़ान समेत अन्य मौजूद थे। मिलन समारोह में एमडी शफीक खान (मुहर्रम सेंट्रल कमिटी अध्यक्ष), मोहम्मद नईम (संगठन मंत्री), मोहम्मद जीशान, मोहम्मद कैफ जुबैर, डॉ अखिलेश, ओवैस अख्तर, आनंद राज, रौशन कुमार महतो, गौतम सिंह, संजीव सिंह समेत अन्य ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिला प्रभारियों की घोषणा पार्टी के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के जिलों में संगठन के विस्तार के लिए प्रभारी अधिकारियों की घोषणा की गई। इनमें रांची के लिए राजेंद्र मेहता, संजय महतो, संजय महतो (सोनाहातू), राजकिशोर महतो, डॉ पार्थ परितोष, गुमला के लिए रामलखन साहू, विश्वनाथ भगत, अरविंद यादव, लोहरदगा के लिए अशुतोष तिवारी, हकीम अंसारी, खूंटी के लिए केशव चंद्र महतो, अभिषेक राज हेरेंज, रमेश भगत, सिमडेगा के लिए दीपक महतो, गोपीनाथ सिंह, भूषण भगत के अलावा महिला जिला प्रभारियों के नाम शामिल है।

जेल अदालत - सह - विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

- जेल अदालत के जरिए चार बंदी हुए मुक्त

एजेंसीः रांची

झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में वरीय न्यायिक पदाधिकारी कुशेश्वर सिंकु के साथ मयंक मलयाज, मनोज कुमार इंदवार, शंभु महतो, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रशांत वर्मा, कारापाल, काराकर्मी बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार, रांची और एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, सहायक बिरेंद्र प्रताप, न्यायालयकर्मी और कई बंदी उपस्थित थे। विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए केंद्रीय कारा में 10 बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए दिया गया था। इसमें से चार बंदियों को जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा मुक्त किया गया, जिनमें सिटु कुशवाहा, विक्की कुमार, पन्ना किस्कू और राकेश अहीर का नाम शामिल है। जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों को लीगल एड क्लिनिक के बारे में जानकारी दी गई। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बंदियों की समस्याओं को सुना और उनसे आवेदन लेकर उक्त समस्याओं के जल्द समाधान के लिए मौजूद एलएडीसी एवं सदस्यों को निर्देश दिया। इस मौके पर मैडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर डालसा सचिव ने कहा कि आगे भी मेडिकल कैंप लगाकर कैदियों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। वहीं महिला बंदी कक्ष में महिला बंदियों के बीच विशेष जागरुकता शिविर भी लगाया गया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, सोमवार, 17 फरवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

गिरिडीह में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत

गिरिडीह, एजेंसी। गिरिडीह के पचंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाटांड़ मल्लाह टोला के रहने वाले एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन के चपेट में आने मौत हो गयी। घटना रविवार सुबह की। मृतक की पहचान फदौरी मल्लाह के 42 वर्षीय पुत्र जानकी मल्लाह के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक पचंबा से काम करके पैदल लौट रहा था, इस दौरान परसाटांड मोड़ के समीप एक अज्ञात वाहन उसे पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ वहां जमा हो गयी। इसकी जानकारी गिरिडीह के पचंबा थाना की पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस का एक दल मौके पर पहुंचा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी तरफ मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोग सड़क जाम करने की भी योजना बना रहे हैं। बताया गया की मृतक के तीन पुत्र और एक पुत्री भी है। वह घर का एकलौता कमाऊ सदस्य था।

प्रमुख ने की डोभा व अबुआ आवास योजना की जांच, पकड़ी कई अनियमितता

गिरिडीह, एजेंसी। जमुआ की प्रमुख मिष्टू देवी, उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी व बीस सूत्री अध्यक्ष जुनैद आलम की टीम ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के पोबी पंचायत में मनरेगा योजना से संचालित डोभा व अबुआ आवास की जांच की। इसमें भारी अनियमितताएं सामने आयीं। टीम ने पंचायत में संचालित योजनाओं की बारीकी से जांच की।टीम के सदस्यों ने कहा कि सरकार की जनहित योजना मनरेगा में लूट अब चलने नहीं दी जाएगी। कहा कि अबुआ आवास और पीएम आवास का चयन नियम कानून के तहत नहीं किया गया है। मनरेगा योजना व डोभा के निर्माण में पंचायत के मनरेगा मजदूरों द्वारा काम नहीं कराया जा रहा है। इसमें दूसरे प्रखंड़ के मजदूर काम करते पाये गये हैं। कहीं गढ्डे को डोभा का आकार दे दिया गया है तो कहीं काम से ज्यादा राशि का भुगतान करा दिया गया है। इसमें कनीय अभियंता के बिना स्थल सत्यापन के राशि का भुगतान किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। तूलो अंसारी की जमीन पर हुए डोभा के निर्माण को रोजगार सेवक, कनीय अभियंता और सहायक अभियंता ने पूर्ण बताया है। उपरोक्त स्थल पर डोभा की गहराई मात्र 3 फीट पायी गयी है, जबकि इसमें निकासी 3 लाख से अधिक की हो चुकी है। कहा कि कमलेश कुमार के नाम पर डोभा निर्माण की योजना को मनरेगा से संबंधित कर्मी ने पूर्ण बताया है परंतु स्थल का सत्यापन किये जाने पर डोभा का आकार पूर्व से बने गड्ढे में पाया गया है। इसमें घास हटाकर व सीढ़ी बनाकर डोभा का आकार दे दिया गया है। उपरोक्त स्थल पर गांडेय के मजदूर किशुन सोरेन व रघु मुर्मू कार्य कर रहे थे। इसमें योजना स्थल पर बोर्ड लगा नहीं पाया गया है, जबकि इसमें 73 हजार रुपए का भुगतान कर दिया गया है।

देवघर में अपराधियों का बढ़ रहा मनोबल! कहीं पुलिसकर्मी पर हो रहे हैं हमले तो कहीं आम लोगों की हत्या

देवघर, एजेंसी। जिले में अपराधियों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। सिर्फ आम लोगों पर ही नहीं बल्कि देवघर की पुलिस पर भी हमले होते दिख रहे हैं। कुछ ऐसे ही घटना शनिवार की देर शाम देखने को मिला है। शनिवार को देवघर के प्राइवेट बस स्टैंड के पास कुछ युवकों ने नगर थाना के पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। देवघर पुलिस के प्रवक्ता सह सीसीआर डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि अपराधियों के हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है। अपराधी पुलिसकर्मी पर हमला कर हथियार छीनना चाहते थे, लेकिन पुलिस की सूझबूझ से अपराधी हथियार छीनने में सफल नहीं हो पाए स्थानीय लोगों द्वारा बताया जा रहा है कि विलासी यादव नाम के पुलिसकर्मी के साथ यह घटना हुई है। अपराधियों ने हथियार छीनने के दौरान उन पर हमला किया है, जिससे उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आई है। फिलहाल घायल पुलिसकर्मी का देवघर के सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।इधर, पुलिसकर्मी पर हमला होने के बाद शनिवार को देर रात एक और घटना हुई है। देवघर जिले के नन्दन पहाड़ के पास सुनसान इलाके में एक सब्जी बेचने वाली महिला की कुछ अपराधियों ने चाकू मार कर हत्या कर दी। घटना को लेकर मृतक के पिता अकलू पासी ने बताया कि हर दिन की तरह शनिवार को भी उसकी बेटी देवघर से फल बेचकर अपने घर आ रही थी। इस बीच नन्दन पहाड़ के पास सुनसान रास्ते में कुछ अपराधियों ने हमला कर दिया।

नई शराब नीति के प्रस्ताव पर भाजपा-कांग्रेस में तकरार, सत्ताधारी पार्टी ने दिया जवाब

रांची, एजेंसी। झारखंड में शराब नीति फिर एक बार राजनीति के केंद्र में है। सरकार की प्रस्तावित नई शराब नीति को लेकर झारखंड बार एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने इसका विरोध किया है। जिसका समर्थन करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर घोटाले के लिए नई शराब नीति बनाने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कहा कि हम केंद्र की सरकार के सौतेलापन व्यवहार के चलते अपने दम पर रेवेन्यू बढ़ाना चाहते हैं, ऐसे में जब सभी सहयोग करेंगे तभी राज्य का विकास करेगा।

क्यों हो रहा है नई शराब नीति का विरोध

झारखंड बार एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन राज्य में प्रस्तावित नई उत्पाद नीति के तहत मॉडल वाइन शॉप और हाता खोलने का विरोध कर रहा है और इसे रद्द करने की मांग कर रहा है। एसोसिएशन के अनुसार यह न तो समाज के हित में है और न ही बार संचालकों के हित में। एसोसिएशन के अनुसार नई शराब नीति में शराब की बिक्री का कोटा सिस्टम के प्रस्ताव को भी समाप्त करने की मांग की है।

दरअसल, शराब बिक्री की हाता मॉडल में इसकी बिक्री के बाद कोई भी उपभोक्ता बिक्री वाले परिसर में ही बैठकर शराब पी सकता है, उसके बैठने की वहां व्यवस्था होनी चाहिए। इसी तरह मॉडल शराब दुकान में ग्राहकों के लिए एसी-पंखा और अन्य व्यवस्थाएं करनी होंगी। बार संचालकों को आशंका है कि इससे विधि व्यवस्था बिगड़ने के साथ-साथ बिक्री पर भी असर पड़ेगा।

घपले, घोटाले के लिए सरकार लाना चाहती है नई शराब नीति- बीजेपी

झारखंड भाजपा ने हेमंत सरकार की प्रस्तावित नई शराब नीति का विरोध करना शुरू कर दिया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व की महागठबंधन की सरकार में शराब नीति के बहाने घपले-घोटाले हुए और फिर एक बार घपले-घोटाले के लिए ही नई शराब नीति बनाने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि सरकार को राजस्व देने वाले शराब कारोबारी आज सहमे हुए हैं।

सबकी दुकानदारी चलेगी, सरकार का रेवेन्यू भी बढ़ेगा- झारखंड कांग्रेस

राज्य में रेवेन्यू बढ़ाने के लिए नई शराब नीति की जरूरत बताते हुए कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि केंद्र की सरकार राज्य के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। हमारे हक के 136000 करोड़ रुपया पर वह कुंडली मारे बैठी है। ऐसे में हमें अपने दम पर राजस्व बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में सभी को सहयोग करना चाहिए और वाइन कारोबारियों को चिंतित होने की जरूरत नहीं है। सभी की दुकानदारी चलेगी और साथ ही सरकार का रेवेन्यू भी बढ़ेगा।

नई दिल्ली स्टेशन भगदड़ पर सीएम हेमंत सोरेन ने जताया दुख, मृतकों की आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना

रांची, एजेंसी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई घटना पर सीएम हेमंत सोरेन ने दुख जताया है। उन्होंने हादसे में मृत लोगों की आतमा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही स्टेशन पर अव्यवस्था को लेकर कटाक्ष भी किया। गौरतलब हो कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में भीड़ के कारण भगदड़ मच गई। इस हादसे में अब तक 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 12 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था और भगदड़ के कारण हुई कई लोगों की मृत्यु की हृदयविदारक खबर सुनकर मन अत्यंत आहत है। मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। भगदड़ में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

दरअसल, प्लेटफॉर्म नंबर 12, 13, 14, 15 और 16 पर भारी भीड़ के कारण यह हादसा हुआ। केंद्र ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एलएनजेपी अस्पताल में 15 और लेडी हार्डिंग अस्पताल में 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2।5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 1 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान किया गया है।

जमशेदपुर में नो एंट्री क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर का कहर, दंपती को कुचला, दोनों की मौत

जमशेदपुर, एजेंसी। जिले के बागबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटानगर स्टेशन के पास मुख्य सड़क पर डंपर की चपेट में आने से पति-पत्नी की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। इधर, घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद बागबेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, जिसके बाद जाम हटा लिया गया। गुस्साएं स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क में नो एंट्री रहने के बावजूद भारी वाहनों का परिचालन होता है। प्रशासन की लापरवाही से ही सड़क दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती है।

बताया जाता है कि मृतक दंपती परसुडीह थाना क्षेत्र के प्रमथनगर के रहने वाले हैं। दोनों बाइक पर सवार होकर परसुडीह की तरफ जा रहे थे। इस बीच केंद्रीय विद्यालय के मोड़ के पास तेज रफ्तार में आ रही डंपर की चपेट में दोनों आ गए, जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई।

बागबेड़ा के थाना प्रभारी गोपाल कुमार यादव का कहना है कि मृतकों के परिजनों को सूचना देने की कोशिश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम भेजा दिया गया है। डंपर चालक की खोजबीन की जा रही है और वाहन मालिक को भी बुलाया गया है। साथ ही यह जांच की जा रही है की बेवक्त डंपर कैसे प्रवेश कर गया।

कांग्रेस कोटे से बने मंत्रियों के कामकाज की होगी सोशल ऑडिट, पार्टी जनता से लेगी फीडबैक

रांची, एजेंसी। झारखंड में दोबारा से सरकार बनाने के बाद कांग्रेस इस बात को लेकर ज्यादा गंभीर है कि चुनाव के दौरान जनता से किए चुनावी वादों को पूरा किया जाए। इसके साथ ही हेमंत सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के सभी मंत्रियों की जनता के बीच पॉजिटिव छवि बनीं रहे। कांग्रेस अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए झारखंड कोटे के सभी मंत्रियों के कामकाज और पार्टी कार्यकर्ताओं-आमजन में उनकी छवि का सोशल ऑडिट कराने का फैसला किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और वर्तमान में प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व से यह आदेश मिला है कि मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा हो और उनकी जनता के बीच क्या छवि बनीं है इसकी भी जानकारी ली जाए।

07 गारंटी को पूरा करने की दिशा में काम करने के निर्देश : जगदीश साहू ने कहा कि अभी हाल ही में चारों मंत्रियों की दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ बैठक हुई थी।

जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी मंत्रियों को यह निर्देश दिया था कि वह चुनाव के समय जनता को दी गई सात गारंटियों को धरातल पर उतारने के लिए गंभीर प्रयास करें।

जनता के बीच जाकर मंत्रियों-विधायकों के कामकाज को लेकर फीडबैक लेगी कांग्रेस : जगदीश साहू ने कहा कि पार्टी ने एक ओर जहां आम जनता की सुविधा के लिए मंत्रियों को जनता दरबार लगाकर जन शिकायतों को तत्काल सुलझाने का निर्देश दिया है। वहीं चारों मंत्रियों के बीच छह-छह जिले का प्रभार सौंपने की योजना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कमिटी की ओर से भी पदाधिकारियों को जनता के बीच भेजा जाएगा।

मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा। एक स्वाभाविक प्रक्रिया: राकेश सिन्हा : झारखंड कांग्रेस द्वारा अपने मंत्रियों के कामकाज की सोशल ऑडिट और समीक्षा को सामान्य प्रक्रिया बताते हुए कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि जनता ने बेशुमार आशीर्वाद देकर हमें दोबारा सत्ता सौंपी है। हमने जनता से कई चुनावी वादे भी किये थे, ऐसे में जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारी है, इसलिए कांग्रेस कोटे के मंत्रियों और विधायकों के कामकाज समीक्षा भी जरूरी है।

सरकार में कांग्रेस कोटे से 04 मंत्री : झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार में कांग्रेस कोटे से 04 मंत्री हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कांग्रेस कोटे से मंत्री हैं।

दुमका उत्पाद विभाग के अधिकारियों पर भड़के मंत्री योगेंद्र प्रसाद, एक्साइज कमिश्नर और असिस्टेंट को शो-कॉज

दुमका, एजेंसी। झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद शुक्रवार को दुमका पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने दुमका, देवघर और जामताड़ा के विभागीय अधिकारियों के साथ उपराजधानी में ही बैठक की। समीक्षा के दौरान दोनों विभागों के कार्यों से मंत्री असंतुष्ट दिखे। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शो-कॉज किया है। साथ ही बाकी के पदाधिकारियों को बेहतर ढंग से कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया।

झारखंड सरकार के उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद दुमका उत्पाद विभाग के अधिकारियों के रवैये से काफी नाराज दिखे। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों को बेहतर ढंग से निष्पादित करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से राजस्व का काफी नुकसान हुआ है। इस पर तत्काल एक्शन लेने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि दुमका के एक्साइज असिस्टेंट और कमिश्नर सभी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं या सोये रहते हैं। हालत यह है कि उत्पाद विभाग का काम भी पुलिस कर रही है। पुलिस ही अवैध शराब जब्त कर रही है और छापेमारी कर रही है। एक्साइज अधिकारियों को शो-कॉज किया गया है।मीडिया से बातचीत में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि एनओसी नहीं मिलने के कारण दुमका के सरैयाहाट और शिकारीपाड़ा प्रखंड में अब तक गंगा का पानी नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने बताया कि इसमें वन विभाग , पथ निर्माण विभाग और एनएचएआई डिपार्टमेंट की एनओसी चाहिए। फिलहाल दो विभागों की एनओसी प्राप्त हो गई है, सिर्फ वन विभाग में कुछ मामला फंसा हुआ है। उसका क्लीयरेंस मिलते ही गंगा का पानी लोगों को उपलब्ध होगा। इसके साथ उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि गर्मी शुरू होने के पहले यह सुनिश्चित करें कि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो।

मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पेयजल विभाग की कई ऐसी योजनाएं हैं जिसका काम अब तक पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन विभागीय सुस्ती की वजह से योजनाओं का काम अधूरा है। लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारियों को भी शो-कॉज किया गया है।

फिर बढ़ सकती हैं पूजा सिंघल की मुश्किलें, ईडी की याचिका पर 17 फरवरी को होगी सुनवाई

रांची, एजेंसी। मनरेगा घोटाले की राशि की मनी लॉड्रिंग की आरोपित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की निलंबन वापसी के बाद भी मुश्किलें कम होती नहीं नजर आ रही हैं। अब पूजा सिंघल की पोस्टिंग नहीं करने को लेकर श्वष्ठ ने कोर्ट में आवेदन दिया है।शनिवार को कोर्ट के नहीं बैठने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में दाखिल ईडी की याचिका पर 17 फरवरी को सुनवाई होगी। इस मामले में पूजा सिंघल के वकील ने जवाब दाखिल कर दिया है। मामले में ईडी के वकील अदालत में सोमवार को पक्ष रखेंगे। ईडी ने अपने आवेदन में कहा है कि पूजा सिंघल आपराधिक मुकदमा का सामना कर रहीं है। ऐसे में निलंबन मुक्त होने के बाद उनकी पोस्टिंग की जाती है तो सुनवाई प्रभावित हो सकती है।

ईडी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी हवाला इस मामले में दिया है। बता दें कि पूजा सिंघल को नए कानून बीएनएसएस के तहत सात दिसंबर को ईडी कोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान की थी। जेल से निकलने के बाद पूजा सिंघल का निलंबन वापस ले लिया गया। इसके बाद उन्होंने कार्मिक विभाग में योगदान दिया है। 28 महीने जेल में रहने के बाद पिछले साल दिसंबर महीने में पूजा सिंघल

को जमानत मिली। वहीं, 21 जनवरी को उनका निलंबन वापस ले लिया गया, जिसके बाद श्वष्ठ ने पूजा सिंघल की पोस्टिंग नहीं करने को लेकर आवेदन दिया है।

आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच खूंटी उपायुक्त रहने के दौरान बिना काम के मनरेगा के तहत 18 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया था। इस मामले में निगरानी विभाग ने इंजीनियरों पर 2011 में पहली प्राथमिकी दर्ज की थी।

मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच करते हुए इस मामले में 6 मई 2022 को ईडी ने पूजा सिंघल के चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार के पास से 19।76 करोड़ रुपये नकदी की बरामदगी की थी।

अमेरिका मानवाधिकार का कर रहा उल्लघंन, माले सांसद ने पीएम नरेंद्र मोदी पर भी साधा निशाना

पलामू, एजेंसी। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति फ्रेमवर्क तीन कृषि कानून की तरह है। केंद्र की सरकार कंपनियों के लिए खेती करवाना चाहती है। यह आरोप बिहार के काराकाट से भाकपा माले के सांसद राजाराम सिंह ने लगाया है। राजाराम सिंह शनिवार को पलामू में अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। पलामू में मीडिया से बातचीत करते हुए राजाराम सिंह ने कहा कि नई कृषि नीति में चुपके से तीन कृषि कानूनों को शामिल किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की सरकार कृषि को कॉरपोरेट के हाथों में देना चाहती है।

सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे से सिर्फ अडानी को फायदा हुआ है। अमेरिका में अडानी पर दर्ज मामले पर छह महीने के लिए स्टे लग गई है। उन्होंने कहा कि प्रवासियों को भारत भेजे जाने के मामले में कोई बातचीत नही हुई है। सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि जब पूंजीपतियों के लिए राष्ट्र की कोई सीमा नहीं है, तो मजदूरों के लिए भी नहीं होनी चाहिए। अमेरिका मानवाधिकार का उल्लंघन कर रहा है।

सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि झारखंड पर्यावरण का पावर हाउस है। यहां के जल जंगल और जमीन को बचाने की जरूरत है। झारखंड में महागठबंधन की सरकार है और वह भी सरकार को समर्थन दे रहे हैं।झारखंड की सरकार आदिवासी और पर्यावरण के हितों का ख्याल रखेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में लू से 62 लोगों की मौत हुई थी, उस दौरान भी उन्होंने पर्यावरण के विषय पर संसद में बोला था। बिहार और झारखंड पड़ोसी हैं, झारखंड में पर्यावरण सुरक्षित रहने से इसका प्रभाव बिहार में भी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जल जंगल और जमीन पर आदिवासियों का अधिकार है।

सांसद ने कहा कि अखिल भारतीय किसान महासभा की राज्य परिषद की बैठक में हजारीबाग के बड़कागांव पाल प्रोजेक्ट के विषय में भी चर्चा होगी, कोल प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया जाएगा। इस निर्णय को लागू करवाने के लिए राज्य सरकार पर दबाव भी बनाया जाएगा। सांसद ने बताया कि बड़कागांव में कोल प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी अडानी को दी गई है। यह इलाका कृषि एवं प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध है। कोल प्रोजेक्ट से सीधे तौर पर पर्यावरण को नुकसान होगा।

सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि झारखंड कृषि के लिए अच्छी जमीन है। राज्य सरकार को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मंडल डैम से बिहार को भी फायदा है मुआबजा एवं अन्य बिंदु को लेकर बिहार सरकार के भी पहल करने की जरूरत है।

केंद्र सरकार का झारखंड पर बकाया बढ़कर 2.36 लाख करोड़, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का बड़ा बयान

रांची, एजेंसी। झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार का झारखंड पर बकाया कुछ दिनों में बढ़कर 1.36 लाख करोड़ से बढ़कर 2.36 लाख करोड़ हो जाएगा। झारखंड वित्त विभाग इसका ब्योरा तैयार करने में लगा है। इसकी रिपोर्ट कुछ दिनों में पेश कर दी जाएगी। ये बातें उन्होंने शनिवार को एमपी-एमएलए कोर्ट दुमका में पेशी के बाद कही है।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह शनिवार को एमपी-एमएलए कोर्ट दुमका में किसी मामले में पेश होने आयी थी। कोर्ट से बाहर आने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। समाज के उत्थान के लिए जो योजनाएं यहां पर चलायी जा रही है उसमें केंद्र सरकार अपना अंश देने में कोताही बरत रही है।दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पहले से ही कोयले की रॉयल्टी 1।36 लाख करोड़ रुपये बाकी है। हाल के दिन में अलग-अलग विभाग के करोड़ों का बकाया हो चुका है, जिसमेंम् पीएम आवास योजना, मनरेगा, नल-जल योजना और बाल विकास परियोजना की राशि शामिल है।मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की भूमि रही है और अपना हक पाने की लिए हमें आंदोलन करना भी आता है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

कानून में किए गए संशोधनों के पीछे का निहितार्थ

केन्द्र सरकार ऐसे कानूनों में बदलाव ला रही है या लाने के लिए प्रयासरत है जो वन संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जैव-विविधता और खनन से जुड़े हैं। ऐसे कानूनों में लाए जा रहे बदलावों से आदिवासियों और वन निवासियों के जीवन पर विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है। संविधान में आदिवासियों और वन निवासियों के हकों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। वन अधिकार कानून 2006 और पेसा कानून 1996 में वनों की जो लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था निर्धारित की गई है उसे वर्तमान सरकार के द्वारा किए जा रहे कानूनी बदलावों से भारी खतरा है।इस कानूनी बदलावों के पीछे के आर्थिक एजेंडे को समझने की जरूरत है,जिसका मुख्य उद्देश्य व्यापार को आसान बनाना है।खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम,1957,वन संरक्षण कानून 1980, पर्यावरण प्रभाव आकलन 2006 आदि कानूनों और नियमों में प्रस्तावित संशोधन और किए गए संशोधन इस बात का सबूत है कि राज्य पूंजीपति और बड़े व्यवसायिक घरानों को सहुलियत पहुंचाने के लिए काम करती है। राज्य वन संसाधनों को व्यापारी वर्ग को सौंप देना चाहती है।करोना काल में मध्यप्रदेश सरकार के 'प्रधान मुख्य वन संरक्षक' कार्यालय ने 20 अक्तूबर 2020 को 37 लाख हेक्टेयर बिगड़े-वनों को 'पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप' (पीपीपी) मोड पर निजी कम्पनियों को देने का आदेश जारी किया था, परन्तु विरोध के बाद इसे रोका गया। इसी 'संरक्षित वन' में से लोगों को 'वनाधिकार कानून – 2006' के अन्तर्गत 'सामुदायिक वन निस्तार हक्क' या 'सामुदायिक वन संसाधनों' पर समुदाय का अधिकार दिया गया है या दिया जाने वाला है। अगर ये 37 लाख हेक्टेयर वनभूमि उद्योगपतियों के पास होगी, तो फिर लोगों के पास कौन सा जंगल होगा? 'इंडिया स्पेंड' की 2019 की रिपोर्ट के अनुसार देश के 10 लाख आदिवासियों से जमीन छीनकर कारोबारियों को दे दी गई है। वर्तमान में फिर से मध्यप्रदेश सरकार ने वनीकरण के लिए बिगड़े वन भूमि को ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण के लिए निजी निवेशकों को सोंपने का योजना बनाई है, जिसमें निवेशकों को 50 प्रतिशत लघु वनोपज बेचने का अधिकार भी शामिल होगा।

महान साधक थे रामकृष्ण परमहंस

जयन्ती (18 फरवरी) पर विशेष

रमेश सर्राफ धमोरा

रामकृष्ण परमहंस भारत के एक महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक थे। इन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। अतः ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया। स्वामी रामकृष्ण मानवता के पुजारी थे। साधना के फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं। वे ईश्वर तक पहुँचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। 19 वीं शताब्दी में श्री रामकृष्ण परमहंस एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे। जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातों को सामान्य लोगों के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में एक नयी उम्मीद जगाई। रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभावपड़ा। एक थी भैरवी जिन्होंने उन्हें अपनेकापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभूति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता है। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हें कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये। रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था। तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधि थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्षो से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी। श्री रामकृष्ण परमहंस का जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी- देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गई थी। 1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र

घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था। अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होंने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नहीं थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है। रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हे अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष मे पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रूप में आराधना की। यही शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं। रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उसे अपना गुरू मान लेते थे। इनके प्रमुख शिष्यों में स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। श्री रामकृष्ण के जीवन के अन्तिम वर्ष कारुण रस से भरे थे। 15 अगस्त 1886 को अपने भक्तों और स्नेहितों को दुख के सागर में डुबाकर वे इस लोक में महाप्रयाण कर गये। रामकृष्ण परमहंस महान योगी, उच्चकोटि के साधक व विचारक थे। सेवा पथ को ईश्वरीय, प्रशस्त मानकर अनेकता में एकता का दर्शन करते थे। सेवा से समाज की सुरक्षा चाहते थे। रामकृष्ण का सारा जीवन अध्यात्म-साधना के प्रयोगों में बीता। वे लगातार कई घंटों तक समाधि में लीन हो जाते थे। चौबीस घंटे में बीस-बीस घंटों तक वे उनसे मिलनेवाले लोगों का दुख-दर्द सुनते और उसका समाधान भी बताते। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। रामकृष्ण परमहंस मुख्यतः आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता थे। जिन्होंने देश में राष्ट्रवाद की भावना को आगे बढ़ाया। उनकी शिक्षा जातिवाद एवं धार्मिक पक्षपात को नकारती हैं। विभिन्न धर्मों के माध्यम से रामकृष्ण के रहस्यमय अनुभवों ने उन्हें यह सिखाने के लिए प्रेरित किया कि विभिन्न धर्म पूर्ण ज्ञान और आनंद तक पहुँचने के अलग-अलग साधन हैं और विभिन्न धर्म पूर्ण सत्य की समग्रता को व्यक्त नहीं कर सकते हैं लेकिन इसके पहलुओं को व्यक्त कर सकते हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये उनके परम् शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने एक मई 1897 को बेलुड़ में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। इस मिशन की स्थापना के केंद्र में वेदान्त दर्शन का प्रचार-प्रसार है। रामकृष्ण मिशन के उद्देश्य मानवता के सर्वांगीण कल्याण के लिए काम करना, विशेष रूप से गरीबों और दलितों के उत्थान के लिए।

सूडोकु नवताल- 7344

★☆☆☆☆ सरल

8	5			3		6	1	
6	7		9		4		2	
2					1			4
	3	9			7			
	6	2		8		4	7	
			6			9	3	
3			5					7
	4		1		6		8	3
	8	5		7			9	6

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7343 का हल

6	3	7	2	1	5	4	8	9
9	8	4	3	7	6	5	2	1
2	5	1	9	4	8	7	3	6
3	6	8	5	9	7	1	4	2
7	2	9	4	8	1	6	5	3
4	1	5	6	3	2	8	9	7
5	7	6	8	2	9	3	1	4
8	4	2	1	6	3	9	7	5
1	9	3	7	5	4	2	6	8

शिक्षा का असली उद्देश्य ज्ञानार्जन

रजनीश कपूर

आवश्यक है कि विद्यालयों में गुणवत्ता सुधार के साथ-साथ परीक्षाओं में सफलता का मूल्यांकन केवल अंकों के आधार पर न किया जाए, बल्कि छात्रों की संपूर्ण योग्यता और कौशल को ध्यान में रखा जाए। जब शिक्षा का असली उद्देश्य ज्ञानार्जन बनेगा, तभी समाज का वास्तविक विकास संभव होगा। देश में वार्षिक परीक्षाएँ छात्रों के भविष्य को निर्धारित करने का प्रमुख माध्यम हैं। लेकिन हाल के वर्षों में, शिक्षा का मूल उद्देश्य ज्ञान अर्जन से हटकर केवल उच्च अंक प्राप्त करने तक ही सीमित होता जा रहा है। खासकर देहाती क्षेत्रों के विद्यार्थी अब नियमित कक्षाओं में पढ़ने की बजाय कोचिंग सेंटरों पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं, क्योंकि वहाँ कम समय में अधिक अंक प्राप्त करने के आसान तरीके बताए जाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के समग्र विकास के लिए भी एक चुनौती बनती जा रही है। देश के गाँवों के छात्रों में एक नई होड़ देखी जा रही है। देहाती छात्र काफ़ी मात्रा में विद्यालय से विमुख हो रहे हैं। इसके पीछे शिक्षा प्रणाली की कई खामियाँ ज़िम्मेदार मानी जा सकती हैं। इनमें अहम हैं ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की कमी, कमजोर आधारभूत संरचना और अपर्याप्त शिक्षण सामग्री के कारण विद्यार्थी नियमित कक्षाओं में रुचि नहीं लेते। इसके अलावा कोचिंग संस्कृति का प्रभाव इतना बढ़ गया है कि छात्रों को लगता है कि विद्यालय में पढ़ने की तुलना में कोचिंग सेंटरों में परीक्षा के लिए विशेष तरीके सिखाए जाते हैं। जिससे वे कम समय में अधिक अंक प्राप्त कर सकते हैं। यह धारणा दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। इतना ही नहीं गाँव के भोले भाले युवकों को लुभाने की मंशा से कई कोचिंग सेंटर यह दावा भी करते हैं कि वे छात्रों को परीक्षा में अधिक अंक दिलाने में मदद करेंगे। जिससे अभिभावक भी अपने बच्चों को विद्यालय भेजने की बजाय कोचिंग में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित होते हैं। ऐसे में यदि शिक्षक भी उदासीन रवैया अपनाना शूर कर दें तो वह आग में घी का काम करता है। ऐसा भी देखने में आया है कि ग्रामीण इलाक़ों के कई सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी या उनकी लापरवाही के कारण कक्षाओं का स्तर गिरता जा रहा है। ऐसे में छात्र कोचिंग का विकल्प चुनने को मजबूर हो जाते हैं। आज से कई वर्ष पूर्व 'थ्री इडिअट्स फ़िल्म में भी यह दिखाया गया था कि अधिक अंकों की होड़ का छात्रों पर काफ़ी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जबकि होना यह चाहिए कि अगर हर नौजवान को अपने दिल की आवाज सुनकर अपनी जिंदगी की राह तय करनी चाहिए। यदि वो अइस करता है तो वह खुश भी होता है और सही मायने में सफल भी। केवल ज्यादा पैसे कमाने के लिए बिना समझे रट्टा मारने वाले कोल्हू के बैल ही होते हैं। जिनकी जिंदगी में रस नहीं आ पाता। यही कारण है कि आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थानों से पढ़कर सैकड़ों नौजवान आज देश में ऐसे काम कर रहे हैं जिसका उनकी डिग्री से कोई लेना देना नहीं है। मसलन झुग्गियों में बच्चों को पढ़ाना, आध्यात्मिक आन्दोलनों में भगवत्गीता का प्रचारक बनना या गांव के नौजवानों के लिए छोटे-छोटे कुटीर उद्योग स्थापित करने में मदद करना। दूसरी तरफ इंजीनियरिंग की डिग्री की भूख इस कदर बढ़ गयी है कि एक-एक शहर में दर्जनों प्राईवेट इंजीनियरिंग कॉलेज खुलते जा रहे हैं। जिनमें दाखिले का आधार योग्यता नहीं मोटी रकम होता है। इन कॉलेजों में योग्य शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी रहती है। फिर भी यह छात्रों से भारी रकम फीस में लेते हैं।

बेचारे छात्र अधिकतर ऐसे परिवारों से होते हैं जिनके लिए यह फीस देना जिंदगी भर की कमाई को दाव पर लगा देना होता है। इतना रूपया खर्च करके भी जो डिग्री मिलती है उसकी बाजार में कीमत कुछ भी नहीं होती। तब उस युवा को पता चलता है कि इतना रूपया लगाकर भी उसने दी गयी फीस के ब्याज के बराबर भी पैसे की नौकरी नहीं पाई। तब उनमें हताशा आती है। आज हालत यह है कि यों की दुकानों पर सेल्समैन का काम कर रहे हैं। समय और पैसे का इससे बड़ा दुरूपयोग और क्या हो सकता है? इसलिए समझ की बजाय रटने की प्रवृत्ति को समाप्त करने में ही समझदारी है। लेकिन देखा यह गया है कि कुछ कोचिंग संस्थान परीक्षा पास कराने के लिए रटने पर जोर देते हैं। जिससे छात्रों की तार्किक और विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित नहीं हो पाती। ऊपर से कोचिंग सेंटरों की बढ़ती फीस ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए एक अतिरिक्त बोझ बन रही है। सोचने वाली बात यह है कि जब छात्र स्कूल की पढ़ाई को महत्व नहीं देते, तो विद्यालयों की गुणवत्ता और भी गिरती जाती है। इससे शिक्षा प्रणाली कमजोर होती है।

मेष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढ़ेगा, आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। नवविवाहित दंपति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।

मिथुन राशिः आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे, इससे नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको बात करते समय अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, अन्यथा आपका विरोध हो सकता है।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखाना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज घर के कामों को करने के बाद फोन पर बातचीत करके अपना कुछ समय व्यतीत करेंगी।

तुला राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखदर हेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे।

धनु राशि : आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। किसी पार्क में परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की संभावना है। पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से संपर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों को गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है। आप आज भक्तिमय रहेंगे, गौ सेवा करने का मन बनाएंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा। ऑटो मोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा हो जाएगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को खुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। इससे आपको जरूरी बातें पता चल सकती हैं।

महिला उत्पीड़न कानून में सुधार की जरूरत

विजय कुमार झा

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक मामले की सुनवाई के दौरान दहेज के खिलाफ बने कानूनों के दुरुपयोग को लेकर गहरी चिन्ता जताई है। इस दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए दहेज उत्पीड़न के मामलों पर सतर्कता बरतने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने निजी दुश्मनी निकालने या गलत इरादे से दहेज कानूनों के इस्तेमाल को लेकर कड़ी चेतावनी दी और इस मामले की सुनवाई करते हुए एक व्यक्ति पर उसकी पत्नी द्वारा दायर आरोपों को रद्द करने का भी आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने पति के खिलाफ लगे आरोपों को खारिज कर दिया। दरअसल, उस व्यक्ति की पत्नी ने उसके और उसके माता-पिता के खिलाफ आईपीसी की धारा 498-ए, 504, 506, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 और दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के तहत आपराधिक मामले दर्ज कराए गए थे। इससे पहले इसी मामले में हाई कोर्ट ने उस व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया था। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील की जांच करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'ऐसी परिस्थितियों में आपराधिक कार्यवाही जारी रखना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। आपराधिक कानून का इस्तेमाल किसी को परेशान करने या बदला लेने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।'

दरअसल, पिछले कुछ दिनों से दहेज उत्पीड़न कानून को लेकर देश में लगातार चर्चा हो रही है। कई उच्च न्यायालयों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने इस कानून के बेजा इस्तेमाल पर सवाल उठाए हैं और कहा कि महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने वाला यह कानून कई बार पुरुषों के उत्पीड़न का हथियार बन जाता है। ऐसा नहीं होना चाहिए। कलकत्ता हाई कोर्ट ने तो एक मामले की सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न कानून के बेजा इस्तेमाल को 'कानूनी आतंकवाद' की संज्ञा दी थी।

दहेज उत्पीड़न कानून के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता पर सवाल उठाते हुए पिछले सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका पहुंची, जिसे अदालत ने दो मिनट के अंदर खारिज कर दिया। इस अर्जी पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस के.वी. चंद्रन की बेंच ने कहा कि 'आप इस मामले में संसद के पास जाएं। कोई भी कानून बनाना और उसे खत्म करना संसद का काम है।' सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका रूपसी सिंह ने दायर की थी, जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस कानून के कुछ प्रावधान अवैध हैं और उन्हें खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जनता की भावना है, जिसे उठाते हुए उन्होंने अर्जी दाखिल की है। हालांकि, अदालत उनकी दलीलों से बिलकुल भी सहमत नहीं दिखी और 2 मिनट के अंदर अर्जी पर सुनवाई से इनकार कर दिया। बेंच ने कहा, 'याचिका डिसमिस है। आप संसद से यह बात करें।' स्पष्ट है कि देश की सर्वोच्च अदालत ने संसद से इस कानून में सुधार की अपेक्षा जताई। इसके पहले पिछले दिनों बेंगलुरु में रहने वाले एक इंजीनियर अतुल सुभाष ने घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न के मुकदमे से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने अपनी खुदकुशी से पहले एक वीडियो भी शेयर किया था, जिसमें उन्होंने दहेज उत्पीड़न कानून पर सवाल उठाए थे।

दरअसल, सच्चाई यही है कि महिला उत्पीड़न कानून देश में महिलाओं को दहेज और घरेलू हिंसा से बचाने के साथ-साथ उन्हें संरक्षण देने के उद्देश्य से लागू किया गया था। लेकिन, इस कानून का धड़ल्ले से दुरुपयोग किए जाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इस कानून की आड़ में निर्दोष पुरुषों और उनके परिवारों को भी निशाना बनाया जा रहा है। यही वजह है कि इस कानून के गलत उपयोग पर देश भर में कई उच्च न्यायालयों ने सवाल उठाए हैं। देश की सर्वोच्च अदालत के साथ-साथ कई अदालतों ने भी इन कानूनों में सुधार की जरूरत पर जोर दिया है। क्योंकि, इन कानूनों का दुरुपयोग हो रहा है और इनका इस्तेमाल पति-पत्नी के बीच विवाद को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। एक तरफ हम सभी को समानता का अधिकार देने की वकालत करते हैं, जबकि दूसरी ओर इन कानूनों में लिंग के आधार पर भेदभाव है और इनका उपयोग केवल एक पक्ष की बातों पर फैसला सुनाने के लिए किया जा रहा है। ऐसे में हमारी सरकार अगर केवल आधी आबादी को खुश रखने के लिए इन कानूनों का दुरुपयोग किए जाने का पक्षधर बनी रहेगी तो उसे आधी आबादी के गुस्से का भी सामना करना पड़ सकता है। वैसे भी, घरेलू हिंसा और महिला उत्पीड़न के मामलों में न सिर्फ पुरुषों का उत्पीड़न किया जाता है, बल्कि निर्दोष घरेलू महिलाएं और उनके भोले-भाले बच्चे भी इन कानूनों का शिकार बनते हैं। इसलिए, केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह इस कानून को लेकर सर्वोच्च न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों की टिप्पणी को बार-बार नजरअंदाज न करे। क्योंकि, देश में अंग्रेजों के बनाए कानून (भारतीय दण्ड संहिता) को खत्म कर 'भारतीय न्याय संहिता' लागू किया जाना भी तभी सार्थक होगा, जब केन्द्र सरकार इन सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर संसद से इन कानूनी विसंगतियों को जल्द से जल्द दूर करे।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
रांची – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

दिल्ली की तरह गया में भी दौड़ेंगी सीएनजी बसें, सीसीटीवी और जीपीएस की सुविधा से होगी लैस

गया, एजेंसी। बिहार सरकार जल्द ही विष्णु पद मंदिर और महाबोधि मंदिर तक आवागमन की बड़ी सुविधा उपलब्ध कराएगी. अब शहर में सीएनजी बस चलेंगी. पहले से ही बोधगया महाबोधि मंदिर और इंटरनेशनल गया एयरपोर्ट तक आवागमन की सुविधा के लिए सड़क विस्तार करने पर जोर है. आमस दरभंगा एक्सप्रेसवे से महाबोधि मंदिर को जोड़ने की पहल की गई है, जबकि दोमुहान बोधगया से एयरपोर्ट मुख्य द्वार को जोड़ने वाली सड़क मोड से होते हुए ओटीए 5 नंबर गेट तक फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य तेजी से हो रहा है, लेकिन अब गया कि सड़कों पर प्रदूषण मुक्त बसें चलाने का भी प्रयास किया जा रहा है.

गया में चलेंगी सीएनजी बसें

गयाजी भी उन शहरों की सूची में शामिल हो जाएगा, जहां रोड सर्विस के माध्यम से प्रदूषण को नियंत्रण करने का प्रयास हुआ है. चूंकि गयाजी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है तो यहां अच्छी कनेक्टीविटी के साथ सुलभ ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध कराने और प्रदूषण पर काबू पाने का प्रयास सरकार और जिला प्रशासन का है. यही वजह है कि गया में भी अब सीएनजी वाली बसें चलेंगी.

होली पर मिलेगी सौगात

बिहार राज्य ट्रांसपोर्ट की ओर से गया वासियों को ये सौगात होली से पहले दी जाएगी, तेजी से इसकी तैयारी की जा रही है. बसों को गया शहर से बोधगया के साथ विभिन्न जिलों के स्थानों के लिए चलाई जाएगी. गया को पहले फेज में लगभग 49 सीएनजी बसें मिलेंगी. हाल के वर्षों में गया में प्रदूषण का लेवल बढ़ा है, ऐसे में साफ वातावरण के लिए शहर की सड़कों पर सीएनजी बसों के चलने से बड़ी राहत होगी. सीएनजी संचालित बस चलने से गया की सड़कों पर प्रदूषण की समस्या कम होगी.

इन रास्तों पर चलेंगी बसें

एआरएम राजीव कुमार ने बताया कि हर आधे घंटे पर गया सरकारी बस स्टैंड से सीएनजी बसें चलेंगी. सीएनजी बसें गया से बोधगया, राजगीर बिहारशरीफ, औरंगाबाद, आती गया, डुमरिया, जहानाबाद, नवादा, हसपुरा समेत झारखंड के चतरा और हजारीबाग आदि जिले में चलेंगी. मुख्य रूप से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, कम भाड़े में ये गाड़ियां चलेंगी और इस से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा. गया के एआरएम राजीव कुमार का कहना है कि बस में विभिन्न सुविधा उपलब्ध होगी. खासकर बस में सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे और यात्री कैमरे की निगरानी में यात्रा करेंगे. बस जीपीएस से लैस होगी, जिससे बस पड़ाव की जानकारी अधिकारियों और विभाग के कर्मियों को मिलती रहेगी. 2/2 सेट की यह बसें होंगी और लगभग इसमें 32 सीट होगी. अभी मगध प्रमंडल के तीन बस डिपो में सीएनजी स्टेशन बनाए जाएंगे, जिनमें गया औरंगाबाद और नवादा है. यहीं से बसों में सीएनजी भरा जाएगा.-

गया सरकारी बस स्टेशन को मिलीं 49 सीएनजी बसें

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम गया को 49 सीएनजी संचालित बस देने वाली है. होली पर्व तक बसें यहां आएंगी, सीएनजी बसों को लेकर सीएनजी गैस स्टेशन बस पड़ाव में ही बनेगा. जहां बसों में सीएनजी भरा जाएगा. सीएनजी संचालित बसों में यात्रियों का सफर काफी आरामदायक होगा, गया इंटरनेशनल स्थल है. यहां देश-विदेश के लोग आते हैं, उन्हें ट्रांसपोर्ट की अच्छी सुविधा उपलब्ध होने से लाभ होगा. इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा.

कम होगा प्रदूषण

गया में औसत प्रदूषण लेवल 100 से 150 के बीच में रहता है. हालांकि ये शहरी क्षेत्र में होता है. इन बसों के चलने से इस में और सुधार होगा. प्रसनजीत चक्रवर्ती ने कहा कि सीएनजी बसें डीजल या पेट्रोल से चलने वाली बसों की तुलना में कम ईंधन की खपत करती हैं. सीएनजी बसें डीजल या पेट्रोल से चलने वाली बसों की तुलना में कम शोर करती हैं. जिससे वह यात्री जिनके शहर या देश में सीएनजी या इलेक्ट्रिक गाड़ियां चलती हैं, उन्हें डीजल पेट्रोल की बसों में चलने में काफी समस्या होती है. सामाजिक कार्यकर्ता प्रसनजीत चक्रवर्ती का कहना है कि अगर विभाग की ओर से सीएनजी बसें चलाई जा रही हैं तो इससे विदेशी यात्रियों को भी काफी सहूलियत होगी. वह अपने देश की ट्रांसपोर्ट सेवा की तरह ही यहां के ट्रांसपोर्ट सेवा का लाभ उठाएंगे. सीएनजी एक स्वच्छ ऊर्जा स्रोत है, जो वायुमंडलीय प्रदूषण को कम करने में मदद करता है. इनकी उम्र भी लंबी होती है, इनका मेंटेनेंस भी काम होता है.-

संक्षिप्त समाचार

बाइक चोर गिरोह का खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार

- बांका में 2 चोरी की बाइक बरामद
- पुलिस चेकिंग देखकर भागने लगे थे

बांका, एजेंसी। बांका में पुलिस ने एक कार्रवाई करते हुए बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। नवादा बाजार पुलिस ने शनिवार की रात 9:30 बजे कोतवाली चौक के पास से चार युवकों को दो चोरी की बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नवादा थाना क्षेत्र के अमहारा गांव के वीरेंद्र कुमार उर्फ सूरज (22) और आशीष कुमार (19) शामिल है। इनके साथ धोरैया थाना क्षेत्र के धोरैया गांव निवासी लक्ष्मण कुमार (19) और राहुल कुमार उर्फ रितेश (19) को भी गिरफ्तार किया गया है। सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के अनुसार, नवादा थानाध्यक्ष शंकर कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान अमहारा हरचंडी की तरफ से दो बाइकों पर सवार चार युवक तेज रफ्तार में आए। पुलिस को देखते ही वे दूसरे रास्ते से भागने लगे। उन्हें खदेड़कर पकड़ा गया। जब पुलिस ने बाइकों के कागजात मांगे तो वे नहीं दिखा पाए और पूछताछ में बाइकें चोरी की होना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों से एक यामाहा और एक अपाची मोटरसाइकिल बरामद की है। फिलहाल सभी आरोपियों को थाने लाया गया है। वहां मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बिहार में क्रिकेट को मिलेगा नया आयाम:हर जिले में बनेगी 20-20 टीम

- ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका

गोपालगंज, एजेंसी। गोपालगंज के एक निजी होटल में बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से बैठक आयोजित की गई। इसमें क्रिकेट प्रेमियों को एक नए प्लेटफार्म देने की रणनीति तैयार की गई। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया के तहत बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से ग्रामीण इलाके के युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए पूरे बिहार के सभी जिलों में 20-20 टीम बनाई जाएगी। टीम में शामिल सभी खिलाड़ी अपनी प्रतिमा को लोगों के सामने रखने का कार्य करेंगे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य व नेशनल मैच तक खेलने का मौका मिलेगा। हर गांव और मोहल्ले में छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए ट्रायल मैच खेलने के बाद खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। यह बाते शहर के थाना रोड स्थित एक होटल में बैठक के बाद प्रेसवार्ता कर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से होने वाले ग्रामीण रूरल लीग प्रतियोगिता के आयोजन के सदस्य ज्ञानेश्वर गौतम और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष साकेत गिरी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया की शुरुआत की है। इसके तहत बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने सभी जिलों में 20-20 टीम बनाने का निर्देश दिया है। सभी टीमों में ग्रामीण इलाके के वैसे युवा जो क्रिकेट के प्रति रुचि रखते है। लेकिन उनके पास संसाधन नहीं है। वैसे सभी खिलाड़ियों का चयन करने का कार्य जिला स्तरीय क्रिकेट एसोसिएशन के तरफ से किया जाएगा। यहां प्रशिक्षण के बाद लीग मैच का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ियों की चयन की प्रकिया दस मार्च के बाद से शुरू कर दी जाएगी। खिलाड़ियों के चयन की जिम्मेदारी खेले इंडिया के संयोजक प्रिंस सिंह और उनके एक अन्य सहयोगी के जिम्मे है। मौके पर आईपीएल मैच के लिए चयनित खिलाड़ी साकिब हुसैन भी मौजूद थे।

बिहार के गोपालगंज सरकारी अस्पताल में 12 फर्जी स्वास्थ्यकर्मी कर रहे थे इलाज, एफआईआर दर्ज कराई

गोपालगंज, एजेंसी। बिहार में फर्जी स्वास्थ्यकर्मी का खुलासा सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा है. फर्जी तरीके से नियुक्त पाकर 12 स्वास्थ्य कर्मियों कें खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है. इसमें 11 फर्जी स्वास्थ्य कर्मियों पर नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गयी है. एक नर्स की कुछ दिनों पूर्व प्रसव के दौरान मौत गयी थी.

4 वर्षों से दे रहे थे सेवा

दरअसल, यह मामला गोपालगंज सदर अस्पताल में सामने आया है. राज्य निदेशक प्रमुख नर्सिंग स्वास्थ्य सेवाएं बिहार पटना द्वारा सितंबर में जारी पत्र से इसका खुलासा हुआ. स्वास्थ्य विभाग के पत्र संख्या 313 (6) 15 मार्च 2021 के तहत नियुक्त स्टॉफ नर्स ग्रेड ए व परिचारिका श्रेणी ए तहत नियुक्त सभी 4 वर्षों से फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे हैं.

इन लोगों का नाम शामिल

फर्जी स्वास्थ्यकर्मी के लिस्ट में राकेश कुमार, रणधीर कुमार, अर्जुन कुमार चौधरी, दिग्विजय कुमार मांझी, सुनील कुमार, मिंटू कुमार चौधरी, प्रियंका कुमारी, शोभा कुमारी, नीलम कुमारी, रजनीश कुमार व संजीव कुमार सदर अस्पताल में परिचारिका श्रेणी ए के तहत शामिल हैं.

एक की हो चुकी है मौत

इसमें किरण कुमारी की मौत कुछ दिनों पूर्व प्रसव के क्रम में इलाज के दौरान हो गयी थी. शेष 11 पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक संजीव कुमार के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कराया गया है. इनके द्वारा चार वर्षों में लिए गए वेतन की भी वसूली की प्रक्रिया स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपनायी जा रही है.

क्या है पूरा मामला?

राज्य भर में अवैध तरीके से जालसाजों द्वारा स्टाफ, नर्स, परिचारिका ए ग्रेड पद पर नियुक्त करते हुए उन्हें अस्पतालों में तैनात किया गया था. जब स्वास्थ्य विभाग के संज्ञान में ये मामला आया तो फर्जी नियुक्ति के जरिये अस्पतालों में पदस्थापित नर्सों की तलाश में विभाग जुट गया है.

विभाग से निर्देश पत्र जारी

स्वास्थ्य सेवाएं बिहार के निदेशक प्रमुख डॉ. महेश्वर प्रसाद गुप्ता ने 24 फरवरी को जारी अपने आदेश पत्र में इसकी जानकारी दी. असामाजिक तत्वों द्वारा निदेशालय आदेश ज्ञापांक 313(6) दिनांक 15 मार्च 2021 से स्टाफ नर्स ग्रेड ए का फर्जी नियुक्ति/पदस्थापन आदेश निर्गत करते हुए कई संस्थानों में पदास्थापित किया गया है. यह बिल्कुल फर्जी एवं निराधार है. सिविल सर्जन को जारी इस पत्र के जरिये निर्देश दिया है कि वे अपने जिले में इस दौरान फर्जी बहाल हुई नर्सों की तलाश करें, राज्य स्वाथ्य सेवाओं के निर्देश पर 12 लोग फर्जी पाएं गए थे. एक नर्स की मौत हो चुकी है. शेष 11 पर एफआईआर कराई गयी है. उनके द्वारा उठाया गया वेतन भी वसूल करने की कार्रवाई की जा रही है.

■ **डॉ बीरेंद्र प्रसाद**
सिविल सर्जन, गोपालगंज

शराब तस्कर को 6 साल की जेल:अररिया कोर्ट ने 3 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया

नहीं देने पर एक साल और बिताना होगा

अररिया, एजेंसी। अररिया में अवैध शराब परिवहन के एक बड़े मामले में कोर्ट ने सख्त फैसला सुनाया है। एडीजे सह एक्साइज-01 कोर्ट के स्पेशल जज राजीव रंजन सिंह ने फुलकाहा के भोरहर गांव निवासी जयकृष्ण यादव को 6 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामला फरवरी 2022 का है, जब बथनाहा 56वीं वाहिनी के सहायक उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने अपनी टीम के साथ बसमतिया-नरपतगंज मार्ग पर वाहनों की जांच के दौरान एक पिकअप वाहन (नंबर BRCA-2371) से 1161 लीटर अवैध शराब बरामद की थी। एक्साइज एक्ट के स्पेशल पीपी संजय मिश्रा और उत्पाद के अधिकृत अधिवक्ता चंदन कुमार सिंह के अनुसार, कोर्ट ने आरोपी पर 3 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं चुकाने की स्थिति में आरोपी को एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह सजा उत्पाद 496/2022 नरपतगंज (बसमतिया) थाना कांड संख्या 67/2022 के तहत सुनाई गई है।

3 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया : इस मामले में केस आइओ द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया गया। चार्जशीट उपरांत संज्ञान लिया गया तथा आरोप गठन (चार्जफ्रेम) के बिन्दु पर आरोपी से पूछे जाने पर उसने कहा था कि उसे थाना के बगल से गिरफ्तार किया गया है। बिल्कुल निर्दोष हूँ. आरोप गठन (चार्जफ्रेम) के पश्चात कोर्ट मे अभियोजन पक्ष की गवाही प्रारंभ किया गया। जहाँ सभी गवाहों ने घटना का पूर्ण समर्थन किया था। अभियोजन गवाहों के बयान से संतुष्ट होकर न्यायालय के न्यायधीश श्री सिंह ने आरोपी को दोषी पाया। सज़ा के बिन्दु पर सरकार की ओर से एक्साइज एक्ट के स्पेशल पीपी संजय मिश्रा ने कड़ी से कड़ी सजा देने की अपील की, जबकि बचाव पक्ष के अधिवक्ता अभय कुमार ने कम से कम सज़ा देने की गुहार लगाई।

नालंदा में साइबर अपराधी गिरफ्तार:अवैध हथियार और 13 हजार रुपए भी बरामद

नालंदा, एजेंसी। नालंदा जिले के अस्थावां थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से अवैध हथियार समेत साइबर ठगी में प्रयुक्त विभिन्न उपकरण बरामद किए गए हैं। सदर डीएसपी मोहम्मद खुर्शीद आलम ने बताया कि महानंदपुर गांव निवासी राजेश यादव (30) धनी फाइनेंस कंपनी के नाम पर लोगों को लोन का प्रलोभन देकर ठगी कर रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर अस्थावां थानाध्यक्ष लाल मणि दुबे के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

देसी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस भी बरामद : जांच में सामने आया है कि आरोपी व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर कौन बनेगा करोड़पति जैसे लुभावने नामों से लोगों को ठगता था। पुलिस ने आरोपी के पास से 8 चेकबुक, 17 एटीएम कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेज, गूगल पे स्कैनर, फिंगरप्रिंट स्कैनर, एटीएम कार्ड स्वाइप मशीन, दो मोबाइल फोन और 13,200 रुपये नगद बरामद किए। इसके अतिरिक्त एक देसी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल हैं। छापेमारी में थानाध्यक्ष के अलावा दारोगा परंतु कुमार यादव, पीटीसी सुनीता कुमारी, महिला सिपाही खुशबू कुमारी, सिपाही कंचन कुमार सहित अस्थावां थाने का सशस्त्र बल शामिल था।

पटना जंक्शन पर 25000 हाई वोल्टेत तार की चपेट में युवक की मौत

पटना, एजेंसी। बिहार के पटना जंक्शन पर युवक की मौत करंट लगने से हो गयी. युवक 25000 हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया. झुलसने के कारण उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी. इस घटना के बाद प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया.

फुट ओवर ब्रिज से नीचे कूदा: घटना शनिवार की शाम की बतायी जा रही है. जानकारी के अनुसार युवक रेलवे फुट ओवर ब्रिज पर घूम रहा था. इसके बाद अचानक जाली पर चढ़ गया और नीचे रेलवे ट्रैक पर कूद गया. कूदने के दौरान ही वह प्लेटफार्म नंबर 8-9 के बीच वाली पटरी के ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गया.

मिनटों में जिंदा जल गया: तार के संपर्क में आने से युवक के शरीर में आग लग गयी. वह जलते हुए पटरी पर नीचे गिर गया. कुछ ही मिनटों में जलकर उसकी मौत हो गयी. घटना के बाद रेलवे प्रशासन घटना की छानबीन कर रही है. सवाल है कि

आखिर युवक प्लेटफार्म से क्यों कूदा. कहीं आत्महत्या करने की नियत से नहीं कूदा?

लोग डर से नहीं गए बचाने: इस नजारे को देख कर वहां खड़े यात्रियों से लेकर पुलिसकर्मियों में अफरतफरी मच गई. जब तक यात्री और पुलिस कुछ समझ पाते उसकी वहीं मौके पर मौत हो गई थी. लोग डर के मारे उसे बचाने के लिए भी नहीं गए. घटना की पुष्टि जीआरपी ने की है. हालांकि युवक की पहचान नहीं हो पायी है. जीआरपी थानेदार राजेश कुमार सिन्हा का कहना है कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. घटना की छानबीन की जा रही है कि आखिर किस नियत से वह फुट ओवर ब्रिज से नीचे कूद गया.

अंतरराष्ट्रीय लुक में तैयार होगा बिहटा एयरपोर्ट रूसी कंपनी करेगी निर्माण कार्य

पटना, एजेंसी। राजधानी पटना के बिहटा में बनने वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का निर्माण रूस की एक कंपनी करेगी.भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से कार्य आदेश जारी हो गया है. बिहटा एयरपोर्ट का निर्माण 459.99 करोड रुपये में तय की गई है. अनुमानित लागत 665.85 करोड़ है. इसका निर्माण इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट कंस्ट्रक्शन मोड में पूरा किया जाएगा.

अंतरराष्ट्रीय उड़ान होगा संभव

2027 तक इसका निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण से पटना एयरपोर्ट पर दबाव कम जाएगा. पटना एयरपोर्ट से अभी अंतरराष्ट्रीय उड़ान नहीं होता है लेकिन बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण से यह संभव हो पाएगा. बिहटा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 3700 मीटर तक बढ़ाने की योजना है.

क्या-क्या होगी सुविधा?

परियोजना के तहत बिहटा में नया एकीकृत टर्मिनल भवन, यूटिलिटी बिल्डिंग, एलिवेटेड पथ, इलेक्ट्रोमेकेनिकल कार्य, एयरपोर्ट सिस्टम, आईटी सिस्टम, सुरक्षा प्रणाली सहित व्यापक रखरखाव और संचालन कार्य दिया गया है. बिहटा एयरपोर्ट की वित्तीय बोली 20 दिसंबर 2024 को सीपीपी पोर्टल के माध्यम से खोली गई थी. इसके बाद एएआई ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है. उससे पहले तकनीकी बोली 21 नवंबर 2024 को ही हो चुकी है.

3000 यात्रियों के बैठने की क्षमता होगी

बिहटा एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग में एक समय में 3000 यात्रियों के बैठने की क्षमता होगी. यहां 10 विमान की पार्किंग हो सकेगी. इसमें ए 321, बी737, ए 320 जैसे बड़े विमान को खड़ा किया जा सकेगा. पटना एयरपोर्ट पर अभी बड़े विमान का संचालन नहीं होता है, क्योंकि रनवे छोटा है.

जमीन के कारण लटका रहा निर्माण कार्य

लंबे समय से जमीन विवाद के कारण बिहटा एयरपोर्ट का निर्माण रुका हुआ था लेकिन केंद्र में डबल इंजन की सरकार फिर से बनने के बाद पिछले बजट में भी इसके लिए राशि की व्यवस्था केंद्र सरकार ने की थी. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी कई बार बिहटा एयरपोर्ट का दौरा कर चुके हैं. सरकार की ओर से जमीन उपलब्ध कराने के बाद रूसी कंपनी को निर्माण कार्य मिल चुका है और अब इसके निर्माण का भी रास्ता साफ हो गया है. बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण से पटना से विदेश का उड़ान संभव हो सकेगा.

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

संक्षिप्त समाचार

सड़क हादसे में 2 की मौत, नेपाल के तीन लोग घायल- जा रहे थे महाकुंभ

गोरखपुर , एजेंसी। गोरखपुर के खजनी थाना क्षेत्र के निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे भगवानपुर गोरखपुर टोल प्लाजा से 200 मीटर पहले सड़क हादसा हो गया। प्रयाग, महाकुंभ से लौट रही चार पहिया वाहन और प्रयाग महाकुंभ जा रही एक कार की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इस दौरान एक कार के पीछे से आ रही बाइक भी तेजी से आकर गाड़ी से टकरा गई। इसमें बाइक सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई और कार में बैठे तीन लोग घायल हो गए हैं। दोनों मृतक की पहचान पीपीगंज के राजावारी के अवधेश सिंह (48)पुत्र कमला सिंह और जसवल के धनेश जायसवाल (45) पुत्र विशेसर जायसवाल के रूप में हुई।

घायलों की पहचान नेपाल काठमांडू की लक्ष्मी, ऊषा दीक्षित और अवधेश के रूप में हुई। घायलों को पुलिस व ग्रामीणों ने सीएचसी पर भिजवाया। दोनों शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

गृहकर वसूली के लिए अभियान चलाएगा नगर निगम, कर विभाग की टीम को किया गया अलर्ट

बरेली , एजेंसी। वित्तीय वर्ष में महज डेढ़ माह बाकी हैं। ऐसे में गृहकर वसूली के लक्ष्य को पूरा करने के लिए नगर निगम अभियान चलाएगा। इसके लिए टीमें गठित कर ली गई हैं। शासन ने हर हाल में 129 करोड़ के वसूली लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया है।

बकायेदारों से गृह, जल और सीवर कर की वसूली निगम के लिए किसी चुनौती से कम नहीं। इसको लेकर नगर आयुक्त ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को कर निरीक्षकों का लक्ष्य निर्धारित कर वसूली तेज करने के निर्देश दिए हैं। एक लाख रुपये से अधिक के बकायेदारों पर कार्रवाई का निर्देश भी दिया है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि व्यावसायिक गतिविधियां संचालित कर रहे बड़े बकायेदारों के खिलाफ तालाबंदी की कार्रवाई भी की जाएगी। इसकी लिस्ट तैयार कर ली गई है।

अब तक सिर्फ 50 करोड़ हुई है वसूली – नगर निगम अब तक सिर्फ 50 करोड़ रुपये ही कर वसूल सका है। पार्षदों के मुताबिक बिल नहीं पहुंचने, बिलों में गड़बड़ी, डबल डिमांड और प्रॉपर्टी मैच नहीं होने से वसूली प्रभावित हो रही है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि करदाताओं से लगातार अपील की जा रही है। कर के रूप में वसूली गई रकम को शहर के विकास कार्यों में खर्च किया जाता है। कर विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि टीम बनाकर शत-प्रतिशत रिकवरी करें।

ब्रिटेन के पूर्व पीएम अचानक पहुंचे ताजमहल, परिवार संग निहारा स्मारक

आगरा , एजेंसी। सूर्यास्त के समय सूरज की सुनहरी किरणों को ओढ़े ताजमहल का दीदार करने के लिए ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक शनिवार को आगरा आए। उन्होंने शाम को अपनी पत्नी अक्षता, सास सुधा मूर्ति और दोनों बेटियों कृष्णा और

अनुष्का के साथ ताजमहल का दीदार किया। वह एक घंटे तक रहे। इस दौरान पर्यटकों ने उन्हें देखकर जोश से नारे लगाए तो पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हाथ जोड़कर नमस्ते से उनका अभिवादन किया। पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक शनिवार सुबह आगरा में होटल अमर विलास पहुंचे। शाम को उन्होंने आम लोगों के साथ ताजमहल का दीदार किया। उन्हें रविवार सुबह ताजमहल का दीदार करना था, लेकिन शाम के समय ताज पर पड़ने वाली सूरज की लालिमा को देखने की ललक उन्हें शनिवार को ताज पर खींच लाई। सफेद शर्ट और काली पैंट पहने ऋषि सुनक अपनी दोनों बेटियों को ताज के बारे में बताते रहे, जबकि उनकी सास सुधा मूर्ति और पत्नी अक्षता ने गाइड शमशुद्दीन से ताज के निर्माण और इससे जुड़ी कहानियों के बारे में पूछा।

प्रयागराज में लगा भीषण जाम

प्रयागराज , एजेंसी। महाकुंभ में आने वाली भीड़ के चलते प्रयागराज जनपद में प्रवेश करने वाले सभी सीमाओं पर रविवार को भीषण जाम लग गया। दूसरे जनपद से आने वाले वाहनों को जिले की सीमा पर रोक देने के कारण नवाबगंज, हथिगहां, नैनी, अंदावा सहित कई स्थानों पर भीषण जाम लग गया है। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कड़ी धूप में कई घंटे तक वाहन रेंगने के कारण उसमें सवार लोगों की हालत खस्त हो गई है।

रविवार को शहर में कमोबेश जाम की स्थिति कम रही, लेकिन शहर में घुसने वाले मार्गों पर जाम की स्थिति भयावह है। कहने के लिए मेले को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है, लेकिन रविवार को स्थिति यह रही कि जवाहर जीटी चौराहे से मेले की ओर से धड़ल्ले से वाहन प्रवेश कर रहे थे ओर यहां पर कोई रोक टोक नहीं था। त्रिवेणी मार्ग, काली रोड और नवल राय रोड पर धड़ल्ले से दो पहिया वाहन चल रहे हैं। लोगों को 20 से 30 किलोमीट पैदल यात्रा कर संगम स्नान के लिए पहुंच रहे हैं।

नवाबगंज नो इंट्री पर भयंकर जाम मलाक हरहर से फाफामऊ के बीच सड़क पर भयंकर जाम से नवाबगंज से सोरांव तरफ गाड़ियों को मोड़ दिया गया। पुलिस ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से बाहर से आने वाले यात्रियों को सोरांव टोल से प्रवेश करने के लिए सचेत करते हुए दिखाई दी।

कोखराज में हाईवे व रोही बाईपास पर दूसरे दिन भी लगा जाम

कौशाम्बी में महाकुंभ में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या के कारण शनिवार से ही कोखराज हाईवे व रोही बाईपास पर पांच किमी तक लगा वाहनों का लंबा जाम दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। यातायात सामान्य करने के लिए पुलिस के साथ ही पीएसी के जवान लगे रहे।

मेले में आज से दो दिनों के लिए नो व्हीकल जोन

महाकुंभ नगर। वीकेंड को देखते हुए मेले में शनिवार से दो दिनों के लिए नो व्हीकल जोन व्यवस्था लागू कर दी गई है। इसके तहत संपूर्ण मेला क्षेत्र में प्रशासकीय और चिकित्सीय वाहनों को छोड़कर अन्य किसी भी तरह के वाहन पर रोक रहेगी। यह प्रतिबंध पासधारक वाहनों पर भी लागू होगा। मेले की ओर आने वाले सभी वाहनों को निकटतम पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। शनिवार से शुरू होकर यह व्यवस्था रविवार तक लागू रहेगी। यह जानकारी डीआईजी मेला वैभव कृष्ण ने दी।

पुलिस के लिए सिरदर्द बनी प्रेम कहानी: 3 दिन से चल रही पंचायत, शादी से पहले ही बना लिए संबंध

वाराणसी, एजेंसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के एक प्रेमी और एक प्रेमिका की अजब कहानी पुलिस के सामने आई है। पुलिस इस मामले में उलझ गई है। वहीं, प्रेमिका शादी की जीद पर अड़ी है, तो प्रेमी अपने परिवार की मोह माया में फंसा है। प्रेमिका ने पुलिस से शादी के लिए गुहार लगाई है।

कहा कि प्रेमी और उसके परिवार के खिलाफ मुकदमा नहीं लिखवाना है। थाने में तीन दिन से चल रही यह पंचायत पुलिस के लिए सिरदर्द बन गई है। चोलापुर थाना क्षेत्र की एक प्रेमी और एक प्रेमिका का पिछले चार साल से प्रेम संबंध है। दोनों के बीच पति-पत्नी में होने वाले रिश्ते को भी पूरा कर लिया है। अब प्रेमिका अपने प्रेमी के साथ शादी करने की गुहार लेकर चोलापुर थाने पहुंची है।

चोलापुर थाने में पिछले तीन दिन से मामले को लेकर पंचायत चल रही है। दोनों अलग-अलग जाति के हैं लेकिन ग्राम पंचायत एक है।

ये है पूरा मामला

थानाध्यक्ष चोलापुर ने बताया कि प्रेमी और प्रेमिका के बीच चार साल से संबंध है। शादी की बातचीत करने को लेकर प्रेमिका के साथ प्रेमी ने एक होटल में शारीरिक संबंध भी बनाया है। बताया कि प्रेमिका को टीबी की शिकायत पहले थी, जिस पर प्रेमी ने ही उसका इलाज करवाया। अब वह स्वस्थ है। प्रेमिका अपने प्रेमी के साथ शादी करने की बात कर रही है। उसका कहना है कि वह मुकदमा नहीं लिखवाना चाहती। वहीं, प्रेमी के द्वारा बताया गया कि वह अपने मां-बाप को नहीं छोड़ सकता। जब मां-बाप हामी भर देंगे तो ही शादी हो पाएगी। प्रेमिका के मां-बाप ने प्रेमी युवक के साथ शादी करने की हामी भर दी है। तीन दिन से पुलिस चौकी मुर्दहा और थाने पर इस मामले को लेकर पंचायत चल रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवती अपने प्रेमी के खिलाफ मुकदमा नहीं लिखवाना चाह रही है। उसकी जीद है कि वह शादी करेगी और दुल्हन बनाकर अपने प्रेमी के घर जाएगी। इस मामले को लेकर पुलिस काफी परेशान है।

लखनऊ घुमाने के बहाने पंजाब पहुंच गई दो छात्राएं

गोरखपुर। बांसगांव क्षेत्र के एक नामचीन विद्यालय में हाईस्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को घुमाने के बहाने पंजाब पहुंचा दिया गया। इधर, परेशान हाल दोनों के परिजनों ने बांसगांव थाने में लापता होने की सूचना दी। पुलिस के साथ ही परिवार के लोग तलाश में लगे थे। तभी शुक्रवार की रात दोनों छात्राएं घर वापस आकर झूठी कहानी सुनाई।

फिर बाद में बताया कि वे पंजाब मामा के पास चली गई थी। जानकारी के मुताबिक, बांसगांव की छात्रा गोला क्षेत्र की साथ में पढ़ने वाली दोस्त के साथ के साथ बीते सोमवार को किताब खरीदने घर से निकली। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर बांसगांव इलाके के परिजन ने गोला में रहने वाली सहेली के घर संपर्क किया।

सहेली के घरवालों ने बताया कि उनकी बेटी भी तभी से लापता है। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने परेशान परिजनों ने बुधवार को बांसगांव थाने में सूचना दी।

दोनों छात्राओं ने घर आकर कहानी बनाते हुए बताया कि बांसगांव और गोला क्षेत्र की दो युवतियों ने उन्हें बहला फुसलाकर लखनऊ के रास्ते पंजाब पहुंचाया। उनका कहना है कि एक युवती उन्हें लखनऊ घुमाने के बहाने घर से ले गई। मंगलवार को जब छात्राओं ने वापस घर जाने की जिद की तो उन्हें डरा धमकाकर लखनऊ से पंजाब के जालंधर भेज दिया गया।

भेजने वाली युवती ने उन्हें भरोसा दिया कि उनके मामा रहते हैं जो उनकी रहने और नौकरी का इंतजाम करा देंगे। बुधवार की रात जालंधर पहुंचने पर एक व्यक्ति ने उन्हें रात के 11 बजे अंजान जगह पर बुलाया। लेकिन डरी सहमी दोनों छात्राओं ने वहां जाने के बजाय पास के एक मंदिर में रुक गई। पुजारी ने छात्राओं से पूछताछ की तो सारा मामला सामने आया। मंदिर के पुजारी के सहयोग से शुक्रवार की देर रात दोनों लड़कियां गोरखपुर लौट आई।

योगी ने शंकराचार्य से की पीएम मोदी की तुलना..., बोले- एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना हो रही साकार

वाराणसी, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी हूं, जिनके नेतृत्व में लगातार तीसरी बार काशी तमिल संगमम का बाबा विश्वनाथ की पावन धरा पर शुभारंभ हो रहा है। यह एक भारत श्रेष्ठ के विजन को आगे बढ़ाने का महायज्ञ है।

कहा कि इस बार इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ प्रयागराज में चल रहा है। संगमम उसी क्षण का हिस्सा बन रहा है। देश को पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का कार्य जो कभी शंकराचार्य ने किया था। वही कार्य आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी तमिल संगमम् के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ एल. मुरुगन के साथ शनिवार को नमो घाट पर बटन दबा कर काशी तमिल संगमम का उद्घाटन किया।

महाकुंभ का भी किया जिक्र- मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी देश की सबसे पुरानी नगरी है। इस बार संगमम के साथ आप सभी को वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या की संस्कृति से जुड़ने का सौभाग्य मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुनिया का पहला ऐसा महासंगम है, जिसका हिस्सा अब तक 51 करोड़ लोग बन चुके हैं।

काशी प्राचीन समय से ही ज्ञान की राजधानी रही है। तमिलनाडु के प्राचीन ग्रंथों में काशी महत्वपूर्ण स्थान रखती है। उन्होंने कहा कि इस बार काशी तमिल संगमम् महर्षि अगस्त्य को समर्पित है। नए भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए ही महर्षि अगस्त्य को केंद्र में रखकर काशी तमिल संगमम् का थीम रखा गया है। माता सीता को खोजने और राम-रावण युद्ध में आदित्य स्त्रोत देने वाले महर्षि अगस्त्य ही थे। आप सभी को इससे जुड़ने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री का यह मिशन आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु से आए मेहमानों को 144 वर्ष पर प्रयागराज में लगे महाकुंभ और 500 वर्ष बाद अयोध्या में बने रामलला का दर्शन भी कराया जाएगा। नमो घाट पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गंगा के रास्ते सीधे बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करने पहुंचे। विधि-विधान से बाबा विश्वनाथ का पूजन किया। मंदिर परिसर में बच्चों से मिले और उन्हें दुलारते हुए चाकलेट दी। इसके बाद वापस नमो घाट पहुंचे और कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

बाइक में टक्कर लगने के विरोध पर अधिवक्ता की पिटाई, रास्ते से खींच ले गए कार सवार

प्रयागराज , एजेंसी। झूंसी में भाई को टक्कर मारने के विरोध पर हाईकोर्ट अधिवक्ता को कार में अगवा कर लिया गया। बंधक बनाकर तीन घंटे तक चलती गाड़ी में संसी, बेत से पीटा जाता रहा। चेन, मोबाइल व पर्स लूट लिया गया। हमलावर उत्तराखंड के नंबर वाली तीन कारों में सवार थे। जानकारी पर अधिवक्ताओं ने झूंसी थाना घेर लिया। भोर में 15-16 अज्ञात हमलावरों पर जानलेवा हमला, लूट समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई।

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि झूंसी निवासी विमलेश यादव और उनके भाई कमलेश यादव अधिवक्ता हैं। शनिवार शाम दोनों बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान हवेलिया के पास उत्तराखंड लिखी एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे कमलेश नीचे जा गिरे। रोकने की कोशिश पर कारसवार भागने लगे। विमलेश ने पीछा किया तो मारपीट करते हुए उन्हें गाड़ी में खींच लिया और जमकर पीटने के बाद रास्ते में छोड़ दिया। विमलेश दक्षिणी झूंसी थाने पहुंचे तो वहां पुलिस ने कार्रवाई करने से इनकार कर दिया।

आरोप है कि वह बाहर निकले, तभी कर सवार उन्हें फिर गाड़ी में भरकर परेड थाने ले गए। इधर घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता झूंसी थाने पहुंच गए। काफी देर तक साथी की कोई जानकारी न मिलने पर उन्होंने थाने का घेराव कर दिया। पीड़ित अधिवक्ता के बेटे अंशुमान ने बताया कि उसके पिता का कुछ पता नहीं चल रहा है।

सरकारी जमीन को वक्फ के नाम पर दर्ज करने वाले अधिकारी होंगे चिह्नित, 75 जिलाधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

लखनऊ, एजेंसी। प्रदेश में उन अधिकारियों व कर्मचारियों को चिह्नित किया जा रहा है, जिन्होंने सरकारी संपत्तियों को वक्फ के नाम दर्ज किया। इस संबंध में सभी 75 जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। कब्जाई गई सभी सरकारी संपत्तियों का नाम, लोकेशन, क्षेत्रफल और गाटा संख्या भी भेजने के लिए कहा गया है। शासन के इस आदेश से अधिकारियों व कर्मचारियों में खलबली मची हुई है।

अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को सौंपी रिपोर्ट में कहा था कि यूपी में कुल 57,792 सरकारी संपत्तियां

हैं, जो वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड में अवैध रूप से वक्फ संपत्तियों के रूप में दर्ज हैं। इनका कुल रकबा 11,712 एकड़ है। नियमानुसार इन संपत्तियों को वक्फ (दान) किया ही नहीं जा सकता था। ये संपत्तियां लगभग सभी जिलों में हैं। पर, वक्फ के नाम पर सबसे ज्यादा शाहजहांपुर, रामपुर, अयोध्या, जौनपुर व बरेली में सरकारी संपत्तियां कब्जाई गई हैं।

शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक अभी सभी जिलाधिकारियों ने अपने जिलों में उन सरकारी संपत्तियों की संख्या भेजी है, जो गलत ढंग से वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड में वक्फ के तौर पर दर्ज हैं। अब शासन ने इन संपत्तियों का विस्तृत ब्योरा मांगा है।

साथ ही जिन अधिकारियों और कर्मचारियों के हस्ताक्षर से यह काम हुआ है, उनके नाम व पदनाम भी भेजने को कहा गया है। वर्तमान में वे सेवा में हैं या सेवानिवृत्त हो चुके हैं, यह भी पूछा हैं।

हाईकोर्ट भी दे चुका है कड़ा आदेश

बता दें कि हाईकोर्ट इलाहाबाद ने भी 11 दिसंबर 2023 के आदेश में कहा है कि प्रदेश सरकार सीलबंद रिपोर्ट में ये आंकड़े अदालत के सामने प्रस्तुत करे कि यूपी के किस जिले में गलत ढंग से वक्फ के नाम सरकारी जमीनें दर्ज की गई हैं। यह भी कहा है कि ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों को चिह्नित किया जाए और समयबद्ध ढंग से उन पर कार्रवाई की जाए।

रेलवे स्टेशनों पर उमड़ी भारी भीड़, रिजर्वेशन कराने वाले भी नहीं पहुंच पा रहे अपनी बोगी तक

प्रयागराज , एजेंसी। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते प्रयागराज जंक्शन सहित सभी रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की बेकाबू भीड़ उमड़ रही है। स्टेशनों के आश्रय स्थल से लेकर होल्डिंग एरिया श्रद्धालुओं से भर गए हैं। रिजर्वेशन कराने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सकेंड और थर्ड एसी स्लीपर कोच में भी श्रद्धालु भर गए हैं। इससे रिजर्वेशन कराने वालों को जगह नहीं मिल पा रही है। एक महीने पहले से रिजर्वेशन कराने वाले यात्री भारी भीड़ के कारण अपनी बोगी तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

प्रयागराज जंक्शन पर दो दिनों से भारी भीड़ उमड़ रही है। शनिवार की रात दिल्ली में भगदड़ की घटना होने के बाद रेलवे प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। रेलवे के उच्चाधिकारियों के साथ ही आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी लगातार चक्रमण कर रहे हैं। जितने यात्री ट्रेनों से गंतव्य तक रवाना हो रहे हैं उससे अधिक यात्री स्टेशनों पर पहुंच जा रहे हैं। झूंसी रेलवे स्टेशन के अंदर प्रवेश करने की तो बात दूर स्टेशन के सामने खड़े तक होने की जगह नहीं है।

भीड़ के चलते प्रयागराज संगम स्टेशन को बंद

कर दिया गया है। यहां पर यात्रियों की भीड़ बेकाबू हो गई थी। पहले रेलवे प्रशासन ने 14 फरवरी तक स्टेशन बंद करने का निर्णय लिया था, लेकिन भीड़ का दबाव कम न होने पर 16 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। यही स्थिति रही तो इस फैसले को आगे भी लागू किया जा सकता है। प्रयाग स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ दिख रही है। यही दशा रामबाग प्रयागराज जंक्शन की है।

यहां पर स्टेशन के सभी प्लेटफार्म यात्रियों से पटे पड़े हैं। सूबेदारगंज स्टेशन पर कमोबेश भीड़ का दबाव कम है। लंबी दूरी की ट्रेनों को यहां पर शिफ्ट करने के कारण रिजर्वेशन करने वालों को यहीं से ट्रेन मिल रही है। नैनी और छिवकी जंक्शन पर भी यात्रियों का भारी दबाव है। सर्वाधिक भीड़ प्रयागराज जंक्शन पर देखी जा रही है।

झूंसी रेलवे स्टेशन के सारे रास्ते भीड़ से भरे हुए हैं। यात्रियों को एक तरफ से प्रवेश तो दूसरे तरफ से निकलने की व्यवस्था की गई है। जीआरपी और आरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है।

यात्रियों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। जितने यात्री ट्रनों से रवाना हो रहे हैं उससे ज्यादा यात्री स्टेशनों पर पहुंच जा रहे हैं। दिल्ली में भगदड़ के बाद जंक्शन पर हाई अलर्ट दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद प्रयागराज जंक्शन रेलवे प्रशासन हरकत में आ गया है। यात्रियों का एक मार्ग से प्रवेश हो रहा है तो दूसरे मार्ग से निकासी की जा रही है। क्रॉस मूममेंट पूरी तरह से रोक दिया गया है। अधिकारियों सभी प्लेटफार्मों का चक्रमण कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए पूरी तत्परता बरती जा रही है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य पीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने पीटीआई को बताया, हम पहले जारी किए गए प्रोटोकॉल का कड़ाई से कार्यान्वयन सुनिश्चित कर रहे हैं। हमने मौनी अमावस्या, वसंत पंचमी पर स्नान अनुष्ठान सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं और भविष्य में भी यही प्रोटोकॉल जारी रहेंगे।

कानपुर में खड़े ट्रक से मिनी बस की टक्कर में , 10 श्रद्धालु घायल, चार गंभीर

सुनील बाजपेई

कानपुर। दिल्ली से महाकुंभ जा रही श्रद्धालुओं से भरी मिनी बस खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी इसके फलस्वरूप 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है ,जिनमें चार की हालत गंभीर बनी हुई है। यह हादसा कानपुर इलाहाबाद हाईवे पर महाराजपुर थाना क्षेत्र के रूमा स्थित केआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने हुआ है। इसमें लगभग एक दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए।सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें शहर की काशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है जहां चार लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। वहीं इस घटना की वजह के बारे में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि चालक को नींद आने के कारण हादसा हुआ है। श्रद्धालुओं से भरी यह मिनी बस दिल्ली से महाकुंभ प्रयागराज जा रही थी। इसी दौरान वह खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, सोमवार, 17 फरवरी, 2025

संक्षिप्त समाचार

पाकिस्तान में फंसे 15 हजार अफगानी नागरिक, ट्रम्प ने अमेरिका आने पर रोक लगाई

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान की तालिबानी सत्ता के डर से अमेरिका जाने वाले अफगानी लोग अब पाकिस्तान में फंस गए हैं। वजह है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का शरणार्थियों को लेकर जारी कार्यकारी फरमान। इस आदेश के तहत अगले 90 दिनों तक किसी भी देश से शरणार्थी अमेरिका नहीं आ सकते हैं। पाकिस्तान में 15 हजार से ज्यादा शरणार्थी ऐसे हैं जिन्हें बाइडेन प्रशासन ने अपने देश में आने की इजाजत दे दी थी। बता दें कि अमेरिका ने 2021 में अफगानिस्तान छोड़ने से पहले हजारों शरणार्थियों को देश में जगह देने का वादा किया था। लेकिन ट्रम्प के आदेश के चलते इन सब शरणार्थियों का भविष्य अब अधर में लटक गया है। उन्हें डर है कि वापस लौटे तो तालिबानी सत्ता जिंदा नहीं छोड़ेगी। अफगानिस्तान के लोग इन दिनों इस्लामाबाद-रावलपिंडी में सड़कों पर हैं। उनकी मांग है कि ट्रम्प इस फैसले को पलटें नहीं तो उन्हें संकट का सामना करना पड़ेगा। इस बीच पाकिस्तान सरकार ने अफगानिस्तान के शरणार्थियों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। पाक सरकार का कहना है कि जो अफगान शरणार्थी किसी तीसरे देश में स्थानांतरित नहीं हो सकते, उन्हें 31 मार्च 2025 के बाद पाकिस्तान छोड़ना होगा। शरणार्थी समूहों ने पाक की शहबाज सरकार के इस ऐलान की आलोचना की है। उनका कहना है कि अफगानिस्तान लौटने पर इनकी जान को खतरा है। ट्रम्प को फैसले पर विचार करना चाहिए। अफगान इवैक समूह के संस्थापक शॉन का कहना है कि इस संकट के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

कतर के अमीर 17 फरवरी को भारत आएंगे

नई दिल्ली। कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी दो दिन के दौरे पर 17 फरवरी को भारत आएंगे। इस दौरान उनके साथ हाई लेवल डेलीगेशन भी होगा। इसमें कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और बिजनेस डेलीगेशन भी शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक अमीर अल-थानी पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। साथ ही वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। 18 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में शेख तमीम बिन हमद अल थानी का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। राष्ट्रपति मुर्मू उनके सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन करेंगी। उनकी इस यात्रा का मकसद द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। साल 2024 के अंत में विदेश मंत्री एस जयशंकर कतर पहुंचे थे। यहां उन्होंने कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से मुलाकात की थी। यह एक साल में उनकी चौथी कतर यात्रा थी। भारत के लिए कतर क्यों खास? एक्सपर्ट्स के मुताबिक अमेरिका में ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद यूरोप से लेकर मिडिल ईस्ट तक में अनिश्चितता का माहौल है। ट्रम्प कब कौन फैसले करेंगे इसका किसी को अंदाजा नहीं है। ट्रम्प अपने पिछले कार्यकाल में ईरान के मामले में काफी सख्त थे। इस बार भी वे ईरान पर नए प्रतिबंध लगा सकते हैं। ऐसे में अपनी ऊर्जा जरूरत को पूरा करने के लिए भारत, कतर को एक सुरक्षित विकल्प के तौर पर देख रहा है। कतर भारत का सबसे बड़ा LNG सप्लायर है। भारत की जरुरत का 50% LNG कतर से ही आता है। इसके अलावा कतर, भारत की जरुरत का 30% LPG उपलब्ध कराता है।



अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले-हमने ग्रेटा को झेला, आप मस्क को झेलिए

म्यूनिख। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जर्मनी से कहा है कि जैसे अमेरिका ने क्लाइमेट एक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग की आलोचनाओं को सहा था, वैसे ही वे भी इलॉन मस्क की आदत डाल लें। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी में म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने गए वेंस ने शुक्रवार को कहा कि जब अमेरिकी लोकतंत्र 10 साल से थनबर्ग की आलोचना झेल सकता है, तो आप भी मस्क को कुछ महीने झेल सकते हैं। दरअसल, जर्मन नेता मस्क पर यूरोपीय चुनाव को प्रभावित करने और दक्षिणपंथी पार्टी AFD का समर्थन करने का आरोप लगा रहे हैं। वेंस ने यूरोपीय नेताओं पर फ्री स्पीच को कमजोर करने का भी आरोप लगाया। फ्री स्पीच को रोकना- लोकतंत्र को खत्म करने का तरीका वेंस ने कहा कि यूरोप को सबसे बड़ा खतरा रूस और चीन से नहीं है, बल्कि खुद 'यूरोप' से है। वेंस ने अपने 20 मिनट के भाषण में जर्मनी, ब्रिटेन समेत कई सहयोगी यूरोपीय देशों की आलोचना की। उपराष्ट्रपति ने कहा- यूरोपीय देशों में सोशल मीडिया को सेंसर किया जा रहा है। मेरा मानना है कि मीडिया पर दबाव बनाना, लोगों की चिंताओं की परवाह न करना, चुनाव में हस्तक्षेप करने जैसी चीजें लोकतंत्र को खत्म करने का पक्का तरीका है। उन्होंने यूरोपीय देशों पर चुनावों में हस्तक्षेप करने और ईसाइयों के अधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उनके पूरे भाषण के दौरान हॉल में सन्नाटा छाया रहा। वेंस ने अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को वाशिंगटन डीसी का नया शेरिफ (हाकिम) बताया।

आंध्र प्रदेश में मां ने बेटे की हत्या की, शव के 5 टुकड़े कर नहर में फेंका

प्रकासम। आंध्र प्रदेश के मां ने बहन के साथ मिलकर अपने बेटे की हत्या की। इसके बाद शव के 5 टुकड़े किए और नहर में फेंक दिए। आरोपी मां लक्ष्मी देवी (57) और उसकी बहन फरार है। घटना राज्य के प्रकासम जिले की है। SP ए.आर दामोदर के मुताबिक, घटना 13 फरवरी की है। मृतक का नाम श्याम (35) है। वो पेशे से क्लीनर था। आरोपी मां और उसकी बहन फरार हैं। SP के मुताबिक परिवार श्याम की हरकतों से परेशान था। पूछताछ में सामने आया है कि उसकी शादी नहीं हुई थी। उसने अपनी मौसी और अन्य रिश्तेदारों से रेप की कोशिश की थी। मौसी और दूसरी महिलाओं से अश्लील हरकत की पुलिस की जांच में सामने आया कि श्याम बेंगलुरु में रिश्तेदारी के यहां गया था। यहां उसने महिलाओं से गलत हरकत की थी। इसके अलावा हैदराबाद और नरसारोपेट में रहने वाली अपनी मौसी के साथ रेप की कोशिश कर चुका था। रिश्तेदारों के अलावा भी उसने अन्य महिलाओं से छेड़खानी की थी। बेटे की हरकतों से परेशान होकर हत्या की लक्ष्मी देवी बेटे श्याम की इन हरकतों से परेशान हो गई थी। इसलिए उसने अपनी बहन के साथ मिलकर बेटे की हत्या की प्लानिंग की। 13 फरवरी को कुल्हाड़ी से श्याम की हत्या की।

महाराष्ट्र लव जिहाद के खिलाफ कानून लाने की तैयारी में

मुंबई। महाराष्ट्र की भाजपा सरकार ने लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे मामलों के खिलाफ कानून बनाने के लिए 7 सदस्यीय कमेटी बनाई है। कमेटी महाराष्ट्र के DGP संजय वर्मा की अध्यक्षता में बनाई गई है। पैनल में महिला एवं बाल कल्याण, अल्पसंख्यक मामले, कानून एवं न्यायपालिका, सामाजिक न्याय, विशेष सहायता और गृह जैसे प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। कमेटी जबरन धर्मांतरण और लव जिहाद की मामले में शिकायतों को कैसे निपटाया जाए, यह सुझाव देगी। इसके अलावा यह दूसरे राज्यों में लागू कानूनों की स्टडी करेगी और इस आधार पर कानूनी सलाह देगी। महाराष्ट्र की रहने वाली श्रद्धा वाकर की उसके बॉयफ्रेंड आफताब पूनावाला ने 2022 में दिल्ली में हत्या कर शव के टुकड़े कर दिए थे। भाजपा ने इस मामले के बाद राज्य में लव जिहाद का मुद्दा उठाया था। सुप्रिया सुले बोलीं- शादी या प्रेम निजी इच्छा महाराष्ट्र में विपक्षी पार्टी NCP शरद पवार की लीडर सुप्रिया सुले ने कहा- शादी या प्रेम निजी इच्छा है। मैं सरकार से निवेदन करती हूं कि यह असल मुद्दों पर ध्यान दें। मोदी जी अभी अमेरिका से वापस लौटे हैं। अमेरिका ने हम पर नए टैरिफ लगा दिए हैं, जिसका प्रभाव हमारे देश पर पड़ेगा। ऐसे मामलों पर ध्यान देना चाहिए। फडणवीस ने कहा था- एक लाख से अधिक शिकायतें मिलीं अक्टूबर, 2024 में तत्कालीन उप मुख्यमंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था- एक दशक पहले हम सोचते थे कि लव जिहाद की बात इक्का-दुक्का घटना है, लेकिन एक लाख से अधिक शिकायतें मिली हैं। इनमें हिंदू महिलाओं को दूसरे धर्मों के पुरुषों के साथ भागकर शादी करने का झांसा दिया गया।

दिल्ली के लिए आज भाजपा के ऑब्जर्वर्स की घोषणा संभव

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली में मुख्यमंत्री का नाम तय करने के लिए भाजपा ने ऑब्जर्वर्स की घोषणा कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसमें शामिल हो सकते हैं। इसके लिए शनिवार को पार्टी हेडक्वॉर्टर में महासचिवों की बैठक हुई हैं। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी बैठक में मौजूद रहे। शुक्रवार को राष्ट्रीय सचिव और विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया था कि पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के बाद 18 या 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक होगी। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में CM और मंत्रिमंडल का शपथग्रहण समारोह 19 या 20 फरवरी को होने की संभावना है।

71% स्ट्राइक रेट के साथ भाजपा ने 48 सीटें जीतीं: CM के प्रमुख उम्मीदवारों में से एक प्रवेश वर्मा ने कहा- भाजपा सरकार के प्रमुख एजेंडे में विकास, साफ पानी की सप्लाई, साफ हवा जैसे मुद्दे हैं। इसके साथ ही यमुना की सफाई भी शामिल है। पार्टी ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है और नदी को निर्मल करने का अपना वादा पूरा करेगी। 8 फरवरी को आए दिल्ली चुनाव के रिजल्ट में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीतकर 27 साल बाद सत्ता में वापसी की। पिछले 2 विधानसभा चुनावों की तरह कांग्रेस को इस बार भी एक भी सीट पर जीत नहीं मिली। भाजपा की 71% स्ट्राइक रेट के साथ 40 सीटें बढ़ीं। वहीं, AAP को 40 सीटों का नुकसान हुआ। आप का स्ट्राइक रेट 31% रहा। 9 फरवरी को पहली बैठक हुई इससे पहले 9 फरवरी को भी दिल्ली के भाजपा विधायकों की बैठक हुई थी। बैठक के बाद दिल्ली की राजौरी गार्डन विधानसभा सीट से भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया था- बैठक में पानी, सीवेज, यमुना जल की सफाई पर चर्चा हुई। तय किया गया कि ये काम प्राथमिकता पर करने हैं। भाजपा को बहुमत मिलने के बाद विधायकों की यह पहली बैठक थी। बैठक के बाद प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा ने अलग-अलग जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की थी।

- पार्टी हेडक्वार्टर में बैठक हुई, 18 फरवरी को CM के नाम का ऐलान हो सकता है

अयोध्या जा रहे मां-बेटे समेत 4 श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी, बाराबंकी

बाराबंकी में बस और टेंपो ट्रैवलर की टक्कर हो गई। हादसे में 4 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। 6 घायल हैं। हादसा रविवार सुबह 5 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर लोनी कटरा थाना क्षेत्र के फूटहा भवनियपुर गांव के पास हुआ। छत्तीसगढ़ से अयोध्या जा रही बस खराब होने के चलते हाईवे पर किनारे खड़ी थी। इसी दौरान महाराष्ट्र से अयोध्या जा रही टेंपो ट्रैवलर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैवलर के अंदर बैठे सभी श्रद्धालु फंस गए। पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने टेंपो ट्रैवलर को गैस कटर से काटकर शवों और घायलों को निकाला। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। 120 की स्पीड से टकराई ट्रैवलर पुलिस ने बताया सभी मृतक महाराष्ट्र के हैं। मृतकों में दो महिला और दो पुरुष हैं। इनके नाम दीपक, सुनील बाडमेर, अनुसुइया और जयश्री हैं। सुनील बाडमेर और अनुसुइया मां-बेटे हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैवलर बस से चिपक गई। गैस कटर मंगाकर ट्रैवलर को काटा गया। करीब दो घंटे के रेस्क्यू के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा सका। पुलिस ने बताया कि हादसे की शुरुआती वजह ओवर स्पीड है। ट्रैवलर की स्पीड 120 के करीब थी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। हादसा कैसे हुआ इसकी जांच की जा रही है।

- पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा, खड़ी बस से टकराई ट्रैवलर, 6 जख्मी

गुजरात में नगरपालिका-पंचायत चुनाव के लिए वोटिंग जारी

शाम 4 बजे तक 44% मतदान, 18 फरवरी को होगी मतगणना

एजेंसी, अहमदाबाद

गुजरात में जूनागढ़ महानगर पालिका, 68 नगर पालिकाओं और तीन तालुका पंचायतों के चुनाव के लिए आज यानी कि 16 फरवरी को मतदान हो रहा है। शाम 4 बजे तक 44% मतदान हो चुका है। मतदान के बाद 5 हजार से अधिक उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। मतगणना 18 फरवरी को होगी। राज्य चुनाव आयोग (SEC) के अनुसार, इस दौरान विभिन्न स्थानीय और शहरी निकायों की खाली सीटों के लिए भी उपचुनाव कराए जा रहे हैं। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार, मतदान रविवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच होगा। तीन तालुका पंचायतें गांधीनगर, कठलाल और कपड़वंज हैं, जहां चुनाव हो रहे हैं। यह चुनाव इसलिए भी जरूरी है क्योंकि गुजरात सरकार ने 2023 में पंचायतों और नगर पालिकाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के लिए 27% आरक्षण की घोषणा की थी। इस फैसले के बाद यह पहला स्थानीय निकाय चुनाव है। बीजेपी ने दावा किया है कि जूनागढ़ महानगरपालिका की 8 सीटों समेत विभिन्न स्थानीय निकायों की 213 सीटों पर उसका निर्विरोध जीतना तय है। इसके अलावा, यह भी कहा कि वह भचाऊ, जाफराबाद, बंटवा और हलोल नगरपालिकाओं में भी जीत दर्ज करेगी, क्योंकि वहां उसकी 'निर्विरोध' घोषित सीटों की संख्या बहुमत से अधिक है।

तेलंगाना CM बोले- मोदी जन्म से OBC नहीं, भाजपा विधायक ने कहा- रेवंत रेड्डी वही बोलते हैं, जो राहुल गांधी कहते हैं

एजेंसी, हैदराबाद

भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने शनिवार को पीएम मोदी की जाति पर दिए बयान को लेकर तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी की आलोचना की। उन्होंने कहा- "रेवंत रेड्डी दुविधा में फंस गए हैं। वो वही बोलते हैं जो कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी उन्हें भेजते हैं। उन्होंने कहा, 'तेलंगाना की पिछली सरकार ने राज्य पर 8 लाख करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ाया। रेड्डी के सत्ता में आने के बाद कर्ज में 1 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। सरकार तेलंगाना को संभालने में विफल रही है। रेवंत रेड्डी जनता का ध्यान भटकाने और उन्हें गुमराह करने के लिए ऐसी टिप्पणियां कर रहे हैं।' तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने 14 फरवरी को कांग्रेस के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी की जाति को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने ये बयान तेलुगु में दिया था। बीजेपी बोली- पीएम मोदी की "मोढ़ घांची" जाति 1994 से ओबीसी बीजेपी के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण ने कहा- "पीएम मोदी की जाति पर रेड्डी का बयान पूरी तरह गलत है। इससे पहले राहुल गांधी ने भी ऐसा बयान दिया था, जिससे उनकी छवि को नुकसान हुआ था। कांग्रेस नेताओं को बार-बार पीएम की जाति पर टिप्पणी करने की जरूरत क्यों पड़ती है? यह ध्यान भटकाने की साजिश है।"

उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी जिस "मोढ़ घांची" जाति से आते हैं। गुजरात सरकार ने उसे 25 जुलाई 1994 को ही राज्य की ओबीसी सूची में शामिल कर लिया था। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने 15 नवंबर 1997 को केंद्र सरकार को इसे केंद्रीय सूची में जोड़ने की सिफारिश की थी और इसका गजट नोटिफिकेशन 27 अक्टूबर 1999 को जारी किया गया था। उस समय नरेंद्र मोदी सरकारी पद पर नहीं थे। केंद्रीय राज्य मंत्री बोले- राहुल की जाति-धर्म क्या है रेवंत रेड्डी के बयान को लेकर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा- पीएम मोदी की जाति पर टिप्पणी करना कांग्रेस की एक सोची-समझी रणनीति है। ताकि पार्टी के पिछड़ी जातियों को 42% आरक्षण देने के वादे से ध्यान हटाया जा सके। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा- "राहुल गांधी की जाति क्या है? उनका धर्म क्या है? क्या रेवंत रेड्डी या किसी को इसकी जानकारी है?" राहुल गांधी के दादा फिरोज जहांगीर गांधी थे। हिंदू परंपरा के अनुसार जाति पिता के वंश से निर्धारित होती है। उनका इशारा इस ओर था कि कांग्रेस नेता की जाति को लेकर पार्टी खुद स्पष्ट नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की जाति पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जाति सर्वे को लेकर विवाद जारी तेलंगाना सरकार ने हाल ही में विधानसभा में जाति सर्वे की कुछ रिपोर्ट पेश की थी। बीजेपी और के. चंद्रशेखर राव की बीआरएस ने इसे अधूरा बताया। साथ ही कांग्रेस के ही कुछ नेताओं ने भी आंकड़ों पर सवाल उठाए। इसके बाद राज्य सरकार ने 3.1% आबादी को कवर करने के लिए 18 फरवरी से 28 फरवरी तक दूसरा सर्वे करने का ऐलान किया है।

कांग्रेस सांसद की विदेशी पत्नी का ISI कनेक्शन, गोगोई बोले- भाजपा बदनाम कर रही

एजेंसी, गुवाहाटी

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के ISI कनेक्शन की जांच असम सरकार कराएगी। रविवार को असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने इसकी जानकारी दी। हिमंता का बयान गौरव गोगोई के कमेंट के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था- भाजपा हमें बदनाम करने की कोशिश कर रह है। हम इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। असम सीएम ने कहा- जब तक हम पद पर हैं, राष्ट्र की सुरक्षा की रक्षा करने की शपथ से बंधे हैं। इसलिए मैं उन्हें (गोगोई) जल्द से जल्द अदालत जाने की सलाह देता हूं ताकि न्यायिक मंच पर इस मुद्दे की चर्चा हो सके। दरअसल, सरमा ने 13 फरवरी को गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI से जुड़े होने के आरोप लगाए थे। सरमा बोले- कांग्रेस के समय CM ऑफिस में घुसपैठ की कोशिश इससे पहले सरमा ने 15 फरवरी को आरोपों की जांच के लिए SIT गठन करने की बात भी कही थी। सरमा ने कहा कि पूरे इकोसिस्टम की गहने जांच की जाएगी। आशंका है कि गौरव के पिता तरुण गोगोई के मुख्यमंत्री रहते ISI ने CM ऑफिस में घुसपैठ की कोशिश की थी। इस पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को X पर लिखा- असम के CM और भाजपा ने मेरे सहयोगी गौरव गोगोई को बदनाम करने का अभियान शुरू किया है। यह चरित्र हनन का घटिया रूप है। यह इसलिए हो रहा है क्योंकि भाजपा के पूरे जोर लगाने के बाद भी गौरव लोकसभा चुनाव जीत गए थे। 12 महीनों में राज्य के लोग उन्हें (हिमंता बिस्वा सरमा) पूर्व सीएम बना देंगे और उनकी पार्टी को विपक्ष में बैठा देंगे। इसके जवाब में सरमा ने ट्वीट किया- मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला असम के लोग करेंगे आप नहीं। मैं आपको 2014 से कांग्रेस को मिली अपमानजनक हार की याद नहीं दिलाना चाहता।

हिमंता बोले- असम सरकार लीगल एक्शन लेगी

मस्क ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग रोकी, 182 करोड़ मिलते थे

एजेंसी, नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सहयोगी इलॉन मस्क ने भारत के चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए दी जाने वाली 182 करोड़ रुपए की फंडिंग रद्द कर दी है। मस्क के नेतृत्व वाले डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (DOGE) ने शनिवार को ये फैसला लिया। DOGE ने एक लिस्ट जारी की है। इसमें डिपार्टमेंट की तरफ से 15 तरह के प्रोग्राम्स की फंडिंग रद्द की गई है। इसमें एक प्रोग्राम दुनियाभर में चुनाव प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए भी है, जिसका फंड 4200 करोड़ रुपए है। इस फंड में भारत की हिस्सेदारी 182 करोड़ रुपए की है। फैसले पर BJP आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया है कि इस फंड का इस्तेमाल भारतीय चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया गया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और अमेरिकी बिजनेसमेन जॉर्ज सोरोस पर भारत में चुनाव प्रक्रिया में दखल देने का आरोप लगाया है।

BJP ने चुनाव में फंडिंग पर सवाल उठाए: BJP नेता अमित मालवीय ने DOGE के फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। इसमें उन्होंने भारत के चुनाव में 182 करोड़ की फंडिंग को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने X पोस्ट में कहा- 21 मिलियन डॉलर (182 करोड़ रुपए) वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए? यह साफ तौर पर देश की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी दखल है। इस फंड से किसे फायदा होगा। जाहिर है इससे सत्ताधारी (BJP) पार्टी को तो फायदा नहीं होगा। एक दूसरे पोस्ट में अमित मालवीय ने कांग्रेस पार्टी और जॉर्ज सोरोस पर भारतीय चुनाव में हस्तक्षेप का आरोप लगाया। मालवीय ने सोरोस को गांधी परिवार का जाना-माना सहयोगी बताया।

अनिल विज को पंजाब के NRI मंत्री ने सुनाई खरी-खोटी

एजेंसी, अमृतसर

अमेरिका से डिपोर्ट किए गए हरियाणा के लोगों को लाने के लिए BJP सरकार ने अमृतसर एयरपोर्ट पर कैदी वैन भेज दी। इससे पंजाब की आम आदमी पार्टी (AAP) सरकार के NRI मंत्री कुलदीप धालीवाल भड़क गए। उन्होंने कैदी वैन की वीडियो बनाई और सीधे हरियाणा के ट्रांसपोर्ट मंत्री अनिल विज को घेर लिया। धालीवाल यहीं नहीं रुके। उन्होंने हरियाणा में CM नायब सैनी की अगुआई वाली भाजपा सरकार को नसीहत देते हुए कहा- अमेरिका से भेजे गए हरियाणा के युवाओं को ले जाने के लिए हरियाणा ने कैदी वैन भेजी है। क्या हरियाणा के पास कोई ढंग की बस नहीं है? ये युवा अमेरिका में आरोपी हैं हरियाणा में नहीं। मुझे यह देखकर बड़ा दुख हुआ। धालीवाल ने यह भी कहा कि वे कोई आतंकी नहीं हैं। बता दें कि शनिवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे अमेरिकी एयरफोर्स के विमान ने अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे 115 भारतीयों को अमृतसर एयरपोर्ट पर लाकर छोड़ दिया। इसके बाद रात करीब 1 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर पंजाब के कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल इंतजामों का जायजा लेने पहुंचे।



- बोले- अमेरिका से हथकड़ी में आए हरियाणवी, अमृतसर कैदी वैन भेज दी, वे आतंकी नहीं

अमेरिका ने 116 और भारतीयों को जबरन लौटाया

एजेंसी, अमृतसर

अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे 116 और भारतीयों को जबरन भारत भेज दिया गया। अमेरिकी एयरफोर्स का विमान ग्लोबमास्टर शनिवार देर रात 11.30 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा। इस बार महिलाओं-बच्चों को छोड़कर सभी पुरुषों को हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर विमान में बैठाया गया था। एयरपोर्ट पर ही उनके परिवार से मुलाकात कराई गई। करीब 5 घंटे की वैरिफिकेशन के बाद पुलिस की गाड़ियों में सभी को घर छोड़ा गया। इस दौरान किसी को भी मीडिया से बातचीत नहीं करने दी गई। इससे पहले 5 फरवरी को 104 अप्रवासी भारतीयों को जबरन लौटाया जा चुका है। इनमें बच्चों को छोड़कर महिलाओं-पुरुषों को हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़कर लाया गया था। इस तरह अब तक 220 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजा जा चुका है। तीसरा बैच आज (16 फरवरी) रात 10 बजे आएगा। इसमें 157 अप्रवासी भारतीय होंगे।

युवक ने हथकड़ी-बेड़ियों की पुष्टि की, चचेरे भाई मर्डर केस में डिटेन: इस विमान में डिपोर्ट हुए होशियारपुर के दलजीत सिंह ने हथकड़ियां-बेड़ियां लगाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा- हमारे हाथ बंधे थे और पैरों में जंजीरें डाली गईं थी। वह डंकी रूट से अमेरिका पहुंचा था। वहीं डिपोर्ट होकर आए चचेरे भाइयों संदीप और प्रदीप को पटियाला पुलिस ने डिटेन किया है। उनसे जून 2023 में दर्ज कत्ल केस के मामले में पूछताछ की जा रही है।

पंजाब के 65, हरियाणा के 33, गुजरात के 8 लोग: शनिवार को जबरन वापस भेजे गए लोगों में पंजाब से 65, हरियाणा से 33, गुजरात से 8, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से 2-2 और हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। इनमें अधिकांश 18 से 30 साल की उम्र के हैं। पिछले बैच को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सवाल किए थे कि जब सबसे ज्यादा 33-33 लोग हरियाणा और गुजरात के थे तो विमान को अहमदाबाद या अंबाला की जगह पंजाब क्यों उतारा गया? हालांकि इस बैच में सबसे ज्यादा पंजाबियों को लौटाया गया।

- पुरुषों को हथकड़ी-बेड़ियां लगाईं
- अमृतसर एयरपोर्ट से 5 घंटे बाद घर भेजा, तीसरा बैच आज आएगा

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

वीमेंस प्रीमियर लीग 2025 : आखिरी गेंद पर दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 2 विकेट से हराया

एजेंसी, वडोदरा

वीमेंस प्रीमियर लीग 2025 के दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हरा दिया है। इस मैच में मुंबई ने पहले खेलते हुए 164 रन बनाए, जिसके जवाब में दिल्ली ने आखिरी गेंद पर दो रन भागते हुए जीत सुनिश्चित की। वड़ोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 164 रन का स्कोर खड़ा किया। मुंबई के लिए नैट साइवर ब्रंट ने नाबाद 80 रन की पारी खेली और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 42 रनों का योगदान दिया। जबकि मुंबई के आठ बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। दिल्ली के लिए एना सदरलैंड ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए और शिखा पांडे ने भी दो विकेट लिए। जबकि मिन्नु मनी और एलिस कैप्सी को एक-एक सफलता मिली।

165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत काफी अच्छी रही। कप्तान मेग लैनिंग और शफाली वर्मा ने पावरप्ले में ही टीम का स्कोर 60 के पार पहुंचा दिया। लैनिंग 15 रन बनाकर आउट हो गईं। जबकि शफाली ने 18 गेंद में 43 रन की पारी खेली। मिडिल ओवरों में दिल्ली जब जीत से दूर होती दिख रही थी तब निकी प्रसाद ने 35 रन की धीमी लेकिन महत्वपूर्ण पारी खेल टीम को जीत के करीब ले जाने का काम किया। आखिरी ओवर में दिल्ली को जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी और तीन विकेट हाथ में था। हालांकि 20वें ओवर की पहली गेंद पर चौखा मारकर निकी प्रसाद ने टीम पर से दबाव कम किया। फिर अगली गेंद पर दो रन लिया। इसके बाद तीसरी और चौथी गेंद पर क्रमशः एक-एक रन मिला। इस तरह जीत के लिए दो गेंद पर दो रन जरूरत थी। तभी पांचवी गेंद पर निकी आउट हो गई। तब एक बार फिर गेम में मुंबई को आस बधी। लेकिन अरुंधती रेड्डी ने आखिरी गेंद पर दो रन दौड़ कर दिल्ली की जीत सुनिश्चित कर दी।

चैम्पियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं विराट कोहली

एजेंसी, मुम्बई

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के पास एक अहम रिकार्ड बनाने का अवसर है। विराट इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले शीर्ष खिलाड़ी बन सकते हैं। भारतीय टीम 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत करेगी और दौरान सभी की नजरें विराट कोहली पर रहेंगी। विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में अर्धशतक लगाकर फार्म हासिल कर लिया है। ऐसे में सभी को उनसे अधिक से अधिक रन बनाने की उम्मीदें रहेंगी। विराट अपनी चौथी चैंपियंस ट्रॉफी खेल रहे हैं। विराट ने अब तक 13 मैचों में 529 रन बनाए हैं और इस प्रकार वह भारतीय टीम के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के सफल बल्लेबाज बनने के लिए केव 173 रन चाहिये। अभी शिखर धवन के नाम चैम्पियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक रन हैं, जिन्होंने 2013 और 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 701 रन बनाए थे। धवन दोनों चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। भारत ने 2013 में ट्रॉफी जीती थी जबकि 2017 में टीम फाइनल तक पहुंची थी। वहीं पूर्व कप्तान सौरव गांगुली 665 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 2000 और 2002 में चैंपियंस ट्रॉफी खेले थे। विराट ने चैंपियंस ट्रॉफी में 12 पारियों में 529 रन बनाए हैं, जिसमें पांच अर्धशतक भी शामिल हैं। उनका औसत 88.16 का है और उन्होंने 53 चौके लगाए हैं। भारत को इस टूर्नामेंट में कम से कम तीन मैच खेलने हैं, और कोहली के पास रन बनाकर इस सूची में शीर्ष स्थान हासिल करने का सुनहरा अवसर होगा।

आईपीएल 2025 में इस बार दिखेंगे बदलाव

एजेंसी, मुम्बई

अगले माह होने वाले आईपीएल 2025 में अनुशासन तोड़ना अब खिलाड़ियों को भारी पड़ेगा। इस बार टीमों में काफी बदलाव भी देखने को मिलेगा। कई टीमों ने कप्तान तक बदले हैं। पिछली बार की विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कप्तानी जबकि पिछली बार दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करने वाले ऋषभ पंत इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलेंगे।

आईपीएल प्रबंधन ने मैदान पर खिलाड़ियों के अनुशासन से जुड़े कई नियम अब पहले से अधिक सख्त कर दिए गए हैं। अब आईपीएल में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की आचार संहिता का पालन किया जाएगा। गर्वनिंग काउंसिल की बैठक में ये अहम फैसला लिया गया। इसके तहत लेवल 1,2 और 3 के उल्लंघन पर खिलाड़ियों को आईसीसी के नियमों के मुताबिक सजा दी जाएगी।

पहले लीग के अपने नियम होते थे, लेकिन अब आईसीसी द्वारा निर्धारित कोड ऑफ कंडक्ट लागू किया जाएगा। आईपीएल 2025 सीजन का आगाज 21 मार्च से होगा। यानी इस दिन टूर्नामेंट का ओपनिंग मुकाबला खेला जाएगा जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। वहीं दूसरी ओर आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर का रूल जारी रहेगा। हालांकि इम्पैक्ट प्लेयर रूल को लेकर पिछले साल काफी बवाल भी हुआ था। रोहित शर्मा, विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों ने इस रूल की आलोचना की थी। बावजूद इसके आगामी सीजन में इम्पैक्ट खिलाड़ियों का रूल जारी रहेगा।

चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत पर हावी रही है पाकिस्तानी क्रिकेट टीम

एजेंसी, मुम्बई

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में सभी को भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को होने वाले अहम मुकाबले का इंतजार है। दोनो ही टीमों को इसमें जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अभी दोनो ही टीमें अच्छे फॉर्म में हैं। ऐसे में इनके बीच कड़े मुकाबले की उम्मीद हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम हमेशा ही आईसीसी टूर्नामेंटों में हावी रही है और वह केवल एक बार ही हारी है पर चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान की टीम को अधिक सफलता मिली है। उसने भारतीय टीम को 3 बार हराया है. ऐसे में टीम इंडिया को उसके खिलाफ मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक 5 मुकाबले हुए हैं। इनमें से भारतीय टीम दो ही जीत पायी है। वहीं पाकिस्तान ने ने तीन मैच जीते हैं। इसके अलावा उसने पिछली बार फखर जमां के शतक से 2017 में खेले गये इस टूर्नामेंट में खिताब भी जीता था। दोनों ही टीमों में उस समय के आधे खिलाड़ी अब भी हैं। ऐसे में भारतीय टीम इस बार उस हार का हिसाब बराबर करना चाहेगी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पहली बार 1998 में आयोजित हुई पर भारत-पाकिस्तान का मुकाबला 2004 में हुआ। इंग्लैंड में खेली गई चौथी चैंपियंस ट्रॉफी में दोनों टीमें पहली बार टकरायीं। तब पाकिस्तान ने यह मुकाबला 3 विकेट से जीता। इसके बाद 2009 में भी पाक ने भारतीय टीम को 54 रन से हराया। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को पाकिस्तान पर पहली जीत साल 2013 में मिली। तब भारतीय टीम ने बर्मिंघम में खेले गए इस मुकाबले को 8 विकेट से जीता। उस मै खेले रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा अब भी भारतीय टीम में शामिल हैं। साल 2017 में खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाक के बीच दो बार मुकाबला हुआ। तब भारतीय टीम ने ग्रुप मैच में पाकिस्तान को 124 रन से हराया पर फाइनल में पाक टीम को जीत मिली।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में केवल एक अनुभवी तेज गेंदबाज के साथ उतर रही भारतीय टीम

एजेंसी, मुम्बई

भारतीय टीम को 19 फरवरी से होने वाली आईसीस चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। कप्तान रोहित शर्मा भी पिछले कुछ समय से लगातार असफल रहे है। ऐसे में उनका लक्ष्य भी इस ट्रॉफी का जीतकर प्रशंसकों को खुश करना रहेगा। हालांकि ये इतना आसान भी नहीं है। इसका कारया मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नहीं होना है। बुमराह ने पिछले कुछ समय में हर सीरीज में अबसे अधिक विकेट लिए हैं। ऐसे में भारतीय टीम के पास मोहम्मद शमी के अलाव कोई भी अनुभवी तेज गेंदबाज नहीं है। टीम के पास अन्य तेज गेंदबाजों में युवा हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह है। वहीं टीम पांच स्पिनरों के साथ जा रही है।

टीम के साथ रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिनर रहेंगे। भारत के मैच दुबई में होने हैं जहां तेज गेंदबाजों को अधिक सफलता मिलती रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर 2009 के बाद से 58 एकदिवसीय खेले गये हैं जिसमें तेज गेंदबाजों को पांच से कम की इकॉनामी दर से 466 विकेट मिले हैं। वहीं स्पिनरों को 334 विकेट मिले हैं और उनकी किफायत दर 4.2 रही है। वहीं भारतीय टीम 5 स्पिनर लेकर जा रही है और उसे ये रणनीति भारी पड़ सकती है। उसके पास स्पिन ऑलराउंडर के रूप में रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल हैं जबकि विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव हैं।

पांच स्पिनरों को लेकर जाने पर भी सवाल उठ रहे है क्योंकि दुबई की पिचों पर स्पिनरों को अधिक सहायता नहीं मिलती है। टीम में शामिल रहस्यमयी गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती से काफी उम्मीदें हैं और अब देखना है कि वह क्या करते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में लीग चरण में भारत को बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से खेलना है और इनमें से किसी ने भी वरुण का पहले सामना नहीं किया है। जडेजा और अक्षर का खेलना लगभग तय है और वरुण के खेलने पर कुलदीप यादव को बाहर रहना पड़ सकता है। एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने कहा, दुबई में पिच से गेंदबाजों को शारजाह की तुलना में अधिक मदद मिलती है।

चैंपियंस ट्रॉफी में स्मिथ पारी शुरु करें : गिलक्रिस्ट

एजेंसी, मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियाई टीम के करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज रहे क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में कप्तानी कर स्टीव स्मिथ पारी की शुरुआत करें। गिलक्रिस्ट के अनुसार इससे स्मिथ को अधिक से अधिक गेंदें खेलने के लिए मिलेंगी। इससे पहले हुए श्रीलंका दौरे में स्मिथ ने मध्यक्रम के बल्लेबाज के तौर पर काफी कम रन बनाये थे।

गिलक्रिस्ट के अनुसार युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क अभी रन नहीं बना पा रहे हैं। ऐसे में स्मिथ को पारी शुरु करनी चाहिए। गिलक्रिस्ट के अनुसार मैट शॉर्ट को भी शीर्ष क्रम में ट्रैविस हेड के साथ उतारा जा सकता है पर अभी स्मिथ को पारी शुरु करनी चाहिए क्योंकि शॉर्ट के पास अधिक अनभव नहीं है। उन्होंने कहा,मुझे मैट को बल्लेबाजी में हैड के साथ उतारना भी अच्छा प्रयोग लग रहा है। इससे बाएं हाथ और दाएं हाथ का अच्छा संयोजन बनेगा। वहीं स्मिथ भी पारी शुरु कर कर सकते हैं, टी20 में हमने उन्हें 20 ओवर के क्रिकेट में ऐसा करते हुए देखा है। वह मध्यक्रम में काफी अच्छे बल्लेबाजी है पर पारी की शुरुआत में भी वह सफल रहेंगे। इससे उन्हें ज्यादा गेंदों का सामना करने का अवसर मिलेगा। टीम चैंपियंस ट्रॉफी में मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और पैट कमिंस जैसे शीर्ष तेज गेंदबाजों के बिना उतरेगी। इसके अलावा ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और मिशेल मार्श भी उसके साथ नहीं हैं , ऐसे में युवा खिलाड़ियों पर अधिक जम्मेदारी है। ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी के लीग चरण के मैचों में इंग्लैंड, अफ़गानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला करना है। गिलक्रिस्ट को लगता है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनकी सीमित तैयारी के कारण टीम को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

पोलार्ड की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं उनके बेटे कैडेन

एजेंसी, जमैका

वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड के बेटे कैडेन पोलार्ड भी पिता की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं। पोलार्ड ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने बेटे कैडेन की एक तस्वीर साझा की है। इस फोटो में कैडेन हाथ में बल्ला और हेलमेट लिए नजर आये हैं। पोलार्ड ने इस तस्वीर के साथ लिखा कि उनके बेटे ने एक शतक बनाया है। पोलार्ड ने ही कहा कि उनके बेटे कैडेन ने 85 गेंदों में 135 रन बनाये हैं। कैडेन ने ये शतक लगाकर अपनी नॉर्थ टीम को टीटी क्रिकेट बोर्ड को अंडर-15 इंटरजोन यूथ टूर्नामेंट में टोबैगो पर 159 रन से बड़ी जीत दिलाई। कैडेन ने इस दौरान कई ऐसे शॉट्स लगाए, जिसने उनमें पिता कीरोन की झलक नजर आयी। कैडेन अपने पिता कायरन पोलार्ड के साथ कई बार अभ्यास करते हुए नजर आए हैं। कैडेन को कई बार आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस के नेट्स में अभ्यास भी करते हुए देखा गया है। मुंबई ने अपने सोशल मीडिया पर कैडेन की बैटिंग का वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें देखा जा सकता है कि वो अपने पिता कायरन की गेंदबाजी पर बड़े शॉट्स लगाते दिख रहे हैं। पोलार्ड खेल से संन्यास के बाद अब बल्लेबाजी कोच के तौर पर आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस से जुड़े हैं। पोलार्ड आईपीएल के अलावा विश्व की दूसरी फ्रेंचाइजी लीग में भी खेलते हैं। पोलार्ड मुंबई इंडियंस की ओर से पांच सत्र खेले थे।

कई पूर्व शूटरों को राष्ट्रीय टीम के कोच के रूप में किया गया नियुक्त

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ (एनआरएआई) की गवर्निंग बॉडी की बैठक शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित की गई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें से एक प्रमुख निर्णय यह रहा कि कई पूर्व शूटरों को राष्ट्रीय टीम के कोच के रूप में नियुक्त किया गया। इसके अलावा द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता दीपाली देशपांडे और जसपाल राणा को क्रमशः हेड कोच (राइफल) और हाई-परफॉर्मेंस कोच (25 मीटर) के रूप में नियुक्त किया गया। कुल मिलाकर 16 नए सदस्यों को कोचिंग टीम में शामिल किया गया, जबकि 19 को बरकरार रखा गया, जिनमें एक समन्वयक (अमर जंग सिंह) और दो कोच (प्रीति शर्मा और अनुजा जंग) को बधिर शूटरों के लिए नियुक्त किया गया। पूर्व शूटरों में से जिनका चयन राष्ट्रीय टीम के नए कोचों के रूप में किया गया है, उनमें प्रमुख नामों में पूर्व पिस्टल शूटर जीतू राय (पद्म श्री और खेल रत्न पुरस्कार विजेता, 10 मीटर एयर पिस्टल) शामिल हैं।

नीदरलैंड महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 मैचों के लिए भुवनेश्वर पहुंची

एजेंसी, भुवनेश्वर

चैंपियन नीदरलैंड महिला हॉकी टीम भारत में अपने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 मैचों से पहले रविवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। वर्तमान में चार मैचों में नौ अंक लेकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर चल रही नीदरलैंड टीम अपने पहले मैच में 21 फरवरी को प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगी। भारत आने पर नीदरलैंड की कप्तान पिएन सैंडर्स ने कहा कि हम यहां आकर रोमांचित हैं, क्योंकि यहां का माहौल हमेशा शानदार रहता है और हम आगे के मैचों के लिए वास्तव में उत्सुक हैं। हमारा लक्ष्य खिताब की रक्षा करना है और भारत में होने वाले चार मैचों के लिए सभी 12 अंक सुरक्षित करना है। आगे की ओर देखते हुए, मेरा मानना है कि भारतीय टीम हमारी सबसे कठिन चुनौती होगी, खासकर जब घरेलू दर्शक उनका पूरा समर्थन करेंगे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

बटन मशरूम उगाएं, आमदनी बढ़ाएं

उगाने का सही समय

अक्टूबर से मार्च का महीना उत्तम रहता है। इन छह महीनों में दो फसलें उगाई जाती हैं। आरम्भ में 22 से 26 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान की आवश्यकता होती है। इस तापमान पर बटन मशरूम का कवकजाल बहुत तेजी से वृद्धि करता है। तथा बाद में इसके लिए 14 से 18 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान ही उपयुक्त होता है। इससे कम तापमान पर फलनकाय की बढ़वार बहुत धीमी हो जाती है।

कम्पोस्ट खाद बनाने की तकनीक

इस कम्पोस्ट को साधारण तथा निर्जीवीकरण दो विधियों से तैयार किया जाता है। कम्पोस्ट तैयार होने के बाद लकड़ी की पेटी या रैक में 15 से 20 सेमी. मोटी परत बिछा देते हैं। यदि बटन मशरूम की खेती पॉलीथिन की थैलियों में करनी हो, तो कम्पोस्ट खाद को बिजाई या स्पानिंग के बाद ही थैलियों में भरें तथा थैलियों में 2 मिलीमीटर चौड़ा छेद थोड़ी–थोड़ी दूरी पर बना देते हैं, जिससे थैली में हवा और पानी का आवागमन बना रहे।

साधारण विधि से कम्पोस्ट बनाने की तकनीक

साधारण विधि से कम्पोस्ट बनाने में 20 से 25 दिन का समय लगता है। 100 सेन्टीमीटर लम्बी, 50 सेन्टीमीटर चौड़ी तथा 15 सेन्टीमीटर ऊंची 15 पेटियों के लिए इस विधि से कम्पोस्ट बनाने के लिए निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता होती है–

- धान या गेहूँ का 10–12 सेन्टीमीटर लम्बाई में कटा हुआ भूसा–250 किलोग्राम
- धान या गेहूँ की भूसी–20 से 25 किलोग्राम
- अमोनियम सल्फेट या कैल्शियम अमोनियम नाइट्रेट– 4 किलोग्राम
- यूरिया–3 किलोग्राम
- जिप्सम–20 किलोग्राम
- मैलाथियॉन–10 मिलीलीटर



जिस स्थान पर कम्पोस्ट तैयार करनी हो वहां पर गेहूं के भूसे की 8 से 9 इन्च मोटी परत बिछाकर उसे पानी से अच्छी तरह से भिगों दें। पानी में भिगोने के लगभग 16 से 18 घंटे बाद उसमें जिप्सम तथा कीटनाशक दवा को छोड़कर बाकी सभी सामग्री को अच्छी तरह से भूसे में मिला लें। और इस प्रकार से तैयार सम्पूर्ण सामग्री को एक मीटर चौड़ी, एक मीटर ऊँची तथा सुविधानुसार लम्बाई में ढेर बना देते हैं। इस प्रकार तैयार ढेर को प्रत्येक 3–4 दिन के अन्तराल पर हवा लगने के लिए फर्श पर खोलकर बिछा देते हैं। तथा आधे घण्टे बाद दोबारा उसी आकार का ढेर बना देते हैं। यदि भूसा सूखा हुआ लगे तो उस पर हल्का पानी छिड़ककर गीला करते रहें। तीसरी पलटाई के दौरान जिप्सम की आधी मात्रा मिला देते हैं। शेष बची हुई जिप्सम की मात्रा को चौथी पलटाई के दौरान भूसे में मिला दें। पांचवीं पलटाई के दौरान 10 मिली लीटर मैलाथियान को 5 लीटर पानी में घोलकर भूसे पर छिड़काव कर, भूसे में अच्छी तरह से मिलाकर पुनः उसे ढेर में बना देते हैं। अगले 3–4 दिनों में कम्पोस्ट खाद पेटियों या थैलियों में भरने योग्य हो जाती है।

बटन मशरूम की बिजाई या स्पानिंग करना

मशरूम के बीज को स्पान कहते हैं। स्पान की गुणवत्ता का मशरूम उत्पादन पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। अतः मशरूम का स्पान किसी अच्छे व भरोसेमंद संस्थान से ही लें। स्पान लेते समय यह भी ध्यान रखें कि स्पान एक माह से अधिक पुराना ना हो। स्पान की मात्रा कम्पोस्ट खाद के वजन के 2 से 2.5 प्रतिशत के बराबर रखते हैं। स्पानिंग करने के लिए कम्पोस्ट से भरी थैलियों में कम्पोस्ट के ऊपर स्पान बिखेर कर तदुपरान्त स्पान के ऊपर 2 से 3 सेन्टीमीटर मोटी कम्पोस्ट की परत और चढ़ा दें।

स्पानिंग उपरान्त मशरूम की देखभाल

बटन मशरूम के स्पान की बीजाई के पश्चात थैलियों को मशरूम कक्ष में सावधानीपूर्वक रख देते हैं। तथा इसके ऊपर पुराना अखबार बिछाकर पानी से भिगो देते हैं। इसके साथ ही मशरूम कक्ष में पर्याप्त नमी बनाये रखने के लिए कमरे के फर्श व दीवारों पर पानी छिड़कते रहें। इस समय कक्ष का तापमान 22 से 26 डिग्री सेन्टीग्रेड तथा नमी 80 से 85 प्रतिशत के बीच रखें।

परत चढ़ाना या केसिंग करना

गोबर की अच्छी सड़ी हुई खाद एवं बाग की मिट्टी को बराबर मात्रा में लेकर उसको छानकर अच्छी तरह से मिला लें। इस प्रकार तैयार इस मिश्रण को 5 प्रतिशत फार्मलीन या भाप से निर्जीवीकरण कर लें। इसके उपरान्त इस मिश्रण का मशरूम थैलियों के ऊपर परत चढ़ाने के लिए उपयोग करते हैं। इस प्रक्रिया को केसिंग करना कहते हैं।

बटन मशरूम की खेती के लिए कम्पोस्ट बनाना व उसे थैलियों में भरना

कम्पोस्ट खाद तैयार होने के बाद लकड़ी की पेटी या रैक में इसकी 6 से 8 ईन्च मोटी परत बिछा देते हैं। यदि बटन मशरूम की खेती पॉलीथिन की थैलियों में करनी हो तो कम्पोस्ट खाद को बीजाई या स्पानिंग के बाद ही थैलियों में भरें। थैलियों में 2 मिलीमीटर व्यास के छिद्र थोड़ी–थोड़ी दूरी पर कर देते हैं, जिससे अतिरिक्त जल की मात्रा बाहर निकल जाये और हवा का आगमन भी बना रहे।

तुड़ाई

स्पानिंग करने के 35 से 40 दिन बाद अथवा मिट्टी के मिश्रण चढ़ाने के 15 से 20 दिन बाद कम्पोस्ट के ऊपर बटन मशरूम के सफेद फलनकाय दिखाई देने लगते हैं। जो अगले 4 से 5 दिन में बटन के आकार में वृद्धि कर लेते है। जब बटन मशरूम की टोपीनुमा संरचना कसी हुई अवस्था में हो तथा उसके नीचे की झिल्ली साबुत हो तब मशरूम को हाथ की उंगलियों से हल्का दबाकर और घुमाकर तोड़ लेते हैं।

भण्डारण

सामान्यतः एक वर्ग मीटर क्षेत्र में 8 से 9 किलोग्राम बटन मशरूम की पैदावार प्राप्त हो जाती है। मशरूम को तोड़ने के बाद साफ व ताजे पानी से अच्छी तरह साफ कर लें। इसके बाद 25 से 30 मिनट तक ठण्डे पानी में रखें। खाने के लिए मशरूम को ताजा ही प्रयोग करना लाभदायक होता है, परन्तु फ्रिज में 5 डिग्री सेन्टीग्रेड तापमान पर इसे 4–5 दिन तक सुरक्षित भण्डारित भी किया जा सकता है। स्थानीय बिक्री के लिए पॉलीथिन की थैलियों का प्रयोग किया जा सकता है। अधिक सफेद बटन मशरूम की मॉग अधिक होने के कारण ताजा बिकने वाली अधिकांश मशरूम को पोटेशियम मेटाबाइसल्फेट के घोल से उपचारित किया जाता है। बटन मशरूम का खुदरा मूल्य 200 से 250 रूपये प्रति किलोग्राम रहता है।

कैसा हो बाड़े का चारा

भारतीय गौवंश के इस निम्न उत्पादन क्षमता का प्रमुख कारण हैं निम्न आनुवांशिक क्षमता तथा दूसरा महत्वपूर्ण कारण हैं निम्न मात्रा में निम्न स्तर। निम्न गुणवत्ता का चारा मिलना। अतः अगर पशुपालक भाई निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें तो निश्चित रूप से भारतीय गौवंश के अच्छी दुग्ध उत्पादक क्षमता प्राप्त मादाओं से अच्छा दुग्ध उत्पादन मिल सकता हैं, वह बरकरार रह सकता हैं तथा उसमें बढ़ोत्तरी भी हो सकती हैं।

पशु के दैनिक आहार में हरा चारा तथा सूखा चारा दोनों शामिल होने चाहिए क्योंकि अगर सिर्फ हरा चारा खिलाया तो दूध उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी लेकिन उसमें बसा का प्रतिशत कम होगा। अगर सिर्फ सूखा चारा खिलाया तो दूध में बसा का प्रतिशत तो जरा सा बढ़ेगा लेकिन दूध उत्पादन में कमी आयेगी। अतः पशु के दैनिक आहार में 60 प्रतिशत हरा चारा तथा 40 प्रतिशत सूखा चारा होना चाहिए। ऐसा करने पर दूध उत्पादन में बढ़ोत्तरी के साथ–साथ दूध में बसा की मात्रा भी सामान्य रहती हैं। इसके साथ ही पशु आहार में एकदल चारा जैसे ज्वार, बाजरा, मक्का के अलावा दलहनी चारा जैसे बरसीम, ल्यूसर्न, लोबिया आदि होना बहुत जरूरी हैं।

चारे के माध्यम से प्रोभूजीन प्रोटीन तथा अन्य पोषक द्रव्यों की समुचित मात्रा में पूर्ति करने हेतु दलहनी चारा जैसे बरसीम, ल्यूसर्न, उड़द, मूंग, मूंगफली, लोबिया आदि के साथ मक्का, ज्वार या बाजरा का 1:3 इस अनुपात में मिश्रण करावे। केवल दलहनी चारा खिलाने से पशु को बदहजमी, पेटशूल वायु तथा दस्त आदि समस्याओं का सामना कर पड़ सकता हैं। प्रोटीन युक्त चारे से दूध उत्पादन बढ़ता हैं।

हमारे देश में ज्यादातर परम्परागत पद्धति से पशुपालन होता हैं जिसमें 90 प्रतिशत से भी ज्यादा पशु अपने लालन–पोषण हेतु चराई पर निर्भर होते हैं। इन पशुओं के लिये 61 करोड़ टन से भी ज्यादा हरा चारा तथा 86 करोड़ टन से भी ज्यादा कड़बी। सूखे चारे की आवश्यकता हैं। जबकि इनकी उपलब्धि अनुक्रम से करीबन 21 करोड़ टन और 48 करोड़ टन हैं। हमारे देश के पशुधन के लिए 1000 करोड़ टन से भी ज्यादा चारे की आवश्यकता हैं। सारांश यह हैं कि हमारे देश में चारे की कमी हैं। अतः हमें चारे की बचत करनी चाहिए। हरे चारे और सूखे चारे से पशु के वृद्धि, पोषण, दूध उत्पादन तथा प्रजनन की सारी आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं होती हैं। अतः उन्हें 'खुराक' खिलाना अत्यावश्यक हैं। खुराक एक मिश्रण होता हैं जिसके कुछ मुख्य घटक होते हैं जो निम्नलिखित हैं। उक्त लिखित मिश्रण में अगर खनिज, खनिज–ईट के स्वरूप में चाटने हेतु उपलब्ध करें तो खनिज मिश्रण चूर्ण यानि पाउडर के स्वरूप में डालने की जरूरत नहीं। ऐसे में मिश्रण में 2 किलो नमक मिला दें। और खनिज ईट बाडे में चाटने हेतु टांगकर रखें।

मोटा पिसा हुआ अनाज.....38त्न या किलो
खली (सरसों या अन्य).....20त्न या किलो
अनाज का चोकर.....20त्न या किलो
दाल की चुरी (चुनी).....20त्न या किलो
98त्न या किलो
+1त्न सादा नमक
+ 1त्न खनिज मिश्रण
100त्न या किलो

इसके अलावा ध्यान रहें कि पशु के बाडे में चारे की नांद 24 घंटे हरे तथा सूखे चारे से सराबोर रहें। पशु को 24 घंटे स्वच्छ, ताजा पानी मिलने हेतु पानी की टंकी पशु के बाड़े के आंगन में रखें। पशु आहार में अचानक बदलाव ना करें। पशु को खुराक निम्नानुसार दें। अगर पशु को प्रचुर मात्रा में हरा चारा जिसमें प्रोयूजिनयुक्त (प्रोटीनयुक्त) चारे जैसे बरसीम, ल्यूसर्न, लोबिया आदि भरपेट खिला रहे हैं तो प्रसिद्ध प्रतिदिन दूध उत्पादन देने वाली मादा को खुराक खिलाने की जरूरत नहीं होती। लेकिन इससे ज्यादा (यानी 5 लीटर/प्रतिदिन से ज्यादा) दूध उत्पादन हैं तो गाय को प्रति ढाई लीटर दूध उत्पादन पर 1 किलो खुराक तथा भैंस इसके अलावा शरीर पोषण हेतु हर पशु को रोजाना एक किलो खुराक अवश्य खिलायें।

पशुओं को अगर खली या खुराक देना है तो पहले उसे थोड़ा पानी छिटककर गीला करें ताकि खाने में आसानी हो, लार–स्त्रवण ठीक–ठाक हो, जायका बढ़ें तथा पाचनीयता बढ़ें। सूखे पशु (दूध न देने वाले पशु) तथा बैलों को भी रोजाना एक किलो खुराक अवश्य खिलायें ताकि उनके शरीर का पोषण ठीक–ठाक हो। हर पशु को खिलाया जाने वाला आहार तथा उसका दैनंदिन दुग्ध उत्पादन दोनों का लेखा–जोखा रखें। इससे, अगर दूध उत्पादन में कोई बदलाव आया तो पता चलेगा। पशु आहार अपने इलाके में उपलब्ध कृषि उत्पादन तथा उपलब्ध चीजों से बनायें ताकि कम खर्च में आहार बने और पशुपोषण का खर्च कम हो सकें। उसी प्रकार पशु की जरूरतों की पूर्ति हेतु अपने खेत पर प्रचुर मात्रा में हरी घांस, चारा आदि लगावें। क्योंकि हरा चारा खिलाने से जहां एक ओर दूध उत्पादन बढ़ता हैं वहीं दूसरी ओर खुराक का खर्च घटता हैं। पशु आहार पर कुल दूध उत्पादन का 60 से 70 प्रतिशत खर्च होता हैं जो कि काफी ज्यादा हैं। अतः इस खर्च को घटाना जरूरी हैं तभी पशुपालक को ज्यादा मुनाफा मिलेगा।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
RNI : JHAHIN/2014/54374

रणवीर इलाहाबादिया मामले पर विद्युत ने दी प्रतिक्रिया

समय रैना और रणवीर इलाहाबादिया का विवादित टिप्पणी का मामला अभी सुर्खियों में है। इस मामले पर कई बॉलीवुड सितारों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अब इस मामले पर एक्शन हीरो विद्युत जामवाल ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की है और इसमें उन्होंने कहा है कि विनाश काले विपरीत बुद्धि। उन्होंने आगे कहा है कि ये पैगाम मेरे फैंस के लिए है। मैं कुंभ से वापस आ चुका हूं। मैं इसकी सभी फोटो और वीडियो कल अपलोड करूंगा। ये बहुत अच्छी हैं।

जब विनाश का समय आता है तो बुद्धि पलट जाती है

विद्युत जामवाल ने विवादित टिप्पणी मामले के बारे में कहा मैंने रणवीर इलाहाबादिया के विवाद के बारे में सुना और इस पर मेरी पहली प्रतिक्रिया है विनाश काले विपरीत बुद्धि। ये मुर्खता थी। लेकिन दोपहर से मैं सोच रहा हूं कि उन्होंने बहुत बड़ी गलती की है और लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। लोग उनके करियर को खत्म करना चाहते हैं और हंस रहे हैं।

माफ करने से दिमाग साफ होता है

विद्युत ने वीडियो में कहा है कि लोग कह रहे हैं कि एक गलती की वजह से किसी व्यक्ति को जिंदगीभर पछताना पड़ सकता है। मैं कहता हूं ठीक है, लेकिन ये बताइए कि रणवीर के पोडकास्ट में कौन था। विद्युत ने कहा कि अपना दिमाग साफ रखने के लिए आपको करुणा, दया, और माफ करना सीखना चाहिए। हम ये कब कर सकते हैं? विद्युत ने अपने फैंस से पूछा है कि हमें उन्हें माफ करना चाहिए या नहीं? हमारे पास माफ करने की ताकत है। हम बड़े पापियों को भी माफ कर देते हैं। आप क्या सोचते हैं? हमे आपसे प्यार है।

क्या है पूरा मामला?

आपको बता दें कि रणवीर इलाहाबादिया ने इंडियाज गॉट लैटेंट शो में एक प्रतियोगी से उसके मां-बाप के बारे में अभद्र सवाल पूछे थे। इस पर लोगों ने नाराजगी जाहिर की। रणवीर ने इस मामले पर लोगों से माफी मांगी है। कई सितारों ने इस मामले के लिए रणवीर के खिलाफ कार्रवाई की बात कही तो कई सितारे ऐसे हैं, जिन्होंने कहा है कि रणवीर माफ कर देना चाहिए। हालांकि इस मामले में मुंबई पुलिस जांच कर रही है।

वैलेंटाइन डे पर ऋचा ने दिया फैंस को तोहफा, आखिरी सोमवार में आएंगी नजर; खुद लिखी ये प्रेम कहानी

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने आज वैलेंटाइन डे के खास मौके पर फैंस को प्यार भरा तोहफा दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि वे खुद अपनी ही लिखी लव स्टोरी में अभिनय करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने खुद ये प्रेम कहानी भी लिखी। फिल्म का नाम फिलहाल आखिरी सोमवार रखा गया है।

खुद लिखी फिल्म की कहानी

ऋचा चड्ढा ने बताया कि दूसरे लॉकडाउन के दौरान वे सिर्फ निर्माता बनकर खुश नहीं थीं। उन्होंने इस दौरान एक कहानी भी लिखी। इसी कहानी पर अब वे खुद अभिनय करने को भी तैयार हैं। फिल्म को लेकर अभिनेत्री बेहद उत्साहित हैं।

कुछ ऐसी है कहानी

फिल्म की कहानी एक टीवी रियलिटी शो के निर्माता के बारे में है। इस निर्माता को जब ऑफिस में कोई चाइल्डिस कैट लेडी कह देता है तो वह उससे शादी करने की ठान लेती है। ऋचा ने कहा, मिडिल क्लास पंजाबी परिवार में बड़े होने से मेरा एक्सपीरियंस ऐसा रहा। मेरे सभी बड़े कजिन ने अरेंज मैरिज की है। यह कहानी भी कुछ ऐसी ही है जो एक परिवार के इर्द गिर्द ही घूमती है, यह एक फैमली मूवी है, जो आपके साथ आपके परिवार को भी पसंद आएगी।

युवा सोच को लेकर दी अपनी राय

ऋचा ने कहा, जब हम कॉलेज से पास होते हैं, तो बहुत सारे सपने लेकर बाहर आते हैं। कोई नौकरी में जाता है कोई बिजनेस में। जब आप 30 के होते हैं तो एक नौकरी और परिवार दोनों की आशा रखते हैं, लेकिन समाज को लगता है कि बहुत देर हो चुकी है और आप थक जाते हैं क्योंकि ये सपने अब हासिल नहीं किए जा सकते। आखिरी सोमवार भी एक ऐसी कहानी है जो पहले टूटने और फिर साथ आने की कहानी है।

निर्माता के तौर पर खास है कहानी

ऋचा ने कहा कि एक अभिनेता के रूप में, मेरी कॉमिक टाइमिंग का बहुत कम उपयोग किया गया है। हालांकि, मार्केट के हिसाब से देखें तो यह फिल्म कमाई करने की खास कहानी है। फिल्म का निर्देशन कौन करेगा, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है।

कार्तिक के लिए साउथ से इम्पोर्ट हुई हीरोइन

हिंदी सिनेमा के चोटी के सितारों में गिने जाते रहे अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' के बॉक्स ऑफिस पर सुपर फ्लॉप होने के बाद से हालत खस्ता है। उनके पास ले देकर गिनती की बस दो फिल्में हैं। फिल्म 'भूल भुलैया 3' के सुपरहिट होने के बाद भी उनके पास नई फिल्मों के प्रस्ताव न आने का मामला भी काफी रोचक रहा है। राजश्री प्रोडक्शन्स की फिल्म से बाहर होने के बाद से कार्तिक आर्यन को उनकी नई फिल्मों के लिए हीरोइन मिलने का संकट भी रहा है। अब पता चला है कि उनकी अनुराग बसु के निर्देशन में बन रही फिल्म के लिए साउथ की उस हीरोइन को फाइनल किया गया है जिसने फिल्म 'पुष्पा 2' में आइटम डांस किया है। इस हीरोइन का नाम है श्री लीला। अमेरिका की रहने वाली श्री लीला की एक फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ निर्माणाधीन है। इसके अलावा वह फिल्म 'रॉबिनहुड' भी कर रही हैं। हिंदी सिनेमा में श्री लीला की चर्चा सबसे पहले 'छावा' के निर्माता दिनेश विजन की फिल्म 'दिलेर' की हीरोइन बनने के समय हुई। ये फिल्म सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम की डेब्यू फिल्म होनी थी, लेकिन फिल्म ट्रेड में फिल्म के गर्म न हो पाने पर इब्राहिम का डेब्यू अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही करण जौहर की फिल्म 'नादानियां' से होगा।

श्री लीला का नाम कार्तिक आर्यन की नई हीरोइन के लिए उस फिल्म के लिए भी करीब करीब फाइनल हो चुका है जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं और जिसकी हीरोइन पहले तृप्ति डिमरी थीं। अनुराग की फिल्म की शूटिंग अगले महीने से शुरू होने जा रही है। ये एक म्यूजिकल फिल्म होगी, जिसका संगीत प्रीतम तैयार कर चुके हैं। फिल्म 'भूल भुलैया 3' के समय अपने साथ किए गए व्यवहार को लेकर तृप्ति ने ही कार्तिक के साथ काम करने से मना किया है। हिंदी सिनेमा की स्थापित हीरोइनों में से तमाम दूसरी हीरोइन भी कार्तिक के साथ काम करने की अनिच्छा प्रकट कर चुकी हैं। इसी के चलते धर्मा प्रोडक्शंस के साथ बन रही उनकी अगली फिल्म में अनन्या पांडे को हीरोइन बनाया गया है।

अश्विनी की फिल्म में नजर आएंगी सोनाक्षी सिन्हा

नि ल बटे सन्नाटा, बरेली की बर्फी और पंगा जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाले अश्विनी अय्यर तिवारी ने अपने लिए एक अलग ग्राफ सेट किया है। उन्होंने इमोशनल कहानियों के साथ अपनी एक अलग पहचान बनाई। अब वे एक नए ड्रामा से वापसी करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में वो सोनाक्षी सिन्हा और ज्योतिका को कास्ट करने वाली हैं। सोनाक्षी को हीरामंडी में से शेड वाले कैरेक्टर के लिए काफी तारीफ मिली थी। इस प्रोजेक्ट को कोर्टरूम ड्रामा बताया जा रहा है और इस फिल्म को डिजिटल प्लेटफार्म पर रिलीज किया जाएगा। इसकी शूटिंग अगले महीने मुंबई में शुरू होने वाली है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म पर पिछले दो सालों से काम चल रहा है। शुरुआत में इसे करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी को आफर किया गया था। हालांकि, उनके साथ बात नहीं बनीं जिसकी वजह से फिल्म में देरी हुई। अब सोनाक्षी और ज्योतिका के साथ ये फिल्म बनाई जा रही है। यह सोनाक्षी की पहली लीगल ड्रामा है। फिल्म में सोनाक्षी के अलावा ज्योतिका भी लीड रोल में हैं।

कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह अपनी आगामी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। रकुल ने अब अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है, इसमें मोटिवेशन कोट लिखा है। रकुल ने पोस्ट में लिखा कि हमारा कंफर्ट जोन हमें अच्छा तो लगता है लेकिन ये हमें आगे नहीं बढ़ने देता है।

कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है

अभिनेता रकुल प्रीत सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने मन के विचार साझा किए हैं। उन्होंने पोस्ट किया- आपका कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है। यह बहुत अच्छी जगह है लेकिन यह आपको प्रगति नहीं करने देता। रकुल प्रीत सिंह की पोस्ट को फैंस ने बहुत पसंद किया है। कैप्शन में रकुल ने लिखा कि जो है, सो है।

हिंदी फिल्मों में करना था काम

रकुल प्रीत ने एक इंटरव्यू में कहा था की बचपन से उनका सपना हिंदी फिल्मों में ही करियर बनाना था। उनका साउथ में काम करना एक खूबसूरत इत्तेफाक है। साउथ सिनेमा में अपना परचम लहराने के बाद रकुल ने 2014 में फिल्म यारियां से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया।

इस दिन रिलीज होगी फिल्म

रकुल प्रीत सिंह, अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी फिल्म 21 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को बड़े पर्दे के साथ ओटीटी पर भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। वे इससे पहले पति पत्नी और वो, हैप्पी भाग जाएगी और खेल खेल में जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। रकुल प्रीत सिंह दे दे प्यार दे 2, इंडियन 3 जैसी आगामी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

तब सनम तेरी कसम नहीं चली, मुझे फिल्मों के कॉल्स नहीं आए, समझ नहीं आ रहा था क्या करूं

साउथ इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड में कई फिल्मों में नजर आए जाने-माने एक्टर हर्षवर्धन राणे इन दिनों काफी खुश हैं। उनकी फिल्म सनम तेरी कसम तकरीबन 9 साल बाद री-रिलीज हुई है और बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही है। पिछले दिनों हसीन दिलरुबा, तैश, दंगे जैसी फिल्मों में दिखे। हर्षवर्धन उस वक्त मात्र 16 साल के थे, जब वे एक्टिंग के जुनून में घर से भागे थे। घर से भागने के बाद उन्होंने काफी संघर्ष किया। अपने करियर के मुश्किल दौर के बारे में वे कहते हैं, जब इंडस्ट्री में आपको ब्रेक मिलता है, तो लोग कहते हैं, अब तो तुम हीरो बन जाओगे, तुम्हारे पास फिल्मों की लाइन लग जाएगी। मगर मेरी फिल्म सनम तेरी कसम आई। फिल्म को लेकर मेरे कई बड़े-बड़े ख्वाब थे। फिल्म नहीं चली। मुझे फिल्मों के कोई कॉल्स नहीं आए। वो वक्त बहुत ज्यादा कठिन था, मैं समझ ही नहीं पा रहा था कि उसे कैसे हैंडल करूं।

गाली-गलौज वाला कॉन्टेंट नहीं कर सकता

ओटीटी पर हसीन दिलरुबा और तैश जैसे प्रॉजेक्ट्स में नजर आए हर्षवर्धन अन्य कलाकारों की तरह ओटीटी पर ज्यादा काम नहीं कर रहे हैं। कारण बताते हुए वे कहते हैं, मैं गाली-गलौज वाला कॉन्टेंट नहीं कर सकता। परदे के किरदारों की बात करूं तो मुझे मुझे गालियां देने में मजा नहीं आता। स्क्रीन पर फालतू के अंतरंग सीन करने में मुझे रुचि नहीं है। बहुत ज्यादा खून-खराबा हो रहा है, इन दिनों फिल्मों और ओटीटी पर। अगर कहानी की मांग है, तो बात अलग है, वरना आजकल बिना बात के अब्यूसिव कॉन्टेंट बहुत है। मेरी पिछली फिल्म दंगे को यू सर्टिफिकेट इसीलिए दिया गया था, क्योंकि वो वयस्कों का कॉन्टेंट था। जो कॉन्टेंट मैं अपने पेरेंट्स के साथ नहीं देख पाऊं या फिर परिवार संग न देख सकूं, तो मुझे नहीं करना। तो ज्यादातर मेरी चॉइस वहीं पर अटक जाती। क्योंकि मेरे पास भी उसी तरह के ऑफर आते हैं और मैं हां नहीं कर पाता।

अब फिल्म के पार्ट टू का रास्ता खुलेगा

सनम तेरी कसम अपनी री रिलीज पर अच्छा बिजनेस कर रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने पहले दिन 4 करोड़ से भी ज्यादा का बिजनेस किया है। इस पर हर्ष खुशी जताते हुए कहते हैं, मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि अंततः मेरे निर्माता दीपक मुकुट के चेहरे पर मुस्कराहट आई। भले वो खुशी उन्हें 9 साल बाद मिली हो। एक अरसे से लोग मुझसे पूछा करते थे कि आप पार्ट टू कब लेकर आओगे, तो मैं क्या जवाब देता? अरे भाई पार्ट टू लाना इतना आसान होता है क्या, मगर सीधी-सी बात है कि फिल्म अच्छा करेगी, तो इसके पार्ट 2 का रास्ता खुलेगा। अब जब फिल्म दोबारा रिलीज हुई है, तो फिल्म से जुड़ी कई यादें ताज़ा हो गई हैं।

मावरा ने खुद को अपने किरदार के प्रति समर्पित कर दिया था

आज से तकरीबन 9 साल पहले आई इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे की हीरोइन पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा हुक्कैन थीं। हर्षवर्धन और मावरा की केमेस्ट्री काफी पसंद की गई थी। हर्षवर्धन कहते हैं, मावरा के बारे में मैं इतना ही कहूंगा कि वे बहुत ही मेहनती और ईमानदार अभिनेत्री हैं। उन्होंने किरदार के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित कर दिया था ,उनके साथ काम करके बहुत मजा आया था। हाल ही में उनकी शादी हुई है और मुझे लगता है कि बॉक्स ऑफिस पर जो नंबर्स आ रहे हैं, उससे बेहतर वेडिंग गिफ्ट उनके लिए क्या हो सकती है?

दिलजीत की लाइफ पर बनने जा रही है डॉक्यूमेंट्री

दिलजीत दोसांझ ने न केवल भारतीय, बल्कि विदेशी दर्शकों का भी दिल जीता है। खासकर दिल लुमिनाटी टूर के बाद उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। खबर है कि उनके जीवन पर एक डॉक्यूमेंट्री के लिए अमेरिकी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हुलू से उनकी बातचीत चल रही है। इस सीरीज के जॉरर लोगों को दिलजीत को करीब से जानने का मौका मिलेगा। इस कड़ी में उनके शुरुआती संघर्ष से लेकर दुनियाभर में उनके स्टारडम का कहानी हम सभी के सामने होगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म को पूरा भरोसा है कि दिलजीत की कहानी दुनियाभर के दर्शकों को प्रेरित करेगी, क्योंकि उन्होंने पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री को वैश्विक पहचान दिलाई है। डॉक्यूमेंट्री के जरिए यह भी दिखाया जाएगा कि किस तरह गायक और उनके पंजाबी संगीत ने वैश्विक स्तर पर क्या प्रभाव डाला है। इसकी शूटिंग इसी साल होगी। इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज की शूटिंग इसी साल शुरू होगी।